धनबाद, शुक्रवार 19.04.2024
मूल्य- ₹ 3
वर्ष-30 अंक-58 पृष्ठ- 12
चैत्र शुक्ल पक्ष-11
संवत 2080

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

# बिहार ऑब्जर्वर



# धनबाद संसदीय क्षेत्र के मतदाता विकास का बाट जोह रहा है कब होंगे वायदे पूरे

## देश को सबसे अधिक राजस्व देने वाला संसदीय क्षेत्र का पूर्ण विकास अब तक क्यों नहीं ✪ कोयलांचल के धन से दूसरे संसदीय क्षेत्र में ओवरब्रिज, हवाई अड्डा और एम्स बन रहा है, क्या श्रीराम भरोसे रहेगा धनबाद

**गणेश मिश्रा**

**धनबाद** : धनबाद संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी अनुपमा सिंह की घोषणा होने के बाद राजनीतिक सरगर्मी और बढ़ गई है।

युवा और नौजवान मतदाता २५ मई को धनबाद में होने वाले मतदान करने की तैयारी में लग गए हैं। पढ़े-लिखे डिग्रीधारी लाखों नौजवान मतदाताओं और धनबाद संसदीय क्षेत्र की जनता अब वोट किसे दें और क्यों के विचार-विमर्श में लग गए हैं।









धनबाद के कई लाख मतदाताओं का सवाल है कि सबसे अधिक राजस्व कोयला और स्टील से भारत सरकार को देने के बदले आखिर ४० दशक से धनबाद संसदीय क्षेत्र को क्या मिला। क्या जाम की समस्या की समस्या से मुक्त कराने के लिए पटना, दिल्ली, मुंबई और रांची जैसे ओवरब्रिज और शहर की सड़कें बनाई गई।

इसके जवाब में मतदाता को सिर्फ वादे और आश्वासन मिले। ओवरब्रिज और जाम से मुक्ति नहीं मिली।

देश को कोयला देकर पावर प्लांटों से उजाला देने वाला धनबाद संसदीय क्षेत्र में अंधकार का राज्य रहता है। बिजली की स्थिति खराब है।

धनबाद संसदीय क्षेत्र में डीवीसी मैथन से बिजली आती है जो कि केन्द्र की मोदी सरकार के अधीन है।

देश के पावर प्लांट को कोयला देकर भी धनबाद बिजली के संकट से जूझ रहा है। यहां के उद्योग बंद हो रहे हैं। हवाई अड्डा की मांग कई दशक से चल रहा है। राहुल गांधी भी न्याया यात्रा लेकर धनबाद आए लेकिन धनबाद की समस्याओं पर मुस्कुराते चले गए।

एक मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वरवड्डा मैदान में आए। लोक लुभावने भाषण दिए और सभा में आए श्रोताओं को कहा आप सब लोग गांव घर जाकर सबको मोदी जी ने आपको प्रणाम बोला है। मोदी जी के प्रणाम का नारा सुनकर कई मतदाताओं के कानों में खुशी की तरंग दौड़ गई कि मोदी जी ने प्रणाम किया है।

वहीं कई लाख मतदाताओं ने मोदी जी प्रणाम संदेश सुनाने वालों को कहा कि मोदी जी धनबाद को क्या दिया।

धनबाद से अरबों का राजस्व लेकर दिल्ली, मुंबई, गुजरात का विकास हो रहा है लेकिन जिसकी मां पुआ पकावे उसी का बेटा भूखा। यही हाल धनबाद के २२ लाख मतदाताओं का है।

कोयला, लोहा के अलावा अरबों का टैक्स देकर भी धनबाद संसदीय क्षेत्र से एम्स और हवाई अड्डा, ओवरब्रिज और प्रतिदिन धनबाद से नई दिल्ली, मुंबई के लिए कोई भी ट्रेन नहीं दिया गया है।

जनता हर बार आश्वासन और वायदे के चक्कर में फंसकर अपना वोट मनचाही पार्टी को देकर विजय बनाता है। लेकिन न मोदी जी ने कल्याण किया न राहुल गांधी ने।

# खूंटी के मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने जब्त किए दो एग्जीक्यूटिव इंजीनियर की संपत्ति

### पूजा सिंघल समेत अन्य आरोपी पहले हो चुके हैं गिरफ्तार




**रांची (ससे)**: झारखंड की राजधानी रांची से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां ईडी की टीम ने २ इंजीनियरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. दरअसल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के द्वारा झारखंड के मनरेगा घोटाले में शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी की २२.४७ लाख की अचल संपत्तियों को अस्थाई रूप से जब्त किया है. जानकारी के अनुसार दोनों कार्यकारी अभियंता के पद पर कार्यरत थे. ईडी की तरफ से की गई मनरेगा घोटाले में की गई ये चौथी जब्ती की कार्रवाई है.

बता दें, अब तक इस मामले में ईडी की तरफ कुल १०६.८६ करोड़ रुपये की कुर्की/जब्ती की जा चुकी है. मनरेगा घोटाले से संबंधित ईडी की तरफ से जारी किए गए प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस मामले में अबतक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमे राम बिनोद प्रसाद सिन्हा, निलंबित आईएएस पूजा सिंघल और सीए सुमन कुमार शामिल हैं. जबकि इस मामले में राम बिनोद प्रसाद सिन्हा, पूजा सिंघल, अभिषेक झा, जय किशोर चौधरी, आर के जैन (मृत), शशि प्रकाश और सीए सुमन कुमार के खिलाफ ईडी की विशेष अदालत, रांची के समक्ष तीन अभियोजन शिकायतें पहले ही दायर की जा चुकी हैं, जहां मुकदमा चल रहा है.

खूंटी में मनरेगा के काम में १८ करोड़ रुपये के गबन ▶▶ 4

# 18वीं लोकसभा के पहले चरण के मतदान की तैयारी पूरी, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम

### 102 सीटों पर मतदान आज ✪ कुल 1,625 प्रत्याशी मैदान में, 1,491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार



**नई दिल्ली (ईएमएस)**: २०२४ लोकसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में शुक्रवार को २१ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की १०२ सीटों पर वोटिंग होगी। जिसके लिए चुनाव अधिकारी मतदान केन्द्रों पर पहुंचा दिये गये हैं। पहले चरण में लोकसभा के साथ साथ अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा कुल ९२ सीटों के लिए भी मतदान कराये जाएंगे। चुनाव आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं और उम्रदराज और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। लोक सभा के पहले चरण के चुनाव में १६.६३ करोड़ मतदाता केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल सहित कुल आठ केन्द्रीय मंत्रियों, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक पूर्व राज्यपाल १६०५ प्रत्याशी के चुनावी भविष्य का फैसला करेंगे।

पहले चरण में तमिलनाडु में ३९, उत्तराखंड में ५, अरुणाचल प्रदेश में २, मेघालय में २, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में १, मिजोरम में १, नागालैंड में १, पुडुचेरी १, सिक्किम में १ और लक्षद्वीप में १, राजस्थान में १२, उत्तर प्रदेश में ८, मध्य प्रदेश में ६, असम और महाराष्ट्र में ५-५, बिहार में ४, पश्चिम बंगाल में ३, मणिपुर में २ और त्रिपुरा, जम्मू और कश्मीर और छत्तीसगढ़ में एक-एक सीट पर मतदान होगा। मप्र में पहले चरण की छह लोकसभा सीटें जबलपुर बालाघाट सहित, सीधी, शहडोल, मंडला और छिंदवाड़ा में आदिवासी वोटर तय करते हैं जीत-हार। २०१९ में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने ४०, डीएमके ने २४, कांग्रेस ने १५ सीटें जीती थीं। अन्य को २३ सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के पहले फेज में कुल १,६२५ कैंडिडेट्स मैदान में हैं, जिनमें १,४९१ पुरुष और १३४ महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल ८ प्रतिशत हैं। यह चरण २१ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में १०२ लोकसभा सीटों पर मतदान के लिए हो रहा है, जिसमें ८ केंद्रीय मंत्री, २ पूर्व सीएम, और १ पूर्व राज्यपाल भी ▶▶ 4

# केरल में बर्ड फ्लू फैलने से मचा हड़कंप

### प्रशासन ने लिया घरेलू पक्षियों को मारने का फैसला

**अलाप्पुझा (ईएमएस)**: केरल के अलाप्पुझा जिले में दो स्थानों पर बर्ड फ्लू फैलने की सूचना मिली। जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को ये जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि एडथवा ग्राम पंचायत के वार्ड १ के एक क्षेत्र और चेरुथाना ग्राम पंचायत के वार्ड ३ के एक अन्य क्षेत्र में पाली गई बत्तखों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। बर्ड फ्लू के लक्षण दिखाने वाले बत्तखों के नमूनों को परीक्षण के लिए भोपाल की एक प्रयोगशाला में भेजे जाने के बाद बीमारी की पुष्टि हुई। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने पुष्टि की है कि नमूनों में एवियन इन्फ्लूएंजा की पुष्टि हुई है। ऐसे में भारत सरकार की ▶▶ 4

# राज्य के चार लोस क्षेत्रों में पहले दिन एक भी नामांकन नहीं

### चुनाव आयोग की डमी कैंडिडेट पर रहेगी सख्त नजर, होगी कड़ी कार्रवाई : सीईओ



**रांची (ससे)**: लोकसभा चुनाव के दौरान डमी कैंडिडेट पर चुनाव आयोग की पैनी नजर रहेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि ऐसे कैंडिडेट की पहचान कर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आयोग के संज्ञान में आया है कि डमी कैंडिडेट के नाम पर दूसरे कैंडिडेट चुनावी खर्च मैनेज करते हैं।

**उम्मीदवारों के लिए गाड़ियों का परमिट होगा फूलप्रूफ**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि इस बार चुनाव में उम्मीदवारों के लिए गाड़ियों का परमिट फूलप्रूफ होगा। इसके लिए आयोग ने स्टैंडर्ड फार्मेट बनाया है।

यह सात तरह का होगा। इसका डूप्लीकेट बनाना मुश्किल होगा। इसमें कोर्डिंग और माइक्रो चिप जैसी व्यवस्था होगी। इसे गाड़ी के स्क्रीन पर लगाना अनिवार्य होगा। वहीं गाड़ी बदलने पर परमिट सरेंडर कर नई गाड़ी का परमिट लेना होगा।

लोकसभा के चौथे चरण के चुनाव के लिए झारखंड में चार लोस क्षेत्रों के लिए नामांकन के पहले दिन गुरुवार को एक भी नामांकन नहीं हुआ। पहले फेज में सिंहभूम, लोहरदगा, खूंटी और पलामू लोस क्षेत्र में चुनाव होंगे।

**क्षेत्रफल के हिसाब से खूंटी दूसरा सबसे बड़ा लोस क्षेत्र**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि क्षेत्रफल के हिसाब से खूंटी दूसरा सबसे बड़ा लोस क्षेत्र है। चतरा सबसे बड़े क्षेत्रफल वाला लोस क्षेत्र है।

वहीं पहले फेज के चुनाव में जिन चार लोस क्षेत्रों में मतदान होगा, उसमें लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। प्रेस वार्ता में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा और ओएसडी गीता चौबे भी मौजूद थीं।

# जैक बोर्ड का आज साढ़े ग्यारह बजे मैट्रिक परीक्षा परिणाम जारी होगा




**रांची (ससे)**: झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आज मैट्रिक बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी किया जाएगा। जैक सभागार में दिन के साढ़े ग्यारह बजे परीक्षाफल जारी किया जाएगा झारखंड अधिविध परिषद वार्षिक माध्यमिक परीक्षा परिणाम को छात्र झारखंड एकेडमिक काउंसिल की वेबसाइट jac.jharhand.gov.in/jac पर देख सकेंगे। रिजल्ट चेक करने के लिए उम्मीदवारों को अपना रोल नंबर/रोल कोड दर्ज करना होगा। इसके अलावा एसएमएस के जरिए भी नतीजे चेक किए जा सकते हैं। गौरतलब है कि इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में ४,२१,६७८ छात्र शामिल हुए थे। जैक बोर्ड १०वीं और १२वीं की परीक्षाएं ६ से २६ फरवरी तक आयोजित की गई थीं।

# एंटनी भले ही अपने बेटे को वोट न दें, लेकिन एक पिता के रूप में बेटे को आशीर्वाद जरूर दें : राजनाथ सिंह



**कोट्टायम (ईएमएस)**: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व रक्षा मंत्री ए.के. एंटनी से कहा कि एंटनी भले ही अपने बेटे को वोट न दें, लेकिन एक पिता के रूप में बेटे को आशीर्वाद जरूर दें।

सिंह ने भाजपा उम्मीदवार और एंटनी के बेटे अनिल एंटनी के लिए कंजिरापल्ली में एक चुनावी रैली में ये बात कही। अनिल तीन बार के मौजूदा कांग्रेस सांसद एंटो एंटनी और अनुभवी सीपीएम उम्मीदवार थॉमस इसाक के खिलाफ चुनावी मैदान में हैं।

राजनाथ सिंह ने आगे कहा, मुझे एंटनी से बस इतना कहना है कि भले ही अपने बेटे को उन्हें वोट न दें, लेकिन एक पिता के रूप में बेटे को आशीर्वाद जरूर दें। एंटनी ने जो कहा, उससे मुझे आश्चर्य हुआ। हो सकता है कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी के दबाव में ऐसा कहा हो।

एंटनी ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि अनिल को पथानामथिट्टा में हार जाना चाहिए, कांग्रेस नेताओं के बच्चों का भाजपा में शामिल होना गलत है।

राजनाथ सिंह ने आगे कहा, एंटनी के प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है और मैं उन्हें अपने बड़े भाई के रूप में देखता हूं। मंत्री के रूप में एंटनी एक साफ-सुथरे व्यक्ति थे, जबकि अन्य कांग्रेस नेता ऐसे नहीं हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा, अनिल का भाजपा में उज्ज्वल भविष्य है। उन्होंने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश का चंद्रयान मिशन सफल रहा, लेकिन राहुलयान मिशन दो दशकों बाद भी कहीं नहीं पहुंचा है।

# रिश्वत के आरोपी क्लर्क को 3 वर्ष की सजा




**रांची (ससे)**: सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को रिश्वत लेने के आरोपी रेलीगढ़ा परियोजना कार्यालय (रामगढ़) के यूडीसी क्लर्क रामराज नोनिया को दोषी पाकर तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर २० हजार रुपए का जुर्माना किया गया है। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात ६ अप्रैल को फैसले की निर्धारित की थी। सीबीआई टीम ने ५ मार्च २०२० को पांच हजार रुपए रिश्वत लेते रामराज नोनिया को गिरफ्तार किया था। उन्होंने सीसीएल कर्मी सिंगराई मुंडा से प्रशिक्षण अवधि व इनक्रिमेंट के एरियर बनाने व भुगतान कराने के एवज में रिश्वत मांगी थी। इस मामले में सीबीआई ने सूचक की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी। मामले में सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से ८ गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। जिसके आधार पर अदालत ने यूडीसी क्लर्क को दोषी पाकर सजा सुनाई है।

# गर्मी में और बढ़ोतरी की संभावना, राज्य के दक्षिणी इलाकों में 22 को हो सकती है हल्की बारिश

**रांची (ससे)**: राज्य में गर्मी में और बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। आगामी २१ अप्रैल तक आकाश के साफ रहने और मौसम के शुष्क बने रहने के आसार हैं। २२ अप्रैल को राज्य के दक्षिणी इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है।

२३ अप्रैल से फिर मौसम साफ रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के कई जिलों में हीट वेव की चेतावनी जारी की है। आज से अगले २२ अप्रैल तक राज्य के कोल्हान प्रमंडल अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला जिलों में हीट वेव के हालात बने रह सकते हैं। इसी प्रकार संथाल परगना प्रमंडल के गोड्डा, पाकुड़, दुमका और साहिबगंज जिलों में भी आगामी २२ अप्रैल तक हीट वेव की चेतावनी जारी की गई है। पिछले २४ घंटे के दौरान मौसम आमतौर पर शुष्क रहा सरायकेला में अधिकतम तापमान ४३ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो राज्य में सबसे अधिक रहा। अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान ४० डिग्री सेल्सियस के ऊपर चल रहा है।

# पश्चिम बंगाल में रामनवमी पर हुई झड़प के कारण बड़ी सभाओं पर लगा प्रतिबंध

### मुर्शिदाबाद में धारा 144 लागू

**कोलकाता (ईएमएस)**: पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में रामनवमी जुलूस निकालने के दौरान झड़पें हुईं, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना शक्तिपुर इलाके में उस समय हुई जब एक समूह रामनवमी जुलूस का नेतृत्व कर रहा था। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा और आंसू गैस के गोले दागने पड़े। इलाके में धारा १४४ लगा दी गई है। वीडियो में लोग अपनी छतों से जुलूस पर पथराव करते दिख रहे हैं। पुलिस ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और क्षेत्र में अतिरिक्त बल भेजा गया है।

बहरामपुर के सांसद और कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि मैं मालदा से झड़प में घायल हुए लोगों को देखने गया था। लेकिन वहां बीजेपी कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि हिंदुओं पर हमला हो रहा है। रंजन ने कहा कि वह मुझसे जवाब मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि विरोध करने वालों को उन लोगों से पूछना चाहिए जिन्हें जवाब देने की जरूरत है।

कांग्रेस नेता चौधरी ने कहा कि दंगे एक सोची समझी साजिश के तहत भड़काए जा रहे हैं और बीजेपी का विरोध यह साबित करता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग से बात की है। शक्तिपुर में अतिरिक्त बल भेजे गए हैं और एसपी मौके पर मौजूद हैं। यह घटना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा मुर्शिदाबाद में रामनवमी पर दंगे भड़कने की चेतावनी के कुछ दिनों बाद हुई है। उनकी टिप्पणी चुनाव आयोग द्वारा जिले में हिंसा और अधिकारी की कथित पर्यवेक्षण की कमी को लेकर मुर्शिदाबाद के पुलिस उप महानिरीक्षक ▶▶ 4

# बीएसएफ ने ड्रोन मार गिराया नशीले पदार्थों की खेप जब्त

**जोधपुर (ईएमएस)**: सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अनूपगढ़ में एक ड्रोन को मार गिराया और नशीले पदार्थों की खेप जब्त की। इससे एक सप्ताह पहले भी सीमा पर मादक पदार्थ लेकर आए एक ड्रोन को मार गिराया गया था।

बीएसएफ और पुलिस ने २.६ किलोग्राम हेरोइन से भरे तीन पैकेट जब्त किए, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत १३ करोड़ रुपये है। पुलिस ने बताया कि नेमीचंद चौकी के पास तीन पैकेटों से २.६ किलोग्राम हेरोइन जब्त की। यह स्थान भारतीय सीमा के १,६०० मीटर अंदर पड़ता है, जहां बीएसएफ जवानों ने एक ड्रोन को मार गिराया। बीएसएफ की १४०वीं बटालियन के कंपनी कमांडर अखिलेश कुमार ने बताया कि रात करीब १० बजे अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास गश्त कर रहे बीएसएफ के जवानों ने ड्रोन की आवाज सुनी। ▶▶ 4

# ईवीएम-वीवीपैट वेरिफिकेशन पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित

### सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग ने कहा, वोटर्स को वोटिंग पर्ची नहीं दे सकते इसका गलत इस्तेमाल होगा



**नई दिल्ली (ईएमएस)**: इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के वोटों और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल पर्चियों की १०० प्रतिशत क्रॉस-चेकिंग की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने एडीआर समेत अन्य वकीलों और चुनाव आयोग की ५ घंटे दलीलें सुनी। याचिकाकर्ताओं की तरफ से एडवोकेट प्रशांत भूषण, गोपाल शंकरनारायण और संजय हेगड़े पैरवी कर रहे हैं। प्रशांत भूषण एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की तरफ से पेश हुए। वहीं चुनाव आयोग की ओर से एडवोकेट मनिंदर सिंह और केंद्र सरकार की ओर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मौजूद थे।

एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कोर्ट के सामने एक रिपोर्ट पेश की। इसमें आरोप था कि केरल में मॉक पोलिंग के दौरान भाजपा को ज्यादा वोट जा रहे थे। इस पर कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील मनिंदर सिंह से पूछा कि ये कितना सही है। सिंह ने कहा कि ये खबरें झूठी और बेबुनियाद है।

कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि क्या वोटिंग के बाद वोटर्स को वीवीपैट से निकली पर्ची नहीं दी जा सकती है। इस पर चुनाव आयोग ने कहा- वोटर्स को वीवीपैट स्लिप देने में बहुत बड़ा रिस्क है। इससे वोट की गोपनीयता से समझौता होगा और बूथ के बाहर इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल दूसरे लोग कैसे कर सकते हैं, हम नहीं कह सकते। कोर्ट ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए गए कदमों के बारे में चुनाव आयोग के वकील से ईवीएम और वीवीपैट की पूरी प्रक्रिया समझी। साथ ही कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता कायम रहनी चाहिए। शक नहीं होना चाहिए कि ये होना चाहिए था और हुआ नहीं। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

**ईवीएम से छेड़छाड़ संभव नहीं**

सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को ईवीएम-वीवीपैट मामले पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान देश की शीर्ष कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता होनी चाहिए। चुनाव आयोग से सवाल किया गया कि वह स्वतंत्र और निष्पक्ष इलेक्शन करवाने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में विस्तार से बताए। कोर्ट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से डाले गए वोटों का वीवीपैट सिस्टम के जरिए निकलने वाली पर्चियों से मिलान की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। वीवीपैट केस पर सुनवाई कर रहे जज ने चुनाव आयोग अधिकारी से पूछा कि आपके पास कितने वीवीपैट हैं? अधिकारी ने बताया कि हमारे पास १७ लाख वीवीपैट हैं। इस पर जज ने सवाल किया कि ईवीएम और वीवीपैट की संख्या अलग क्यों है? चुनाव आयोग

# एल एण्ड टी कंपनी के गोदाम में लगी आग

**धनबाद (कासं) :** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के पांडुकी में लार्सन एण्ड टूब्रो कंपनी के गोदाम में गुरुवार की दोपहर भीषण आग लग गई। मौके पर कंपनी के कर्मचारियों ने स्थानीय थाना पुलिस एवं अग्निशमन विभाग को सूचना दिया। मौके पर थाना की गश्ती टीम और अग्निशमन विभाग की तीन दमकल वाहनों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

लार्सन एण्ड टूब्रो कंपनी के कर्मचारी भानु प्रकाश मिश्रा ने मीडिया को बताया कि पांडुकी में कंपनी का एक गोदाम संचालित होता हैं। जहां धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में झारखंड सरकार के द्वारा वाटर ट्रीटमेंट से संबंधित कार्य को संचालित करने वाली सभी समान यहां पर स्टोर की जाती है। कंपनी के गार्ड के द्वारा सूचना प्राप्त हुआ। कंपनी के गोदाम में आग लग



गई है। लेकिन आपकी जानकारी प्राप्त हुआ की बाउंड्री की बॉल से बाहर आग लगाई थी। जिसके वजह से उड़कर बाउंड्री के अंदर आ गई और यहां पर रखे सभी सामान लगभग लाखों रुपया का सामान जलकर राख हो गया है।

वही अग्निशमन के पदाधिकारी लक्ष्मण प्रसाद मीडिया को बताया कि बरवाड्डा थाना क्षेत्र के पनडुब्बी में एक कंपनी लार्सन एण्ड टूब्रो के यहां आग लग गई है।

मौके पर पहुंचकर देखा तो आग काफी भयावह रूप धारण कर चुकी थी जबकि कंपनी के कर्मचारी आग बुझाने के लिए प्रयास कर रही थी लेकिन नहीं बूझी जिसके बाद अग्निशमन टीम के द्वारा तीन दमकल वाहन से आग पर काबू पा लिया गया है।

आग के बारे में बताया जाता है कि कंपनी के बाउंड्री बाल के बाहर किसी ने आग लगाई थी। जिसके बाद वह आग कंपनी के गोदाम में उड़कर आ गई। जिसके बाद यहां पर लगे सभी सामान पूरी तरह से आग के आगोश में आ गए। नुकसान की आकलन कंपनी के द्वारा बताया जाएगा क्योंकि क्याक्या जला है। यह तो कंपनी ही द्वारा बता पाएंगे।

## एसके बक्सी का श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**सिंदरी (ससे) :** गुरुवार को सीपीआई(एम) के वरिष्ठ नेता और सीटू से संबद्ध बिहार कोल्यिरी कामगार यूनियन के संस्थापक महासचिव एस के बक्सी की तीसरी स्मरण दिवस पर के डी कॉलोनी सिंदरी में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सर्वप्रथम एक मिनट का मौन रखा गया तथा उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। श्रद्धांजलि सभा में सीटू नेता काली सेन गुप्ता ने कहा कि बक्सी दा मजदूर आंदोलन के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। सिंदरी के आंदोलन में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही है। सीपीआई(एम) के सिंदरी बलियापुर लोकल कमिटी के सचिव विकास कुमार ठाकुर, गौतम प्रसाद, स्वामीनाथ पाठ्य, रानी मिश्रा, राम लायक राम, सुबल चंद्र दास, राज नारायण तिवारी, शिबू राय, आदि ने श्रद्धांजलि देते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# सिंदूर खेला खेलकर महिलाओं ने दी माता को विदाई



**धनबाद (कासं) :** गुरुवार को धनबाद में चैत नवरात्रि विसर्जन के दिन महिलाओं ने माता की विदाई में सिंदूर खेला खेली। जो की एल सी रोड स्थित माता के ९ दिन पूजाअर्चना के बाद विजयादशमी को मां की विदाई के अवसर पर बंगला भाषा भाषी महिलाओं ने अपने सुहाग की सुरक्षा के मद्देनजर सिंदूर लगाकर माता को विदाई दी। जहां लोग माता को विदाई देकर कहा माता का आगमन की खुशी थी मगर विदाई काल में मन दुखित हो रहा है।

## डीआरएम आवास परिसर में लगी आग



**धनबाद (कासं) :** मंडल रेल प्रबंधक के आवास परिसर में गुरुवार की दोपहर आग लग गई। जिसके बाद मौके पर आरपीएफ टीम रेलवे कर्मचारी तथा अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। जबकि आग लगने की सही जानकारी नहीं मिल पाया है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंडल रेल प्रबंधक के आवास प्रवेश द्वार के बगल में झाड़ी में किसी तरह आग लग गई और आग देखते ही देखते पूरी तरह से फैलने लगी।

इसके बाद मौके पर मुस्तैद कर्मचारी ने इसकी सूचना रेलवे कंट्रोल रूम को दिया। मौके पर आरपीएफ टीम और रेलवे कर्मचारी पहुंची। आरपीएफ ने अग्निशमन विभाग को जानकारी दी अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों की संपत्ति खाक



**धनबाद (कासं) :** जिले के पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के उकमा पंचायत अंतर्गत पालोबेड़ा गांव में गुरुवार की सुबह अचानक घर में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग लगने से घर के लोग तो बच गए, लेकिन घर खड़ी टाटा मैजिक वाहन, मोटरसाइकिल वाहन सहित घर के सभी सामान जलकर राख हो गए।

अगलगी की घटना से लाखों रुपए की संपत्ति जलकर खाक हो गई है। जबकि आग बुझाने के दौरान परिवार के एक व्यक्ति झुलस गया। जिसे स्थानीय लोगों ने निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।

घटना को लेकर मीडिया को जानकारी देते हुए मदन भंडारी के पुत्र उत्तम भंडारी ने बताया कि अग्निशमन विभाग को आननफानन में घटना की जानकारी दी गई। जिसके बाद अग्निशमन की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

# उपायुक्त ने बज्रगृहसहडिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**धनबाद (कासं) :** गुरुवार को आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बाजार समिति स्थित चिन्हित बज्रगृहसहडिस्पैच सेंटर में चल रही तैयारी का निरीक्षण किया।



इस दौरान उन्होंने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए विधानसभा वार तैयार नक्शे में बने ले-आउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें वाहनों की पार्किंग/सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दर्शाये गए स्थानों के संबंध में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की।

इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, सिटिंग अरेंजमेंट, डबल लॉक सिस्टम, साफसफाई, अग्नि सुरक्षा, सी एवं डी कैटेगरी सुरक्षित बज्र गृह समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की।

उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफसफाई, पेयजल, शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा बज्रगृहसहडिस्पैच सेंटर में पर्याप्त संख्या में अग्निशमक यंत्र व अग्निशमन के लिए अन्य उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इसके अलावा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। साथ ही बाजार समिति परिसर में खड़े सभी वाहनों को बज्रगृहसहडिस्पैच सेंटर के आस पास से अन्य स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दी।

मौके पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एण्ड ऑर्डर हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर द्विवेदी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला आपदा प्रबंधन प्रबंधक संजय झा, डीएसपी मुख्यालय १ शंकर कामती समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

# असमाजिक तत्वों ने दो घरों में लगाई आग

**जोड़ापोखर (ससे) :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के भूलन बरारी नया धौड़ा में मंगलवार की रात को असामाजिक तत्वों द्वारा दिनेश ठाकुर और जितेंद्र ठाकुर नामक दिहाड़ी गरीब मजदूरों के झोपड़ीनुमा आवास में आग लगा दिया जिससे ठाकुर दंपति बालबाल बच गए। पीड़ितों ने घटना की लिखित शिकायत बुधवार को जोड़ापोखर पुलिस से की है। पीड़ित परिवार अगलगी की घटना से अभी उबर भी नहीं पाए थे कि गुरुवार की अहले सुबह में मुहल्ला के ही रामाश्रय ठाकुर नामक व्यक्ति के भी आवास में असामाजिक तत्वों द्वारा दोबारा आग लगाने की घटना को अंजाम दिया गया। असामाजिक तत्वों की हरकत से क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है तथा जानमाल की सुरक्षा को लेकर सशंकित हैं। जानकारी के अनुसार नया धौड़ा में अधिकतर गरीब तबके के लोग रहते हैं। यहां अधिकांश घर खपड़ैल का है। बीते मंगलवार की रात को मुहल्ले के दिनेश ठाकुर एवं जितेंद्र ठाकुर जब स्वजन के



साथ सो रहे थे तभी असामाजिक तत्वों ने उसके आवासों में आग लगा दिया और दरवाजा खटखटाकर फरार हो गया। घर के लोगों ने घरों में आग लगा देख आननफानन में घर से निकलकर जान बचाई। अगलगी की घटना देख लोगों में अफरातफरी मच गई। लोगों द्वारा शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने मशक्कत कर पानी से आग को बुझाया। मामले को लेकर पीड़ित रामाश्रय ने भी जोड़ापोखर पुलिस से लिखित शिकायत किया है। अगलगी की घटना से मुहल्लेवासी दहशत में हैं। पुलिस अधिकारी हरेराम सिंह ने गुरुवार को घटनास्थल का जांच कर पीड़ितों को असामाजिक तत्त्वों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वालों पर की जाएगी कार्रवाई : डीडीसी

**धनबाद (कासं) :** उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने गुरुवार को पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में प्रीसाइडिंग ऑफीसर को दिए जाने वाले प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी प्रीसाइडिंग ऑफिसर्स आयोग के निर्देशानुसार अच्छे से प्रशिक्षण ग्रहण करें। साथ ही कहा कि बिना कोई ठोस कारण प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले प्रीसाइडिंग ऑफिसर के विरुद्ध द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट, १९५१ के विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान यदि कोई विषय संशय होती है तो



प्रीसाइडिंग ऑफिसर मास्टर ट्रेनर या प्रशिक्षक का नंबर अपने पास रखें और उनसे फोन से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा वे जिला कार्यालय में आकर किसी भी प्रश्न के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

प्रशिक्षण के दौरान सभी को मॉक पोल, मॉक पोल के बाद की प्रक्रिया, मतदान शुरू करने की प्रक्रिया, मतदान संपन्न हो जाने के बाद की प्रक्रिया, एब्सेंटी व शिफ्टेड वोटर, विभिन्न प्रपत्र सहित अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, मास्टर ट्रेनर संजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सिंदरी व निरसा विस के बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**धनबाद (कासं) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव २०२४ को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से आज न्यू टाउन हॉल में सिंदरी एवं निरसा विधानसभा के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, कुल्दीप, कुमार वंदन ने बीएलओ को महिला, पुरुष, सीनियर सिटीजन, पर्सन विद डिसेबिलिटी (पीडब्ल्यूडी), दृष्टिबाधित मतदाता, वोटर इनफॉरमेशन स्लिप, वोटर कार्ड के




अलावा आयोग द्वारा प्रमाणित अन्य १२ दस्तावेज, मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैंप, फर्नीचर, शेड, क्यू मैनेजमेंट (कतार प्रबंधन), उचित संकेत (साइनेज) इत्यादि के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को बताया गया कि हर मतदान केंद्र में महिला, पुरुष एवं दिव्यांग व सीनियर सिटीजन मतदाताओं की लाइन रहेगी। प्रयास करना है कि दिव्यांग एवं सीनियर सिटीजन मतदाता अधिक देर तक लाइन में खड़े नहीं रहे। साथ ही बताया गया कि नॉमिनेशन के अंतिम दिन से मतदान के ५ दिन पहले बीएलओ को स्वयं मतदाताओं के बीच वॉटर इनफॉरमेशन स्लिप बांटनी है। साथ ही बताया गया कि वोटर कार्ड के अलावा पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्र या राज्य सरकार द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र, बैंक या पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी फोटो युक्त पासबुक, पैन कार्ड, नेशनल पापुलेशन रजिस्टर, मनरेगा जॉब कार्ड, हेल्थ कार्ड, फोटो युक्त पेंशन पत्र, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज से मतदाता वोटिंग कर सकते हैं। प्रशिक्षण के अंत में ईवीएम पर मतदान की प्रक्रिया से सभी को रूबरू कराया गया।

## अखण्ड हरिकीर्तन का समापन

**सिंदरी (ससे) :** रामनवमी से आरंभ शहरपुरा मार्केट में सिंदरी चेंबर के सदस्यों के द्वारा हो रहे २४ घंटे का अखंड कीर्तन और अखंड रामायण पाठ का विधिवत समापन गुरुवार को संध्या में हो गया। जिसमें सिंदरी के एसडीपीओ (डीएसपी) भूपेंद्र कुमार राऊत मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के रूप में एफसीआईएल के संपदा अधिकारी श्रीदेव दास अधिकारी और सिंदरी थाना के प्रभारी शैलेश कुमार मुख्य रूप से अपस्थित थे। समापन के बाद भंडारा सह प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव संजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष दिलीप रिटोल्िया, ज्वेलरी एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश सोनी, यजमान उमाशंकर, कृष्णा अग्रवाल, दीपक डे, भरत गोसाई, सुनील भगत, राजू अग्रवाल, रजत, रवि कुमार, हर्षित, जितेंद्र और काफी संख्या में सदस्य भागीदारी निभाई। भजन मंडली ग्रुप उदय व्यास के द्वारा अखंड कीर्तन किया गया। अखंड रामायण पाठ दामोदर दुबे शिव मंदिर शहरपुरा रामायण पाठ के सदस्यों के द्वारा रामायण पाठ किया गया।

# मतदान प्रक्रिया में प्रीसाइडिंग ऑफिसर की भूमिका महत्वपूर्ण : उपायुक्त

**धनबाद (कासं) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गुरुवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में प्रीसाइडिंग ऑफिसर को दी जाने वाली ट्रेनिंग का निरीक्षण किया।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में प्रीसाइडिंग ऑफिसर की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसलिए सभी प्रीसाइडिंग ऑफिसर का आयोग के निर्देशानुसार आचरण अपेक्षित है। उपायुक्त ने कहा कि मतदान के दिन हर मतदान केंद्र में सुबह ७ बजे से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बताई जाने वाली हर छोटी बात का गहराई से अध्ययन कर उसका अक्षरश: पालन करे। आयोग ने त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराने के लिए चरणबद्ध तरीके से प्रक्रिया का पालन करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि हर मतदान केंद्र से वेब कास्टिंग की जाएगी। इसकी सतत् निगरानी की जाएगी। इसलिए अपने दायित्व का सुचारू रूप से निर्वाहन करें।

इस अवसर पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, मास्टर ट्रेनर राजकुमार वर्मा, घनश्याम दुबे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# लोक सभा के कांग्रेस प्रत्याशी का भव्य स्वागत

**धनबाद (कासं) :** धनबाद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का धनबाद आगमन पर धनबाद नगर महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पूनम देवी ने गाजेबाजे के साथ पहुंचकर माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया।



मौके पर महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि राहुल गांधी ने कांग्रेस के सरकार बनते ही हिंदुस्तान की हर गरीब महिला को चाहे वह मजदूरी करें, खेती करें, छोटा नौकरी करें, हर गरीब महिला को साल में एक लाख रुपया देने की घोषणा की है, साथसाथ महिला सशक्तिकरण को सशक्त व मजबूत बनाते हुए महिला की सुनिश्चित भागीदारी देने की बात को उन्होंने धनबाद लोकसभा से कांग्रेस के महिला प्रत्याशी अनुपमा सिंह को टिकट देकर अपने घोषणा को सच साबित किया है और निश्चित रूप से कांग्रेस की सरकार बनते ही देश के हर गरीब महिलाओं को साल में एक लाख रुपया देने का अपना वायदा भी कांग्रेस पार्टी पूरा करेगी। उन्होंने धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी अनुपमा सिंह की सुनिश्चित जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जिस विश्वास के साथ अनुपमा सिंह पर भरोसा जताया है निश्चित रूप से वे अपने दिए गए दायित्व पर खरा उतरेंगी। अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पूरे कोयलांचल सहित धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए कल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारने का प्रयास करेंगीं और क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर उनके अधिकार और हक के लिए आवाज उठाने का काम करेंगी। हमें भरोसा और पूर्ण विश्वास है की धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह पर विश्वास जताएगी और आशीर्वाद देकर उन्हें भारी मतों से जीत दिलाने का काम करेगी।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# वोटिंग पर पेटीएम का सभी विद्यालयों में होगा आयोजन



**बोकारो (ससे):** सूचना भवन स्थित स्वीप कोषांग कार्यालय में गुरुवार को नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर शुक्रवार को होने वाले वोटिंग पर मीटिंग एवं वोटिंग पर पीटीएम कार्यक्रम को लेकर विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मीटिंग की तैयारी पूरी कर ली गई है। वोटिंग पर मीटिंग कार्यक्रम में जहां जेएसएलपीएस की समूह से जुड़ी दीदी शामिल होंगी,वहीं वोटिंग पर पीटीएम कार्यक्रम में विद्यालयों में अध्ययनरत पैरेंट्स - टीचर के बीच मीटिंग होगा। इसके आयोजन को लेकर स्वपी कोषांग के प्रभारी/सहयोगी पदाधिकारियों ने सभी तैयारी पूरी कर ली है।

हमारा उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को आगामी २५ मई को होने वाले मतदान दिवस के प्रति जागरूक करना है, साथ ही छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जुड़वाना है। ताकि चुनाव का पर्व,देश का गर्व में कोई भी अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहें।

सभी मतदान केन्द्रों पर शेड, शुद्ध पेयजल, शौचालय एवं दिव्यांग जनों के लिए रैम्प, ट्राइ साइकिल/वोलेंटियर की व्यवस्था है। वृद्ध जनों के लिए वोलेंटियर्स के साथ टोटो (आटो) की व्यवस्था है। मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए अलग कतार एवं मतदान में प्राथमिकता की सुविधा एवं शहरी मतदान केन्द्रों में शेड, कुर्सी एवं पार्किंग की व्यवस्था होगी।

मतदाताओं की सुविधा हेतु वोटर हेल्प लाइन एप, सी-विजिल एप मतदान से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं के समाधान हेतु हेल्पलाईन नं०-१९५० है। मतदाता पहचान पत्र नहीं होने पर वैकल्पिक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड, बैंक डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, ड्राईविंग लाईसेंस, पेनकार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, राज्य सरकार, केन्द्र सरकार एवं लोक उपकरण पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों के द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र दिखाकर भी मतदान किया जा सकता है।

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन यथा किसी भी धार्मिक स्थल मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा,चर्च इत्यादि एवं बिना गृह स्वामी के स्वीकृति के चुनाव प्रचार सामग्री लगाना/दिवार लेखन पर सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायत कर सकते हैं।

मतदान की तिथि को किसी समूह/व्यक्ति द्वारा मतदाताओं को किसी भी प्रकार का प्रलोभन जैसे शराब या अन्य नसीले पदार्थ, पैसा, उपहार इत्यादि वितरण की सूचना या डराने, धमकाने एवं शस्त्र के प्रदर्शन की सूचना उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को या जिला नियंत्रण कक्ष के मोबाईल नं०-८९८६६६०३३३, ०६५४२-२२३७०५ पर दिया जा सकता है।

मौके पर स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार, प्रभारी पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, प्रभारी पदाधिकारी सह डीईओ जगरनाथ लोहरा, प्रभारी पदाधिकारी सह जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन, प्रभारी पदाधिकारी सह जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, प्रभारी पदाधिकारी सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार,प्रभारी पदाधिकारी सह सहायक नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी, प्रभारी पदाधिकारी सह जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मंजित समेत कोषांग के अन्य पदाधिकारी/कर्मी आदि उपस्थित थे।

# मतदान दिवस पर मेडिकल प्लान को लेकर डीईओ ने की बैठक



**बोकारो (ससे):** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने लोकसभा आम निर्वाचन के तहत मतदान दिवस २५ मई २०२४ को लेकर मेडिकल प्लान को लेकर सभी प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारियों (एमओआइसी) एवं आयुष मित्रों के साथ बैठक की। मौके पर सिविल सर्जन डा. दिनेश कुमार,नोडल पदाधिकारी शालिनी खालखो,प्रभारी पदाधिकारी मीडिया कोषांग अविनाश कुमार समेत अन्य चिकित्सा पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मतदान दिवस को लेकर सभी प्रखंड चिकित्सका प्रभारी पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने को कहा। उन्होंने आगामी २५ मई मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रों पर मेडिकल टीम को सुनिश्चित करने के लिए तैयार मेडिकल प्लान पर चर्चा हुई। गर्मी को देखते हुए जरूरी दवाइयां/ओआरएस आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, स्वास्थ्य संस्थानों को भी अलर्ट मोड में रखने को लेकर सभी जरूरी तैयारी करने को कहा।

उन्होंने सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों/उपलब्ध एंबुलेंस - अस्पताल प्रबंधन एवं एंबुलेंस चालकों आदि का मोबाइल नंबर के साथ अपडेट सूची तैयार कर निर्वाचन कोषांग को समर्पित करने को कहा। वहीं, जरूरी सेवाओं के तहत कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों एवं निर्वाचन दायित्वों को लेकर प्रतिनियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों का फार्म १२/१२डी भरकर अविलंब पोस्टल कोषांग को समर्पित* करने का निर्देश दिया। कहा कि कोई भी कर्मी अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने से वंचित नहीं रहें इसे सुनिश्चित करेंगे।

वहीं,आयुष मित्रों को स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों,कार्यरत कर्मियों वैसे व्यक्ति जिसका किसी भी कारण से मतदाता सूची में अभी भी नाम दर्ज नहीं हो सका है। उन्हें फार्म ०६ भरने को लेकर जागरूक करने को कहा। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ोतरी के लक्ष्य में सभी की भागीदारी जरूरी है।

## 3 वर्षों से राशन उठाव नहीं करने वालों का होगा राशन कार्ड रद्द

**बोकारो (ससे):** गुरुवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो ने कहा कि जिले में ऐसा पाया गया है कि कुछ कार्डधारियों के द्वारा विगत ०३ वर्षों या उससे अधिक समय से खाद्यान्न का उठाव नहीं किया जा रहा है। इससे यह प्रतीत होता है कि वैसे लाभुकों को राशन की आवश्यकता नहीं है। वर्तमान में कई योग्य लाभुक राशन कार्ड हेतु ऑनलाईन आवेदन के पश्चात प्रतीक्षारत हैं, परन्तु रिक्ति के अभाव में राशन कार्ड निर्गत नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में राशन उठाव नहीं करने वाले कार्डधारियो का राशन रदद् करने की कार्रवाई की जानी है। वैसे लाभुक जो विगत तीन वर्षों से राशन का उठाव नहीं कर रहें हैं। उनका राशन कार्ड रदद् करने की कार्रवाई की जाएगी। राशन कार्ड रदद् करने हेतु ऐसे लाभुकों की सूची कार्यालय के सूचना पट्टा एवं जिला के वेबसाइट पर जारी की गई है। सूची में दर्ज सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि वह १५ दिनों (एक पक्ष) के अंदर जिला आपूर्ति कार्यालय, बोकारो में अपनी आपत्ति दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा भविष्य में किसी प्रकार का दावा अमान्य होगा। जिले में ऐसे लाभुकों की संख्या ११२० है।

## 110 शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों का लाइसेंस हुआ रद्द

**बोकारो (ससे):** बार-बार आदेश जारी करने के बाद भी शस्त्र जमा करने में लापरवाही बरतने वाले शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों पर जिला प्रशासन बोकारो ने बड़ी कार्रवाई की है। उपायुक्त सह शस्त्र दंडाधिकारी विजया जाधव ने गुरुवार को ऐसे कुल ११० शस्त्र दंडाधिकारियों के लाइसेंस को रद्द कर दिया है। यह कार्रवाई जिला स्क्रिनिंग कमेटी की अनुशंसा पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त सह शस्त्र दंडाधिकारी ने किया है। इस बाबत सभी संबंधित शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को जिला सामान्य शाखा से अलग - अलग आदेश पत्र जारी किया गया है।

आदेश पत्र में उल्लेख है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ को शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं स्वच्छ बनाने हेतु कार्यालय ज्ञापांक-३७३/ सा०, दिनांक-१६/०३/ २०२४ एवं ज्ञापांक-३९२/ सा०, दिनांक-२७/०३/२०२४ द्वारा बोकारो जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपना शस्त्र संबंधित थाना/पुलिस केन्द्र, बोकारो या शस्त्र दुकान में जमा करने हेतु निदेश दिया गया था। दो बार आदेश के बावजूद भी शस्त्र जमा नहीं किया गया है। वहीं, इस पर कार्रवाई के लिए जिला स्क्रिनिंग कमेटी ने अनुशंसा की है।

# संकटमोचन हनुमान मंदिर में भजन संध्या आयोजित



**बोकारो (ससे):** कला और साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई द्वारा रामनवमी के अवसर पर बुधवार की देर शाम सेक्टर ४ जी मोड़, धर्मस्थान स्थित नवनिर्मित संकटमोचन हनुमान मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्कार भारती, बोकारो जिला अध्यक्ष व गायक अमरजी सिन्हा ने 'श्रीरामचन्द्रकृपालु भजुमन...', 'जग में सुन्दर हैं दो नाम, चाहे कृष्ण कहो या राम...', गायक व संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई के संगीत प्रमुख अरुण पाठक ने 'राम का गुणगान करिए... ', 'तेरा राम जी करेंगे बेड़ा पार...', :हे बजरंगबली हनुमान, हे महावीर करो कल्याण...', मैथिली गीत 'राम लखन सन पाहुन जिनकर सीता सनक जकर बेटी...' व 'पूजा के हेतु शंकर आयल छी हम पुजारी...', गायिका रिया सिन्हा ने 'सजा दो घर को गुलशन सा...', 'तुम उठो सिया श्रृंगार करो, शिव धनुष राम ने तोड़ा है....' व अन्य भजनों की सुमधुर प्रस्तुति से वातावरण में भक्तिरस का संचार कर दिया।

प्रारंभ में कार्यक्रम में कलाकारों का स्वागत करते हुए संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई के मंत्री स्वरूप शेखर पांडेय व सह मंत्री अर्चना चौधरी ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संगीत प्रमुख अरुण पाठक ने कहा कि भगवान श्री राम भारतीय संस्कृति के नायक हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मदिन रामनवमी पर संस्कार भारती द्वारा भजन संध्या का आयोजन प्रशंसनीय है।

आगे भी ऐसे अवसरों पर भजन कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम का संचालन राजेश चौधरी ने किया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से श्रद्धालुओं के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया।भजन संध्या में संस्कार भारती झारखंड प्रदेश इकाई के सह चित्रकला प्रमुख सरोज कुमार मिश्रा, बोकारो जिला इकाई के संरक्षक संदीप तिवारी, मंत्री स्वरूप शेखर पांडेय, सह मंत्री अर्चना चौधरी सहित अनुराग कुमार उर्फ भज्जु, मुन्ना जी, राजेश चौधरी, रीना सिन्हा, सौमित चौधरी आदि उपस्थित थे।

## गोली लगने से युवक की मौत

**गोड्डा (ससे):** गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के डांगापाड़ा गांव में गोली चलने से एक २२ वर्षीय युवक की मौत हो गई । गोली लगने के बाद पुलिस एवं सुरक्षा बल के जवान द्वारा वाहन से उसे सुंदरपहाड़ी अस्पताल लाया गया ।

## चिरेका में वर्ल्ड हेरिटेज डे पर विविध कार्यक्रम आयोजित



**चित्तरंजन (ससे):** शनिवार को चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना ( चिरेका) में वर्ल्ड हेरिटेज डे (विश्व विरासत दिवस) मनाया गया . इस अवसर पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टीटीसी बघवार हॉल में स्कूल के बच्चों के बीच हेरिटेज पर केंद्रित एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस क्विज में हिस्सा लेने वाले विजयी प्रतिभागियों की टीम को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर, रेल नगरी के विभिन्न स्कूलों के बच्चों के समूह ने देशबंधु लोको पार्क का परिभ्रमण किया एवं यहां के हेरिटेज अमृत डिजिटल गैलरी का दर्शन कर इसकी जानकारी प्राप्त की। लोको पार्क में लोकप्रिय फेयरी क्वीन हेरिटेज रेलइंजन पर बच्चों ने यात्रा कर आनंद प्राप्त किया।

## मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

**गुमला (ससे):** गुमला जिला मुख्यालय में गुरुवार को चैती दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ संपन्न हुआ । देवी मंदिर परिसर में श्री चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा संपन्न होने के उपरांत शहर में मां दुर्गा की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराते हुए प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

## कार दुर्घटना में 1 की मौत, 4 घायल

**गढ़वा (ससे):** गढ़वा-शाहपुर मार्ग पर बरांव के पास गुरुवार की सुबह कार दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक गढ़वा शहर के मुख्य पथ निवासी राजू सोनी का पुत्र शिवम कुमार सोनी (२३ वर्ष) बताया गया है। वहीं घायलों में शहर के टंडवा मुहल्ला निवासी श्रेष्ठ केसरी, सुखवाना गांव निवासी अंकुर मौर्य, सहिजना मुहल्ला निवासी अभिजीत पटेल एवं मझिआँव मोड़ निवासी अंकुर अग्रवाल के नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए मेदनीनगर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि शिवम कुमार सोनी रामनवमी के जुलूस में सुबह चार बजे तक गढ़वा में था।

# लोस चुनाव के लिए अधिसूचना जारी, प्रत्याशी 25 तक भर सकेंगे नामांकन



**लोहरदगा (ससे):** लोकसभा आम निर्वाचन, २०२४ को लेकर लोहरदगा में होने वाले निर्वाचन प्रक्रिया की अधिसूचना जारी कर दी गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा एवं पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा द्वारा गुरुवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की जानकारी दी ।

इसके अंतर्गत दिनांक २५ अप्रैल २०२४ तक प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी २६ अप्रैल २०२४ को की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि २९ अप्रैल २०२४ तक होगी। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में मतदान १३ मई २०२४ को होंगे। मतगणना ४ जून २०२४ को होगी।

लोहरदगा जिला में निर्वाचन संबंधित प्रक्रिया के बेहतर आयोजन के लिए कुल १९ कोषांगों का गठन किया गया है जो क्रियाशील हैं। मतदान के लिए पहला रैंडमाइजेशन दिनांक १५ अप्रैल को किया गया जिसके अनुसार कुल ३७५ बैलेट यूनिट, ३७५ कंट्रोल यूनिट और ४१७ वीवीपैट (रिजर्व सम्मिलित) हैं।

कमीशनिंग १ मई से १० मई २०२४ तक की जाएगी। मतदान को लेकर ३० अप्रैल २०२४ से ६ मई २०२४ तक बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची का वितरण किया जाएगा। जिन्होंने घर से मतदान के लिए फॉर्म भरा है उनकी होम वोटिंग फर्स्ट राउंड में २ से ७ मई २०२४ तक जाएगी। सेकेंड राउंड की वोटिंग ९ से १० मई २०२४ तक होगी। पोस्टल बैलेट की वोटिंग ७ से ९ मई २०२४ तक होगी।

उपायुक्त ने बताया कि निर्वाचन के लिए जेनरल ऑब्जर्वर के रूप में केडी कुंजन, (भा०प्र०से०, २००९ बैच), पुलिस ऑब्जर्वर के रूप में मनोज कुमार (भा०पु०से०, २००६ बैच और व्यय प्रेक्षक के रूप में रिजॉय की प्रतिनियुक्ति की गई है। कुल ६८ सेक्टर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। ५ एफएसटी और एस एसटी दल गठित है और क्रियाशील है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा ने कहा कि निर्वाचन के सफल आयोजन हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपलब्ध है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की मांग की गई है। बेहतर कम्युनिकेशन प्लान बनाया गया है।

प्रत्येक बूथ कवर किया गया है। कुछ बूथों में हेलिकॉप्टर से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। सुदूरवर्तीवर्ती बूथों में भी मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न होगा।प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### खूंटी के मनरेगा घोटाला---

को लेकर झारखंड पुलिस द्वारा दर्ज १६ एफआईआर के आधार पर ईडी ने इस मामले की जांच शुरू की थी. इसके साथ ही झारखंड पुलिस द्वारा दायर एक आरोप पत्र से पता चला कि जूनियर इंजीनियर आरबीपी सिन्हा, सहायक इंजीनियर आरके जैन (अब दिवंगत), शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी, दोनों कार्यकारी अभियंता, १८.०६ करोड़ रुपये के गबन में शामिल थे.

इससे पहले, ईडी ने ६ मई, २०२२ को इन इंजीनियरों से संबंधित परिसरों और खूंटी जिले की तत्कालीन डीसी आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से संबंधित ठिकाओं पर छापेमारी की थी. ईडी को इस छापेमारी में सीए सुमन कुमार के बूटी मोड़ स्थित आवास से १९.५८ रुपये की भारी नकदी मिली थी तो इसके साथ ही कई अहम दस्तवेज की भी बरामदगी भी की गई थी.

### 18वीं लोकसभा के पहले चरण---

शामिल हैं और समेत १,६२५ प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। पहले चरण में चिराग पासवान जमुई सीट से, नकुलनाथ छिंदवाड़ा से, के अन्नामलाई कोयंबटूर सीट से, तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन चेन्नई दक्षिण से, कनिमोझी करुणानिधि थूथुकुडी सीट से जितिन प्रसाद पीलीभीत और निसिथ प्रमाणिक कूचबिहार से मैदान में हैं। केंद्रीय सडक़ और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर सीट से हैट्रिक लगाने के प्रयास में हैं। अरुणाचल पश्चिम से केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू चौथी बार जीतने की कोशिश कर रहे हैं। डिब्रूगढ़ से जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, मुजफ्फरनगर से संजीव बालियान, उधमपुर से जितेंद्र सिंह, अलवर से भूपेंद्र यादव, बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल और नीलगिरि से एल मुरुगन मैदान में हैं। -उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्रसिंह रावत हरिद्वार व त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लव देव पश्चिम त्रिपुरा से मैदान में। तमिलनाडु प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई कोयंबटूर से मैदान में हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के बेटे कार्ति शिवगंगा से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव से पहले राज्यपाल पद से इस्तीफा देने वाली तमिलिसाई सुंदरराजन चेन्नई दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी हैं। चुनाव आयोग ने १.८७ लाख मतदान केंद्रों पर १८ लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया है, जहां १६.६३ करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदाताओं में ८.४ करोड़ पुरुष, ८.२३ करोड़ महिलाएं और ११,३७१ तीसरे लिंग के मतदाता शामिल हैं। ३५.६७ लाख मतदाता पहली बात मतदान करेंगे. इसके अलावा २०-२९ वर्ष की आयु वर्ग के ३.५१ करोड़ युवा मतदाता हैं। १८ लाख से अधिक मतदान अधिकारी तैनात, १६.६३ करोड़ से अधिक हैं मतदाता और १. ८७ लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं। ३५.६७ लाख पहली बार वोट देने वाले मतदाता वोट डालने के लिए पंजीकृत हैं। २०-२९ वर्ष आयु वर्ग के ३.५१ करोड़ युवा मतदाता हैं। ८४ विशेष ट्रेनें, ४१ हेलीकॉप्टर और लगभग १ लाख वाहन मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए तैनात किए गए हैं। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से चुनाव कराने के लिए कई निर्णायक कदम उठाए हैं। प्रत्येक मतादन केंद्र पर केंद्रीय बलों की तैनाती की गई है। ५० प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी. सभी मतदान केन्द्रों पर माइक्रो पर्यवेक्षकों की तैनाती के साथ ३६१ पर्यवेक्षक (१२७) सामान्य पर्यवेक्षक, ६७ पुलिस पर्यवेक्षक, १६७ फाइनेंसियल पर्यवेक्षक) तैनात किए गए हैं। ८५ वर्ष से अधिक उम्र के १४.१४ लाख से अधिक पंजीकृत हैं और १३.८९ लाख दिव्यांग वोटर हैं। ८५ वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांग मतदाताओं और मतदान केंद्रों पर आने का निर्णय लेने वालों को पिक एंड ड्रॉप की सुविधा है। पानी, शेड, शौचालय, रैंप, स्वयंसेवक, व्हीलचेयर और बिजली जैसी सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं मौजूद हैं। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बुजुर्गों और विकलांग व्यक्तियों सहित प्रत्येक मतदाता आसानी से अपना वोट डाल सके। १०२ संसदीय क्षेत्रों में स्थानीय थीम के साथ मॉडल मतदान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने १,६१८ उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से १६ प्रतिशत यानी २५२ उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं, ४५० यानी २८ प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। १० ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास ३०० से ५०० रुपए की संपत्ति है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, १० प्रतिशत यानी १६१ कैंडिडेट ऐसे हैं जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। ७ उम्मीदवारों पर हत्या और १९ पर हत्या की कोशिश के मामले हैं। १८ उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से एक पर रेप का मामला भी दर्ज है। वहीं, ३५ कैंडिडेट्स पर हेट स्पीच से जुड़े मामले दर्ज हैं। एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि इलेक्शन के पहले फेज में १६१८ उम्मीदवारों में से ४५० यानी २८ फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। कैंडिडेट्स के पास औसत संपत्ति ४.५१ करोड़ रुपए है। १० उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास ३०० से ५०० रुपए की संपत्ति है। तमिलनाडु की थुथुकूडी सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के. पोनराज ३२० रुपए के साथ सबसे गरीब उम्मीदवार हैं।

### केरल में बर्ड फ्लू फैलने से---

कार्ययोजना के अनुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जहां पक्षी मिले हैं वहां से एक किलोमीटर के दायरे में घरेलू पक्षियों को मारने की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया गया है। अधिकारी ने कहा, एक रैपिड एक्शन फोर्स का गठन किया जाएगा और पशु कल्याण विभाग द्वारा संबंधित तैयारियां जल्द से जल्द पूरी की जाएंगी। जिला प्रशासन ने कहा कि अनावश्यक रूप से घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस बीमारी के इंसानों में फैलने की कोई संभावना नहीं है।

### पश्चिम बंगाल में रामनवमी पर---

को हटाने के बाद आई है। बता दें ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा था आज भी, सिर्फ बीजेपी के निर्देश पर मुर्शिदाबाद के डीआईजी को बदल दिया गया। अब, अगर मुर्शिदाबाद और मालदा में दंगे होते हैं, तो जिम्मेदारी चुनाव आयोग की होगी। बीजेपी दंगे और हिंसा भड़काने के लिए पुलिस अधिकारियों को बदलना चाहती थी। अगर एक भी दंगा होता है, तो ईसीआई जिम्मेदार होगा। इससे पहले बुधवार को ममता बनर्जी ने आरोप लगाया था कि रामनवमी के मौके पर राज्य में दंगे भड़काने की साजिश रची जा रही है। ममता ने एक चुनावी रैली में आरोप लगाया कि वे आज दंगे में शामिल होंगे। दंगा होने की संभावना है और वे दंगा करके और वोट लूटकर चुनाव जीतेंगे। पिछले साल बंगाल में रामनवमी समारोह में भी हिंसा हुई थी, जिससे भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच बड़े पैमाने पर टकराव हुआ था।

# वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया समीक्षा बैठक



**धनबाद (ससे):** लोकसभा आम निर्वाचन के मद्देनज़र धनबाद समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय में वरीय पुलिस अधीक्षक ह्रदीप पी जनार्दनन की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आसन्न चुनाव के बाबत क्रिटिकल और वनरिबल बूथों के निर्धारण को लेकर विशेष दिशानिर्देश दिए गए। एसएसपी ने क्रिटिकल और वर्नरबल बूथों के चिन्हितीकरण कार्य पर गति लाने का निर्देश दिया। उन्होने निर्वाचन आयोग द्वारा बूथों के चिन्हांकन के तय मानको के आधार पर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान एसएसपी ने विगत चुनाव में हिंसा, विवाद या कम मतदान वाले बूथों को चिन्हित कर उन बूथ पर जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने वैसे बूथों के चिन्हांकन कार्यों में सभी संबंधित पदाधिकारीयों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने की बात कही।

इसके अतिरिक्त चुनाव के दौरान केंद्रीय सुरक्षा बलों के आवासन की व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ साथ जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने का निर्देश भी दिया गया। शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ निरंतर अभियान चलाते हुए इंटर स्टेट चेकपोस्ट व डिस्ट्रिक्ट चेकपोस्ट पर पूरी मुस्तैदी से कार्य करने को कहा गया।

समीक्षा बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक ह्रदीप पी जनार्दनन, पुलिस अधीक्षक (नगर) अजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कपील चौधरी समेत जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत जिले के सभी थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी मौजूद थे।

## 3 वर्षों में किए गए कार्य की समीक्षा हुई

**साहिबगंज (ससे):** साहिबगंज उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में आयुष्मान भारत योजना के तहत विगत ३ वर्षों में किए गए सभी कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों से आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रखंड स्तर में योजना से कैसे क्लेम को बढ़ाया जाए एवं ज्यादा से ज्यादा अस्पताल हित के लिए राजस्व बढ़ाया जाए के संदर्भ में विचार विमर्श किए। उपस्थित पदाधिकारियों से विगत ३ वर्षों मे आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत किए गए कार्यों का बारी-बारी से उन्होंने जानकारी प्राप्त की ।

# पीएन कॉलेज में सेमिनार का किया गया आयोजन



**डुमरी (ससे):** पारसनाथ महाविद्यालय के सभागार में गुरूवार को भूगोल विभाग की ओर से झारखंड की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर एवं पर्यटन पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी पर अपने विचार को व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के भूगोल विषय के एच ओ.डी बिनोद कुमार अकेला ने कहा कि झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता व झारखंड में कई ऐसी सांस्कृतिक धरोहर,पर्यटन स्थल जिन्हें संरक्षण की आवश्यकता है क्योंकि पर्यटन के लिहाज से भी यह अहम है।

उन्होंने संगोष्ठी के विषय के कारणों और ध्यान रखने वाली बातों पर विस्तृत रूप से चर्चा एवं परिचर्चा किया। इस दौरान दिव्या रानी, यशवंत कुमार सिन्हा, डॉ. शशिभूषण, रजनी कुमारी, प्रियंका कुमारी, संगीता कुमारी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया। सेमिनार में भूगोल के विद्यार्थियों में खुशबू कुमारी, अजय रविदास, संजू, राखी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सेजल कुमारी आदि ने भी अपने अपने विचार रखें।

## पूर्व विधायक की पौत्री का आकस्मिक निधन

**डुमरी (ससे):** डुमरी विधानसभा क्षेत्र के भूतपूर्व विधायक स्व.मुरली भगत की बड़ी पौत्री सह महेन्द्र जायसवाल की विवाहिता पुत्री अनीता जयसवाल (५२) (पति मधुप कुमार जयसवाल) का निधन १७ अप्रैल को इलाज के दौरान दुर्गापुर मिशन होस्पिटल में हो गया। मृतका की अंतिम संस्कार बनारस में किया गया। क्षेत्र की भाजपा नेत्री बबीता जायसवाल व सामाजिक कार्यकर्ता टींकू उर्फ आशीष जायसवाल की बड़ी बहन अनीता उक्त अस्पताल में इलाजरत थी। मृतका अपने पीछे दो पुत्री क्रमशः स्नेहा जयसवाल व विजेता जयसवाल एवं एक पुत्र बसंत जायसवाल का भरा पुरा परिवार छोड़ गयी है। इधर दुखद घटना पर हिमकियू के डुमरी अनुमंडल अध्यक्ष गंगाधर महतो, कृष्णनंदन मोदी, द्वारिका प्रसाद, बिनोद विश्वकर्मा, जगरनाथ ठाकुर, अजय रजक, महेन्द्र मंडल, बिरेन्द्र सिन्हा, वेदप्रकाश पाठक, दिलीप वर्णवाल, मान सिंह, भीम कुमार, महादेव साव, अर्जुन कुमार आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## अर्जुन मुंडा 23 को नामांकन करेंगे



**खूंटी (ससे):** लोकतंत्र के महापर्व के चौथे चरण के नामांकन की प्रक्रिया से शुरू हो गई है। वही कोल्हान के दो लोकसभा सीट सिंहभूम संसदीय क्षेत्र और खूंटी संसदीय क्षेत्र में चौथे चरण में मतदान होना है और मतदान १३ मई को निर्धारित है। खूंटी के सांसद व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा गुरुवार को अपने लोकसभा क्षेत्र के टेंटोपोसी गांव पहुंचे जहां दुर्गा पूजा में शरीक हो मां से आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान मीडिया से बातचीत में उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होने कहा की १९९४ से इस इलाके में आ रहे हैं । विधायक थे उसके बाद राज्य के मंत्री बने फिर मुख्यमंत्री बने और केंद्रीय मंत्री बने। लेकिन इस गांव से इनका पुराना नाता रहा है । वे २३ अप्रैल को नामांकन करेंगे। इन्होंने अपने कार्यकर्ताओं का नाम लेते हुए कहा कि जनता चाहती है कि हम २३ अप्रैल को नामांकन करें और उसे दिन जनता के साथ भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता भी शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के पहुंचते ही ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया । श्री मुंडा ने पूजा अर्चना कर लोगों को संबोधित किया और सीधा संवाद कर क्षेत्र की जानकारी ली।

## स्वच्छ व पारदर्शी चुनाव के मद्देनजर सभी मूलभूत सुविधाएं बहाल की जा रही हैं : उपायुक्त

**खूंटी (ससे):** खूंटी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने गुरुवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि खूंटी लोकसभा के स्वच्छ व पारदर्शी चुनाव के मद्देनजर सभी मूलभूत सुविधाएं बहाल की जा रही हैं। मतदाताओं और मतदानकर्मियों की सुरक्षा और सुविधा का पूर्ण ध्यान रखा गया है। जिले के सभी आम मतदाताओं को कोई परेशानी न हो इसे लेकर सभी आवश्यक तैयारी कर ली गयी हैं। ईवीएम से मतदान को लेकर लगातार जागरूकता वाहन द्वारा प्रचार प्रसार का कार्य किया जा रहा है।

मतदानकर्मियों को ईवीएम और वीवीपैट संधारण को लेकर प्रशिक्षण दिए गए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची तैयार होने के पश्चात उनके कार्य और उत्तरदायित्वों को लेकर प्रशिक्षण दिए जाएंगे। साथ ही स्वच्छ, पारदर्शी और शांतिपूर्ण आमचुनाव सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक सुरक्षा बलों को बहाल किया गया है। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था बहाल किये जायेंगे। मतदाताओ और मतदान कर्मियों के लिए पेयजल, शौचालय समेत अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

## नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू

**गुमला (ससे):** लोकसभा आम चुनाव २०२४ की अधिसूचना जारी होने के बाद गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने पत्रकारों को बताया कि नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है । जो २५ अप्रैल २०२४ तक चलेगी। कोई भी उम्मीदवार इस बीच प्रतिदिन ११:०० से ३:०० तक अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकते हैं। नाम निर्देशन पत्रों की जांच २६ अप्रैल को की जाएगी। नाम वापसी की तिथि २९ अप्रैल रखी गई है। उसी दिन ३:०० बजे के बाद योग्य उम्मीदवारों को प्रतीक चिन्ह वितरित कर दिया जाएगा। लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के लिए आम चुनाव १३ मई को होगा और ४ जून को मतों की गिनती की जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि चुनाव की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।वहीं पुलिस अधीक्षक गुमला शंभू कुमार सिंह ने कहा कि जिले में नामांकन पत्रों के दाखिल किए जाने को लेकर निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय के आसपास और शहर में व्यवस्था बनी रहे उसकी तैयारी कर ली गई है । उन्होंने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## ट्रांसफार्मर में आग व विस्फोट से मची अफरा-तफरी

**लातेहार (ससे):** लातेहार जिला मुख्यालय के श्री दुर्गा मंदिर के नजदीक इंस्पेक्टर बंगला के सामने स्थित ट्रांसफर में गुरुवार की सुबह अचानक आग लग गयी। आग लगने से ट्रांसफार्मर में विस्फोट होने लगा। यह देख वहां अफरा-तफरी मच गयी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के कनीय अभियंता अंकित कुमार और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के तुरंत बाद बिजली विभाग ने कनेक्शन काटा। फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

# चुनाव प्रशिक्षण में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर होगी प्राथमिकी दर्ज

**लातेहार (ससे):** चुनाव प्रशिक्षण में बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के अनुपस्थित रहने वाले एसबीआइ लातेहार के सहायक अविनाश एक्का पर प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। कार्मिक कोषांक के प्रभारी पदाधिकारी उदय कुमार ने लातेहार थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है।

एसबीआइ लातेहार के सहायक अविनाश एक्का लोकसभा चुनाव २०२४ के लिए प्रथम मतदान पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। १३ अप्रैल को बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में उनका प्रथम चरण का प्रशिक्षण निर्धारित किया गया था। परंतु एसबीआइ लातेहार के सहायक अविनाश एक्का बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के प्रशिक्षण मे अनुपस्थित रहकर जनप्रतिनिधि अधिनियम १९५१ की धारा २६ एवं खझउ की धारा १८७ एवं १८८ का उल्लंघन किया गया है एवं उनका यह कृत्य निर्वाचन कार्य को बाधित करना है। श्री अविनाश एक्का, सहायक, भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार के विरुद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम १९५१ की धारा १३४, खझउ की धारा १८७, १८८ एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। उपायुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि चुनाव कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अगर कोई पदाधिकारी व कर्मी लापरवाही बरतते हुए पाए जाते हैं तो उनपर हर हर हाल में कार्रवाई होगी।

# चुनाव ऐलान होने के बाद से राजद में इस्तीफे की लगी झड़ी

**पटना (एजेंसी):** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में अब २४ घंटे से भी कम का वक्त बचा है. चुनाव जितना नजदीक आ रहा है, दल-बदल का खेल उतना ही तेज होता जा रहा है. पहले चरण के मतदान से ठीक पहले राजद अध्यक्ष लालू यादव को तगड़ा झटका लगा है. बीते दो दिन में राजद के दो दिग्गज नेता लालू यादव का साथ छोड़ चुके हैं. वहीं लोकसभा चुनाव की घोषणा होने से अबतक ये आंकड़ा १० के करीब पहुंच चुका है. राजद छोड़ने वाले नेताओं में वृषिन पटेल, बूलो मंडल, देवेंद्र प्रसाद यादव, अशफाक करीम, सरफराज आलम, हिना शहाब और विनोद यादव बड़े नाम हैं.

वहीं राजद के लिए राहत की बात यह है कि पार्टी छोड़ने वाले नेताओं के बीच ऐसे चेहरों की कमी भी नहीं जो पार्टी में या तो वापसी कर रहे हैं या फिर नए सिरे से अपनी पारी की शुरुआत कर रहे हैं. बीमा भारती, दीपक यादव, अभय कुशवाहा और श्रवण कुशवाहा जैसे नेताओं को राजद में आते ही टिकट भी मिल गया.

सियासी जानकारों का कहना है कि एनडीए के विजय रथ को रोकने के लिए राजद अध्यक्ष लालू यादव ने इस बार बिल्कुल अलग रणनीति अपनाई है. लालू ने जिस चध समीकरण की दम पर १५ वर्षों तक बिहार में शासन किया था, उसे ही इस बार टिकट वितरण में



नजरअंदाज कर दिया है. इससे पार्टी में भगदड़ देखने को मिल रही है. वर्तमान में पार्टी के वरिष्ठ नेता एम-वाई के सीटों में कटौती को लेकर सवाल उठा रहे हैं. ऐसे नेताओं के तर्क हैं कि पार्टी की बदलती नीतियों की वजह से आधार वोट खिसक सकता है. इसी आरोप को आधार बना कई नेता पार्टी को अलविदा भी कह चुके हैं.

राजद छोड़ने वाले ज्यादातर नेताओं ने पार्टी पर सामाजिक न्याय को ताकत देने वाली राजनीति से भटक जाने का आरोप लगाया है. पार्टी छोड़ने वाले मुस्लिम नेताओं का कहना है कि जब जाति सर्वेक्षण के नतीजे सामने आए तो लालू यादव ने 'जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' की बात कही थी. लेकिन आज मुस्लिम समाज को प्रतिनिधित्व देने पर राजद ने बहुत बड़ा धोखा किया है. हालांकि, कुछ वरिष्ठ नेताओं ने यदि पार्टी को अलविदा कहा है तो राजद में नए नेताओं की आमद भी हुई है.

## बसंती दुर्गा पूजा उत्सव का समापन

**सरायकेला-खरसावां (ससे):** सरायकेला गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत टेंटोपोसी में गुरुवार को १० ब्राह्मण बालकों का सामूहिक व्रत उपनयन एवं दशहरा पूजा के साथ बसंती दुर्गा पूजा उत्सव का समापन हुआ। जिसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शिरकत की और मां से सुख शांति एवं समृद्धि की कामना करते आशीर्वाद प्राप्त किया। टेंटोपोसी के बसंती मंदिर में प्रति वर्ष की भांति श्री श्री १०८ श्री बसंती पूजा कमेटी के तत्वावधान में बासंती दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया। रविवार को महा सप्तमी के साथ बासंती दुर्गा पूजा का शुभारंभ हुआ और सोमवार को महा अष्टमी की पूजा का आयोजन किया गया।

जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने आकर मां के दरबार में उपस्थित हुए और पूजा अर्चना कर सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। गुरुवार को विसर्जन पूजा के साथ मां की विदाई दी गई। इस मौके पर यहां प्रतिवर्ष की भांति ब्राह्मण बालकों का उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया है जिसमें १० ब्राह्मण बालकों का पूजा समिति की ओर से निशुल्क उपनयन कराया गया।

## समीक्षात्मक बैठक आयोजित

**साहिबगंज (ससे):** साहिबगंज जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में स्वीप कोषांग के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गई । स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में मतदान को बढ़ाने को लेकर कई जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इनमे रैली नुक्कड़ नाटक,पेंटिंग इत्यादि कार्यक्रम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

## 2 सौ महिलाओं को तलवार देकर किया गया सम्मानित

**हजारीबाग (ससे):** हजारीबाग के इचाक प्रखंड में लगभग २०० से अधिक महिलाओं को तलवार देकर सम्मानित किया गया है। पहली बार महिलाओं को इस तरह सम्मानित किया गया है। रामनवमी के अवसर पर इस वर्ष महिलाओं की सहभागिता हर एक अखाड़ों में दिख रही है। महिलाएं नाचते गाते परंपरागत हथियार से लैस होकर प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मना रही हैं।

आमतौर पर पुरुष परंपरागत हथियार के साथ करतब दिखाते हैं लेकिन इस वर्ष कई जगहों पर महिलाओं ने परंपरागत हथियार चलाने का प्रशिक्षण लिया। इसी बीच ईचाक में महिलाओं को तलवार देकर सम्मानित किया गया है। महिलाएं भी कहती हैं कि यह महिला सशक्तिकरण का नजारा है। महिलाएं भी पुरुष से कम नहीं है। उन्होंने यह भी कहना है कि बेहद खुशी हो रही है कि तलवार देकर सम्मानित किया गया है।

## सिंहभूम संसदीय सीट के लिए अधिसूचना जारी

**चाईबासा (ससे):** सिंहभूम लोकसभा सीट पर निर्वाचन के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी गई।अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित इस सीट पर २५ अप्रैल तक नामांकन किया जा सकेगा। ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने बताया कि सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर दिन के ११ बजे से अपराह्न ३ बजे तक प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र भरकर जमा कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच २६ तारीख को की जाएगी एवं २९ अप्रैल दोपहर बाद ३ बजे तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन चुनाव चिन्हों का आवंटन भी किया जाएगा। १३ मई को प्रातः ७ बजे से शाम के ५ बजे तक मतदान निर्धारित है जबकि देश की अन्य सीटों के साथ इस लोकसभा क्षेत्र की भी मतगणना ४ जून को होगी। नामांकन प्रक्रिया से लेकर मतगणना तक के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है।

## बिना आईडी कार्ड के भी कर सकते हैं मतदान

**पटना (एजेंसी):** देश में लोकसभा चुनाव २०२४ के पहले चरण के १०२ सीटों के लिए १९ अप्रैल को वोट डाले जाने वाले हैं. इसके लिए निर्वाचन आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है. देश के २१ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मतदाता १९ अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले है. बता दें कि लोकसभा के पहले चरण में बिहार के कुल ४ सीटों पर मतदान होने वाले हैं. ऐसे में आज हम आपको एक महत्वपूर्ण जानकारी देने जा रहे हैं. अगर आपका वोटर आईडी कहीं गुम हो गया है या नहीं मिल रहा है तो ऐसे में आपको परेशान होने की जरुरत नहीं है. निर्वाचन आयोग ने ऐसे लोगों के लिए ११ तरह के विकल्प दिए हैं. जिसकी मदद से आप वोट डाल सकते हैं. ये सभी विकल्प निर्वाचन आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध है. अगर इन दस्तावेजों के साथ आप पोलिंग बूथ पर जाते हैं तो वोट देने से आपको कोई रोक नहीं सकता है.

बता दें कि निर्वाचन आयोग द्वारा बताए दिशा-निर्देशों का अगर आप सही से पालन करते हैं तो वोट देने से आपको किसी भी हाल में नहीं रोका जा सकता है. लेकिन, निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अगर आपने पालन नहीं किया तो वोट डालने से आपको वंचित किया जा सकता है. अगर आपके पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है तो कुछ दूसरे दस्तावेजों के साथ आप वोट डाल सकते हैं.चुनाव आयोग के मुताबिक, अगर मतदान केंद्र पर कोई वोटर अपना आईडी कार्ड ले जाना भूल जाता है, तब भी वो चुनाव में भाग ले सकता है. नियमों के अनुसार, वोटर आईडी के अलावा और भी ऐसे दस्तावेज हैं जिनको मतदान केंद्र पर दिखाकर वोट करने की अनुमति मिल जाती है.

# यूपी की 8 लोस सीट पर पहले चरण के चुनाव के लिए मतदान आज

**लखनऊ (ईएमएस):** पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीट पर १९ अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इन सीट पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए मतदाता भी तैयार हैं। पहले चरण में १९ अप्रैल को जिन सीट पर मतदान होना है उनमें राज्य के पश्चिमी क्षेत्र की सहारनपुर, बिजनौर, कैराना, मुजफ्फरनगर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा सीट शामिल हैं।

इन सीट पर चुनाव प्रचार में सभी पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत लगायी। लगभग सभी सीट पर भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। पुलिस महानिदेशक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदेश के नौ जनपदों सहारनपुर, शामली, मेरठ, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत में स्थित आठ लोकसभा क्षेत्रों के ७,६८९ मतदान केंद्रों के १४,८४९ मतदेय स्थलों पर मतदान होना है। प्रथम चरण के आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में १.४३ करोड़ मतदाता हैं, जिनमें ७६.२३ लाख पुरुष, ६७.१४ लाख महिला तथा ८२४ लैंगिक रूप से तृतीय वर्ग के हैं। आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल ८० उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पुलिस महानिदेशक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, प्रथम चरण के मतदान को सकुशल संपन्न कराने हेतु ६०१८ निरीक्षक/उप निरीक्षक, ३५७५० मुख्य आरक्षी/आरक्षी, २४९९२ होमगार्ड, ६० कंपनी पीएसी बल तथा २२० कंपनी अर्ध सैनिक बल की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त ६७६४ ग्राम चौकीदार तथा १५५ पीआरडी जवान भी तैनात किये गये हैं। सभी नौ जनपदों मे ३४८ फ्लाइंग स्क्वायड टीम, ४५९ स्टैटिक सर्विलांस टीम तथा ५५ क्यूआरटी टीम का गठन कर निरंतर चौकसी तथा जांच पड़ताल की जा रही है।

इस चरण के चुनाव में विभिन्न दलों से कुल ८० उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें ७३ पुरुष और सात महिलाएं हैं। मुरादाबाद से १२, कैराना से १४, मुजफ्फरनगर और बिजनौर से ११-११, सहारनपुर और पीलीभीत से १०-१०, नगीना और रामपुर से छह-छह उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, पहले चरण में कुल १.४३ करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे।

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल से और सपा ने कांग्रेस से हाथ मिलाया है। बसपा ने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। इन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं के लिए रोजगार, शिक्षा और विकास प्रमुख मुद्दे हैं। भाजपा ने विकास और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को केंद्र में रखकर अभियान चलाया है, तो वहीं विपक्षी नेताओं ने क्षेत्र में कृषि विधेयक और रोजगार के मुद्दे उठाए हैं।

पहले चरण के चुनाव के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेरठ और पीलीभीत में रैलियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन सीट पर २० से अधिक रैलियों को संबोधित कर चुके हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने भी पहले चरण में चुनाव वाले अनेक लोकसभा क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित किया। कांग्रेस महासचिव और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने इन चुनावों में राज्य में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराते हुए पार्टी उम्मीदवार इमरान मसूद के पक्ष में सहारनपुर में एक रोड शो किया। मसूद विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं।

बसपा अध्यक्ष मायावती और उनके भतीजे आकाश आनंद ने भी अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीलीभीत, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद और नगीना में रैलियों को संबोधित किया। इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में पीलीभीत से जितिन प्रसाद, मुजफ्फरनगर से केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान और नगीना से आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद शामिल हैं। रामपुर में सपा के मुस्लिम चेहरे आजम खान की निर्वाचन क्षेत्र में गैरमौजूदगी दिख रही है। आजम इस समय सीतापुर की जेल में बंद हैं। पहले चरण में जिन आठ सीट पर मतदान हो रहा है, उनमें से २०१९ के चुनाव में भाजपा ने तीन (मुजफ्फरनगर, कैराना और पीलीभीत), सपा ने दो (मुरादाबाद और रामपुर) और बसपा ने तीन (सहारनपुर, नगीना और बिजनौर) सीट पर जीत दर्ज की थी। बाद में हुए उपचुनाव में भाजपा ने रामपुर सीट पर जीत हासिल की थी।

## डिब्बा खोलते ही डॉक्टरों के उड़े होश मची अफरा-तफरी

**कटिहार,(ईएमएस):** बिहार में एक व्यक्ति हाथ में गंदा सा डिब्बा लिए अस्पताल में दाखिल हुआ। वहां माजूद लोगों ने उसकी हालत देखकर उसे नजर अंदाज कर दिया कोई समझ नहीं पा रहा था वैसे धीरे धीरे डाक्टर के रुम की तरफ बढ़ रहा था। वह डॉक्टर के पास पहुंचा और कहा उसे कांप ने काट लिया है और वह इलाज कराने यहां आया है उसके बाद उसने जैसे ही डिब्बा खोल कर दिखाया तो वहां मौजूद डॉक्टरों और नर्सों के होश उड़ गए। सभी दूर भागने लगे।

# उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह (जिला निर्वाचन शाखा, गिरिडीह)

-: आवश्यक सूचना :-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निर्वाची पदाधिकारी की हस्तपुस्तिका 2023 के अध्याय 2 के कंडिका 2.11 के उप कंडिका 2.11.1 में दिये गये निदेश के आलोक में आयोग द्वारा पूर्व अनुमोदित मतदान केन्द्रों के Nomenclature परिवर्तन हेतु जिलान्तर्गत 06(छः) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में से 05 (पॉच) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र यथा 28–धनवार, 29–बगोदर, 30–जमुआ (अ.जा.), 31–गाण्डेय एवं 32–गिरिडीह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुछ मतदान केन्द्रों का नाम में Nomenclature परिवर्तन निम्नवत किया जा रहा है :–

**Nomenclature** परिवर्तन से सम्बन्धित प्रतिवेदन :– भाग–5

| | | | |
|---|---|---|---|
| 24 | 227–उ0 म0 वि0 प्रतापपुर | 227–उ0 उच्च वि0 प्रतापपुर (उर्दू) | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 25 | 230–प्रा0 वि0 फुलजोरी | 230–प्रा0 वि0 फुलजोरी (उर्दू) | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 26 | 235–प्रा0 वि0 गोन्दलीटांड | 235–उ0 म0 वि0 गोन्दलीटांड | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 27 | 237–उ0 प्रा0 वि0 ईरकिया | 237–उ0 प्रा0 वि0 रेसकाबदर | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 28 | 238–उर्दू प्रा0 वि0 गोराडीह | 238–उर्दू प्रा0 वि0 पिपराटोल | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 29 | 239–उ0 म0 वि0 चरघरा | 239–उ0 उच्च वि0 चरघरा | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 30 | 243–उ0 म0 वि0 देवनडीह | 243–प्रा0 वि0 देवनडीह | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 31 | 248–उ0 म0 वि0 पाण्डेयडीह | 248–उ0 म0 वि0 पाण्डेयडीह उर्दू | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 32 | 251–उ0 प्रा0 वि0 कुसुम्भा | 251–उ0 प्रा0 वि0 दुल्हडीह | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 33 | 259–उ0 म0 वि0 चेंगरबाद | 259–प्रा0 वि0 चेंगरबाद | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 34 | 269–प्रा0 वि0 मण्डरो | 269–प्रा0 वि0 मेदनीपुर | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 35 | 271–उर्दू प्रा0 वि0 भलुआ | 271–उ0 प्रा0 वि0 मुस्लिम टोला भलुवा | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 36 | 272–उ0 म0 वि0 महेशपुर | 272–प्रा0 वि0 तिलोबोनी महेशपुर | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 37 | 281–उर्दू प्रा0 वि0 डोकीडीह पू0 भाग | 281–उ0 म0 वि0 डोकीडीह (उर्दू) पू0 भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 38 | 282–उर्दू प्रा0 वि0 डोकीडीह प0 भाग | 282–उ0 म0 वि0 डोकीडीह (उर्दू) प0 भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 39 | 287–उ0 म0 वि0 खोरीमहुआ | 287–प्रा0 वि0 खोरीमहुआ | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 40 | 288–उ0 म0 वि0 मंझिलाडीह | 288–उ0 म0वि0 मंझिलाडीह उर्दू | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 41 | 294–उच्च वि0 अहिल्यापुर उ0 भाग | 294–प्रोजेक्ट उच्च वि0 अहिल्यापुर उ0 भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 42 | 295–उच्च वि0 अहिल्यापुर द0 भाग | 295–प्रोजेक्ट उच्च वि0 अहिल्यापुर द0 भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 43 | 296–प्रा0 वि0 फतेहपुर | 296–उ0 म0 वि0 फतेहपुर | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 44 | 306–प्रा0 वि0 पंदनिया | 306–उ0 म0 वि0 पंदनियां | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 45 | 308–उ0 प्रा0 वि0 नावाडीह | 308–उ0 प्रा0 वि0 नावाडीह (भदवा) | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 46 | 316–उर्दू प्रा0 वि0 पहरदाहा | 316–नव प्रा0 वि0 पहरदाहा | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 47 | 320–प्रा0 वि0 रानीटांड | 320–प्रा0 वि0 कारीटांड (रानीटांड) | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 48 | 340–उ0 म0 वि0 कोरबंधा | 340–उ0 म0 वि0 पेझवारा (कोरबंधा) | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 49 | 346–प्रा0 वि0 पंडरिया | 346–उ0 म0 वि0 पंडरिया | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 50 | 347–प्रा0 वि0 रसनजोरी उ0 भाग | 347–उ0 म0 वि0 रसनजोरी उ0 भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 51 | 348–प्रा0 वि0 रसनजोरी द0 भाग | 348–उ0 म0 वि0 रसनजोरी द0 भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 52 | 358–प्रा0 वि0 गजकुण्डा उ0 भाग | 358–प्रा0 वि0 गजकुण्डा (उर्दू) उ0 भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 53 | 359–प्रा0 वि0 गजकुण्डा द0 भाग | 359–प्रा0 वि0 गजकुण्डा (उर्दू) द0 भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 54 | 363–उ0 म0 वि0 फुलझरिया | 363–अपग्रेड उर्दू म0 वि0 फुलझरिया कन्या | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 55 | 364–प्रा0 वि0 लखनपुर | 364–उ0 म0 वि0 लखनपुर उर्दू | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 56 | 365–उ0 म0 वि0 भण्डारीडीह | 365–प्रा0 वि0 भण्डारीडीह | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 57 | 369–म0 वि0 पुरनीसलैया पूर्व भाग | 369–उ0 उच्च वि0 पुरनीसलैया (उर्दू) पूर्व भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 58 | 370–म0 वि0 पुरनीसलैया प0 भाग | 370–उ0 उच्च वि0 पुरनीसलैया (उर्दू) प0 भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 59 | 371–उ0 म0 वि0 बाघाडीह | 371–राजकीय प्रा0 वि0 बाघाडीह | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 60 | 372–उ0 म0 वि0 करमई | 372–राजकीय उर्दू प्रा0 वि0 करमई | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 61 | 373–उ0 म0 वि0 बमनडीहा | 373–उ0 प्रा0 वि0 बमनडीहा | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |

(5) 32–गिरिडीह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

| कम | आयोग द्वारा अनुमोदित मतदन केन्द्र संख्या एवं नाम | **Nomenclature** परिवर्तन के उपरांत मतदान केन्द्र संख्या एवं नाम | **Nomenclature** परिवर्तन का कारण |
|---|---|---|---|
| 1 | 4–उ0वि0 पचम्बा पु0 भाग | 4–जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय पचम्बा, गिरिडीह पूर्वी भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 2 | 5–हाई स्कुल पचम्बा प0 भाग | 5–जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय पचम्बा, गिरिडीह, पश्चिम भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 3 | 38–सर जे0सी0 बोस बालिका उ0वि0 बरगण्डा उ0 भाग | 38–सर जे0सी0 बोस मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, गिरिडीह उत्तरी भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 4 | 39–सर जे0सी0 बोस बालिका उ0वि0 बरगण्डा द0 भाग | 39–सर जे0सी0 बोस मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, गिरिडीह दक्षिण भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 5 | 74–कैण्डी फलौस स्कूल पूर्वी भाग | 74–गठबंधन मैरेज हॉल पूर्व भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 6 | 75–कैण्डी फलौस स्कूल पश्चिमी भाग | 75–गठबंधन मैरेज हॉल पश्चिम भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 7 | 76–कैण्डी फलौस स्कूल उ0 भाग | 76–गठबंधन मैरेज हॉल उत्तर भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 8 | 129–उ0प्रा0वि0 मोसफडीह | 129–उ0म0वि0 मोसफडीह उत्तर भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 9 | 130–उ0म0वि0 मोसफडीह | 130–उ0म0वि0 मोसफडीह दक्षिण भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 10 | 165–म0वि0मोहनपूर पूर्वी भाग | 165–उ0म0विद्यालय मोहनपूर पूर्वी भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 11 | 194–उ0म0वि0 माथाडीह हिन्दी | 194–उ0म0वि0 माथाडीह उर्दू | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 12 | 268–प्रोजेक्ट बालिका उ0वि0 पीरटांड | 268– +2 प्रोजेक्ट बालिका उ0वि0 पीरटांड | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 13 | 277–उ0म0वि0 मंगरतिलैया | 277–प्रा0वि0 मंगरतिलैया | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 14 | 285–उ0वि0 कुम्हरलालो पुर्वी भाग | 285– +2 उ0वि0 कुम्हरलालो पुर्वी भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 15 | 286–उ0वि0 कुम्हरलालो प0 भाग | 286– +2 उ0वि0 कुम्हरलालो पश्चिमी भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 16 | 290–उ0म0वि0 दिवानडीह | 290– प्रा0वि0 दिवानडीह | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 17 | 291–उ0म0 करपरदारडीह उत्तरी भाग | 291–प्रा0वि0 करपरदारडीह उत्तरी भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 18 | 292–उ0म0 करपरदारडीह दक्षिण भाग | 292–प्रा0वि0 करपरदारडीह दक्षिण भाग | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 19 | 316–उ0वि0 बरियारपुर | 316–उ0म0वि0 बरियारपुर | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 20 | 341–उ0म0वि0 घाटाडीह | 341–प्रा0वि0 घाटाडीह | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |
| 21 | 348–उ0म0वि0 बरवाडीह | 348–प्रा0वि0 बरवाडीह | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन होने के कारण |

PR.NO.323889 Election(24-25):D

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, गिरिडीह।

# पहले चरण का मतदान आज, कहां हैं राहुल गांधी

पटना (एजेंसी): लोकसभा चुनाव २०२४ के पहले चरण में बिहार की ४ सीटों पर १९ अप्रैल को मतदान होगा. बिहार की जिन सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग होगी, उनमें गया, जमुई, नवादा और औरंगाबाद शामिल हैं. पहले चरण का चुनाव प्रचार बुधवार (१७ अप्रैल) की शाम को समाप्त हो चुका है, लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी अभी तक एक बार भी बिहार नहीं पहुंचे हैं. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी अभी तक बिहार नहीं पहुंचे हैं. इतना ही नहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह भी चुनावी प्रचार में कही नहीं दिखाई दे रहे हैं. जबकि पीएम मोदी तीन बार बिहार जा चुके हैं और ४ रैलियों को संबोधित कर चुके हैं. पीएम मोदी के अलावा, अमित शाह, राजनाथ सिंह और सीएम योगी भी बिहार में एक-एक जनसभा को संबोधित कर चुके हैं. महागठबंधन में चुनाव प्रचार की कमान पूरी तरह से तेजस्वी यादव के हाथों में है. तेजस्वी के साथ वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी अपनी पूरी ताकत झोंकने में लगे हैं.



कांग्रेस सूत्रों के अनुसार वे २० अप्रैल को बिहार आएंगे. लोकसभा चुनाव में यह राहुल का पहला बिहार दौरा होगा. २६ अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव में ५ सीटों पर लड़ाई है. इसमें तीन सीटों पर कांग्रेस उम्मदीवार चुनाव मैदान में हैं. वहीं पूर्णिया की सीट पर पप्पू यादव ने निर्दलीय ताल ठोका है, जो पहले ही अपने दल का विलय कांग्रेस में कर चुके हैं. ऐसे में राहुल का बिहार दौरा सीमांचल के ५ में से ४ सीटों पर कांग्रेस के लिटमस टेस्ट की तरह है. वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन कल यानी शुक्रवार (१९ अप्रैल) को बिहार के किशनगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करने वाले हैं. उसी दिन वे कटिहार में भी जनसभा को संबोधित करेंगे.

बता दें कि किशनगंज में कांग्रेस ने इस बार भी मोहम्मद जावेद पर दांव खेला है. पिछले चुनाव में वह महागठबंधन के एकमात्र प्रत्याशी थे, जिन्होंने जीत हासिल की थी. कटिहार के मैदान को कांग्रेस ने एक बार फिर अपने दिग्गज तारिक अनवर को उतारा है. पिछली बार वे जदयू के दुलाल चंद गोस्वामी से मात खा गए थे. इस बार भी दुलाल चंद गोस्वामी से ही मुकाबला है. भागलपुर में कांग्रेस अपने लिए लंबे अंतराल के बाद संभावना देख रही. इस बार पार्टी ने भागलपुर के नगर विधायक अजीत शर्मा को टिकट दिया है.

## कार्यालय विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, धनबाद

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 01/2024–25 (लोकसभा आम चुनाव 2024 से संबंधित)

लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर धनबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बज्रगृह, वितरण कोशांग से संबंधित कार्यो के लिए अस्थायी विद्युतीकरण कार्य हेतु चुनाव कार्यो के अनुभवी, विभाग में निबंधित, विद्युत अनुज्ञापत्रधारी संवेदक से मुहरबंद लिफाफे में निम्नाकिंत तिथि एवं शर्त के साथ निविदा आमंत्रित किया जाता है।

1. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि – 23.04.2024 12.00 बजे अपराहन तक।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – विद्युत कार्य अंचल, राँची एवं विद्युत कार्य प्रमण्डल, धनबाद।
3. निविदा प्राप्ति का समय एवं तिथि – 24.04.2024, 01.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने का समय एवं तिथि – विद्युत कार्य प्रमण्डल, धनबाद, दिनांक 24.04.2024 को 2.00 बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र का मूल्य – नियमानुसार (250.00/500.00/750.00/1250.00 इत्यादि) होगा।
6. अग्रधन राशि – प्राक्कलित राशि का दो (2) प्रतिशत।
7. निविदादाता को कम से कम एक चुनाव/उपचुनाव में अस्थायी विद्युतीकरण का कार्य का संतोशजनक सम्पादन प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।
8. परिमाण विपत्र की राशि जो बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेंक के रूप में विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, धनबाद के पदनाम से देय एवं भारतीय स्टेट बैंक, हीरापुर शाखा, धनबाद में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र की राशि लौटायी नहीं जाएगी। नगद राशि स्वीकार्य नहीं होगी।
9. निविदा आमंत्रण में सिर्फ वैसे ही फर्म भाग ले सकते है, जिनके पास अद्यतन, विभागीय निबंधन (उचित वर्ग), प्रमाण–पत्र, विद्युत संवेदक लाइसेंस के साथ पर्यवेक्षक एवं तारकर्मी उचित वर्ग के हो तथा जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र एवं समान कार्य का अनुभव प्राप्त हो।
10. अग्रधन राशि डाक विभाग के द्वारा निर्गत सावधि जमा पासबुक/राश्ट्रीय बचत पत्र जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से प्लेजड हो, स्वीकार्य होगी।
11. निविदाधारक को परिमाण विपत्र खरीदने के समय अद्यतन, विद्युत लाइसेंस, चरित्र प्रमाण पत्र, पैन कार्ड एवं जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण पत्र अद्यतन विभागीय निबंधन (उचित वर्ग) एवं समान प्रकृति कार्य का अनुभव (अस्थायी विद्युतीकरण कार्य) का स्वतः अभिप्रमाणित प्रति देना आवश्यक होगा।
12. सक्षम प्रदाधिकारी द्वारा परिमाण विपत्र के अनुमोदन के आधार पर कार्य की प्राक्कलित राशि घट–बढ सकती है., तदानुसार अग्रधन राशि भी घट–बढ सकती है।
13. निधि प्राप्ति के उपरांत ही भुगतान की जाएगी एवं अग्रिम भुगतान नहीं की जाएगी।
14. सफल निविदाधारक को एकरारनामा के समय 3% की दर से अग्रिम जमानत की राशि के साथ सावधि जमा पासबुक/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।
15. अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताए निविदा को स्थगित/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
16. परिमाण विपत्र में दर्शाये गये अन्य नियम एवं शर्ते निविदा का ही भाग समझा जाए।
17. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना, निविदाधारक द्वारा अधोहस्ताक्षरी एवं विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल, राँची के कार्यालय में कार्यदिवस एवं कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमण्डल, धनबाद।

PR.NO.323878 Energy(24-25):D

## कार्यालय : अभ्यर्थी व्यय लेखा कोषांग -सह- जिला कोषागार, गिरिडीह

लोकसभा आम चुनाव 2024 एवं 31–गाण्डेय उप चुनाव–2024 हेतु अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार में प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों का मानक दर

| कम संख्या | सामग्री का नाम भाग (क) | न्यूनतम दर |
|---|---|---|
| 1 | ध्वनि विस्तारक यंत्र एम्प्लीफायर एवं माइकोफोन के साथ | 400रु. प्रति सेट प्रतिदिन |
| 2 | शमियाना | 2.50 रु. प्रति वर्ग फीट प्रतिदिन |
| 3 | पंडाल/रोलेक्स पंडाल निर्माण | 1.80 रु. प्रति वर्ग फीट प्रतिदिन |
| 4 | पंडाल वाटर प्रूफ | 6.50 रु. प्रति वर्ग फीट प्रतिदिन |
| 5 | प्लास्टिक कुर्सी | 5.00 रु. प्रतिदिन |
| 6 | कुर्सी कभर सहित | 8.00 रु. प्रतिदिन |
| 7 | कुर्सी वी0आई0पी0 | 15.00 रु. प्रतिदिन |
| 8 | सोफा सेट | 125 रु. प्रतिदिन |
| 9 | दरी (7'x10') | 25.00 रु. प्रतिदिन |
| 10 | स्टेज (मंच) (5 फीट तक फलोर के साथ) | 12.00 रु. प्रति वर्ग फीट प्रतिदिन |
| 11 | स्टेज (मंच) (8 फीट तक फलोर के साथ) | 14.00 रु. प्रति वर्ग फीट प्रतिदिन |
| 12 | साइड गेट/साधारण गेट | 8.00 रु. प्रतिदिन/वर्ग फीट (रनिंग) |
| 13 | बांस का घेरा | 5.00 रु. प्रतिदिन/वर्ग फीट (रनिंग) |
| 14 | रस्सी का घेरा | 4.50 रु. प्रतिदिन/वर्ग फीट (रनिंग) |
| 15 | चौकी | 32.00 रु. प्रतिदिन |
| 16 | गद्दा | 7.00 रु. प्रतिदिन |
| 17 | फोल्डिंग खाट | 25.00 रु. प्रतिदिन |
| 18 | टेबुल | 12.00 रु. प्रतिदिन |
| 19 | टेबुल क्लौथ | 6.00 रु. प्रतिदिन |
| 20 | तिरपाल | 1.50 रु. प्रति वर्ग फीट प्रतिदिन |
| 21 | Cloth Banner (2mts) | 130.00 रु. प्रति बैनर |
| 22 | Cloth Flag (2mts) | 110.00 रु. प्रति बैनर |
| 23 | Cloth Flag (small) | 22.00 रु. प्रति पीस |
| 24 | Plastic Flex Banner | 10.00 रु. प्रति वर्ग फीट |
| 25 | Hand Bill 8"x11" | 320.00 रु. प्रति हजार |
| 26 | Hand Bill 6"x9" | 320.00 रु. प्रति हजार |
| 27 | Flex Banner | 10.00 रु. प्रति वर्ग फीट |
| 28 | Star Flex Banner | 17.00 रु. प्रति वर्ग फीट |
| 29 | Cut Out Wooden | |
| 30 | Cut Out (Cloth/Plastic) | 80.00 रु. प्रति वर्ग फीट |
| 31 | Flex Board with Iron Framing | 36.00 रु. प्रति वर्ग फीट |
| 32 | Hoarding | 12.00 रु. प्रति वर्ग फीट |
| 33 | **Poster 18"x22"** | |
| | (A) Single Colour | 1800.00 रु. प्रति 1000 पीस |
| | (B) Multi Color | 6000.00 रु. प्रति 1000 पीस |
| 34 | **Poster 11"x22"** | |
| | (A) Single Colour | 1300.00 रु. प्रति 1000 पीस |
| | (B) Multi Color | 2300.00 रु. प्रति 1000 पीस |
| 35 | **Poster 9"x11"** | |
| | (A) Single Colour | 750.00 रु. प्रति 1000 पीस |
| | (B) Multi Color | 2300.00 रु. प्रति 1000 पीस |
| 36 | Hiring Charges of Helicopter/Aircraft/Boats | |
| 37 | वीडियो कैसेट CD | 65.00 रु. प्रति पीस |
| 38 | ऑडियो कैसेट CD | 65.00 रु. प्रति पीस |
| 39 | टेलीविजन/प्रोजेक्टर का किराया | 2950.00 रु. प्रति यूनिट प्रतिदिन |
| 40 | जेनेरेटर का किराया | 500.00 रु. प्रतिदिन |
| 41 | मकान किराया | 600.00 से 1200.00 प्रतिदिन |
| 42 | होटल/गैस्ट हाउस का किराया | 1000.00 से 2500.00 प्रतिदिन |
| 43 | चाय | 5.00 रु. प्रति कप |
| 44 | समोसा | 7.00 रु. प्रति पीस |
| 45 | पूड़ी सब्जी | 30.00 रु. प्रति पैकेट |
| 46 | नास्ता | 35.00 रु. प्रति पैकेट |
| 47 | बिस्किट पैकेट | 5.00 रु. से 10.00 रु. प्रति पैकट |
| 48 | खाना | 60.00 रु. प्रति प्लेट (भेज) |
| 49 | मिठाई | 10.00 रु. प्रति पीस |
| 50 | फूल/माला | 20.00 से 25.00 प्रतिदिन |
| 51 | वाहन चालक का मजदूरी वेतन | 500.00 रु. (8 घंटे प्रतिदिन) |
| | **वाहन भाड़ा प्रतिदिन ईंधन छोड़कर भाग (ख)** | |
| | **1. यात्री बस** | |
| 1 | बस (49 सीठ बैठान क्षमता या अधिक) | 3530.00 |
| 2 | बस (33 से 48 सीठ बैठान क्षमता) | 2980.00 |
| 3 | बस (23 से 32 सीट बैइान क्षमता) | 2520.00 |
| 4 | मीनी बस (14 से 22 सीट बैठान क्षमता) | 1800.00 |
| 5 | कम सीठ वाले मीनी बस के लिए (8 से 13 सीट तक) | 800.00 से 1400.00 |
| | **2. मालवाहक ट्रक** | |
| 1 | 7500 किलाग्राम तक | 1650.00 |
| 2 | 7500–12000 किलोग्राम तक | 2480.00 |
| 3 | 12000 किलोग्राम से अधिक | 2740.00 |
| | **3. हल्के एवं अन्य मोटरयान** | |
| 1 | ट्रेक्टर–ट्रॉली सहित | 1220.00 |
| 2 | जीप | 1100.00 |
| 3 | टाटा सुमो, कमांडर | 1470.00 |
| 4 | बोलेरो | 1470.00 |
| | **4. कार एवं अन्य वाहन** | |
| 1 | ईंडिका/सेन्ट्रो (वातानुकूलित) | 1220.00 |
| 2 | ईंडिका/सेन्ट्रो (वातानुकूलित रहित) | 1040.00 |
| 3 | एम्बेसडर डीजल (वातानुकूलित) | 1220.00 |
| 4 | एम्बेसडर डीजल (वातानुकूलित रहित) | 1040.00 |
| 5 | ओपल/सिएलो/लान्सर/नेकिया (वातानुकूलित) | 1470.00 |
| 6 | ओपल/सिएलो/लान्सर/नेकिया (वातानुकूलित रहित) | 1280.00 |
| 7 | मारुति 800/मारुति वैन (वातानुकूलित) | 1100.00 |
| 8 | मारुति 800/मारुति वैन (वातानुकूलित रहित) | 920.00 |
| 9 | स्टीम/स्वीफ्ट डिजायर/विस्टा (वातानुकूलित) | 1520.00 |
| 10 | स्टीम/स्वीफ्ट डिजायर/विस्टा (वातानुकूलित रहित) | 1340.00 |
| 11 | जेन (वातानुकूलित) | 1340.00 |
| 12 | जेन (वातानुकूलित रहित) | 1170.00 |
| 13 | अल्टो/मटिज/ईंडिका/विंगर/फोर्ड (वातानुकूलित) | 1340.00 |
| 14 | अल्टो/मटिज/ईंडिका/विंगर/फोर्ड (वातानुकूलित रहित) | 1170.00 |
| 15 | एसेंट/सियाना/जार्ललो (वातानुकूलित) | 1470.00 |
| 16 | एसेंट/सियाना/जार्ललो (वातानुकूलित) | 1280.00 |
| 17 | स्कार्पियो/टाटासफारी/तवेरा/शेवरलेट/वीट/वेरना | 1470.00 |
| 18 | स्वीफ्ट/इंडिगो (वातानुकूलित) | 1340.00 |
| 19 | स्वीफ्ट/इंडिगो (वातानुकूलित रहित) | 1220.00 |
| 20 | इनोवा (वातानुकूलित) | 1520.00 |
| 21 | इनोवा (वातानुकूलित रहित) | 1340.00 |
| 22 | ऑटो रिक्सा/टेम्पो/मिनीडोर/बजाज/अतुल/महिन्द्रा (यात्री/माल वाहन) | 620.00 |
| 23 | मोटर साईकिल/स्कूटर (सभी प्रकार के) | 250.00 |
| 24 | साईकिल | 50.00 |

नोट :– भाग (ख) वाहन/मोटरगाडियों के लिए Rate Chart परिवहन विभाग, झारखण्ड रॉची के अधिसूचना संख्या 390 दिनांक 07.03.2024 से लिया गया है।

प्रभारी पदाधिकारी, अभ्यर्थी व्यय लेखा कोषांग, गिरिडीह
–सह– कोषागार पदाधिकारी, गिरिडीह

PR 323908 Giridih (24-25)_D

## चिराग की मां को गाली देने के वीडियो ने पकड़ा तूल : सम्राट चौधरी



पटना (एजेंसी): बिहार के जमुई लोकसभा क्षेत्र में राजद नेता तेजस्वी यादव की सभा में राजद कार्यकर्ताओं द्वारा लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान के परिजनों को गाली देने की घटना को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने पीड़ादायक बताते हुए भरोसा दिया है कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी.

पटना में गुरुवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए बिहार के उप मुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि देश के दलितों के मसीहा स्वर्गीय रामविलास पासवान की पत्नी और चिराग पासवान की माताजी को जिस तरह गाली-गलौच राजद द्वारा किया जा रहा है, वह अशोभनीय और पीड़ादायक है. ऐसे लोगों पर जरूर कार्रवाई होगी.

उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि ऐसे लोगों पर चुन-चुनकर कर कार्रवाई की जाएगी. ऐसे गाली देने वाले लोग नहीं बचेंगे. उल्लेखनीय है कि बुधवार को जमुई में राजद के नेता तेजस्वी यादव की चुनावी सभा में राजद कार्यकर्ताओं द्वारा लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान और उनके परिवारों को गाली दिए जाने का एक वीडियो वायरल हुआ.

वायरल वीडियो को लेकर लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने भी कहा कि तेजस्वी यादव के व्यवहार से दुखी हूं. उन्होंने तेजस्वी को छोटा भाई बताते हुए कहा कि उस मंच पर मेरे छोटे भाई तेजस्वी यादव खड़े थे. तेजस्वी से मेरा रिश्ता काफी पुराना है. हम दोनों अलग-अलग राजनीतिक खेमे में हैं, लेकिन इस कारण हमलोग एक-दूसरे के परिवार को गाली तो नहीं देंगे न.

चिराग पासवान ने कहा कि हमारे छोटे भाई तेजस्वी यादव के जनसभा में जिस तरह मेरी मां को गाली दी गई. हमको दुख तब होता है जब तेजस्वी यादव के सामने मेरी मां को गाली दी गई है और उन्होंने कुछ नहीं कहा. वह बोलते रहे अगर मैं होता तो गाली देने वाले को मुंह तोड़ जवाब देता. लालू प्रसाद यादव और मेरे पिताजी के बीच क्या था, यह जगजाहिर है. तेजस्वी यादव की मां और मेरी मां में कोई अंतर नहीं है. वह भी मेरी मां है तेजस्वी यादव की भी मां मेरी मां है. अगर राबड़ी देवी को मेरे सामने कोई गाली देता तो मैं उसका मुंह तोड़ जवाब देता.

## दबंगों ने महादलित युवक की गोली मारकर की हत्या

पटना (एजेंसी): बिहार की राजधानी पटना में अपराधियों के हौसले काफी बढ़े हुए नजर आ रहे हैं. ताजा मामला दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र से सामने आया है. यहां संविधान निर्माता बाबा भीमराव आंबेडकर की मूर्ति लगाने पर विवाद इतना बढ़ गया कि एक महादलित युवक की हत्या कर दी गई. जानकारी के मुताबिक, दियारा के मकसूदपुर गांव में महादलित की हत्या कर दी गई है. हत्या का कारण गांव में बाबा भीमराव आंबेडकर की मूर्ति लगाने का विवाद था. जानकारी के मुताबिक, गांव के कुछ दबंग लोग मूर्ति लगाने का विरोध कर रहे थे. वहीं महादलित समाज का युवक मूर्ति लगाने पर अड़ा था. जिसको लेकर विवाद इतना बढ़ा कि गोलियां चल गईं. जिसमें महादलित समाज के युवक की जान चली गई.

मृतक के दुकान में भी तोड़फोड़ किए जाने की बात सामने आई है. जानकारी के मुताबिक, मृतक दुकान चल रहा था. इस दौरान ४-५ संख्या में अपराधी आए और इसकी दुकान में तोड़फोड़ करने लगे. इतना ही नहीं दबंगों ने दुकानदार को गोली मार दी. सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है. संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है. इस मामले में मुख्य रूप से ४ लोगों के नाम सामने आ रहे हैं जिसमें सुबोध, रंजीत,राहुल,अनिल शामिल हैं. इस मामले में दानापुर एसपी दीक्षा ने बताया कि भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने को लेकर विवाद हुआ था. इसी विवाद के दौरान दोनों तरफ से गोलीबारी और पत्थरबाजी की घटना को अंजाम दिया गया था. तभी अपराधियों द्वारा एक महादलित युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है.

# राज्यस्तरीय अनुश्रवण टीम द्वारा पांच स्कूलों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

# साहिबगंज के एक और जमशेदपुर के दो स्कूलों को शोकॉज जारी

## गढ़वा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं लेखा पदाधिकारी के विरुद्ध जांच का आदेश

**रांची (ससे):** राज्य के विभिन्न जिलों में प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट (एनईपी) के अनुश्रवण हेतु गयी टीमों का निरीक्षण जारी है। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट कोषांग की वर्चुअल बैठक करते हुए पदाधिकारियों को कई निर्देश दिए। आदित्य रंजन ने कहा कि स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए लापरवाह शिक्षकों, पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। यह संदेश जाना अनिवार्य है कि स्कूल के प्राध्यापक, वार्डन या टीचर किसी को भी बच्चो की जान और ज्ञान से खिलवाड़ करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने अनुश्रवण पदाधिकारियों को हर हाल में लक्षित विद्यालयों का निरिक्षण पूरा कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। आदित्य रंजन ने कहा कि जहाँ भी कार्रवाई की आवश्यकता है, उसकी अनुशंसा मुख्यालय को अवश्य भेजे।



**रांची के टीवीएस स्कूल के विरुद्ध करवाई**

रांची के जगन्नाथपुर स्थित टीवीएस सीएम उत्कृष्ट विद्यालय की पूर्व प्रभारी प्राध्यापिका श्रीमती वाचा सरोंन तिग्गा को स्कूल में अनुशासनहीनता का दोषी पाते हुए उनके विरुद्ध शोकॉज जारी किया गया है। अनुश्रवण दल के पदाधिकारी जब स्कूल में निरीक्षण करने गए तब वाचा सरोंन तिग्गा स्कूल में अनुपस्थित पायी गयी। उनके द्वारा विभिन्न कारणों का उल्लेख करते हुए १५ दिन से अधिक का अवकाश लेने का मामला सामने आया है। जिसके बाद अनुश्रवण के लिए गए प्रशासी पदाधिकारी जयंत मिश्रा द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को वाचा तिग्गा के आकस्मिक अवकाशों की वैद्यता की जांच सक्षम प्राधिकार से कराने का निर्देश दिया गया है। निरिक्षण के क्रम में यह भी सामने आया है कि पूर्व प्रभारी प्राध्यापिका श्रीमती वाचा तिग्गा द्वारा अबतक वर्तमान प्रभारी प्राध्यापिका को पूर्ण प्रभार नहीं सौंपा गया है, साथ ही विद्यालय कोष में गड़बड़ी का मामला भी प्रकाश में आया है।

इसी स्कूल के सहायक शिक्षक इफ़्तेख़ार आलम (स्नातक प्रशिक्षित) की प्रतिनियुक्ति रद्द करने का आदेश दिया गया है। इफ़्तेख़ार आलम की प्रतिनियुक्ति एसएस +२ हाई स्कूल, ककरिया, लापुंग से टीवीएस सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, जगन्नाथपुर में की गयी थी। मगर अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों ने इफ़्तेख़ार आलम को प्रतिनियुक्ति के नियमो का पालन करने में लापरवाही बरतने का दोषी पाया। जिसके बाद उनकी प्रतिनियुक्ति रद्द करते हुए उन्हें पुनः एसएस +२ उच्च विद्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

**दो जिलों के तीन स्कूलों को शोकॉज**

राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण के क्रम में दो जिलों के तीन स्कूलों में लापरवाही और अनुशासनहीनता का मामला प्रकाश में आया है। साहिबगंज के कन्या पोखरिया स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका और टीजीटी शिक्षक के विरुद्ध शोकॉज जारी किया गया है। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कन्या पोखरिया की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुमना रॉय को शोकॉज जारी किया गया है। उत्कृष्ट विद्यालयों में ८०% बच्चो की उपस्थिति से संबंधित तय मानकों के पालन के प्रति उदासीनता बरतने का दोषी पाते हुए उन्हें दो दिन के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। स्कूल के ही टीजीटी शिक्षक श्री ललन कुमार को अनुश्रवण पदाधिकारियों के समक्ष आचरण संहिता एवं कर्तव्यहीनता का दोषी पाया गया। मामले में उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है।

जमशेदपुर के भालूबासा स्थित हरिजन उच्च विद्यालय में अनुश्रवण के लिए गए जांच दल के पदाधिकारियों ने स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक को शोकॉज करते हुए स्कूल में बच्चो की कम उपस्थिति, स्कूल परिसर एवं शौचालय की साफ़ सफाई में लापरवाही का कारण पूछा है। जमशेदपुर के ही राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी मध्य विद्यालय, मानगो के प्रभारी प्राचार्य को भी शोकॉज किया गया है। अनुश्रवण के लिए गयी टीम ने पाया कि स्कूल में कुल ३७० बच्चे नामांकित है, जबकि प्रार्थना सभा में केवल २२ बच्चे उपस्थित थे। अनुश्रवण पदाधिकारियों ने इसे अत्यंत गंभीर विषय माना और तत्काल कार्रवाई करते हुए स्कूल के प्रभारी प्राचार्य को शोकॉज जारी किया है।

**गढ़वा के अनियमितता, जांच का आदेश**

गढ़वा में अनुश्रवण के दौरान निरीक्षण के लिए जिले में गए पदाधिकारियों के संज्ञान में गढ़वा जिला के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं लेखा पदाधिकारी के द्वारा गत माह में समग्र शिक्षा के तहत संचालित गतिविधियों, कार्यक्रमों, प्रखंड स्तरीय विद्यालयों एवं कार्यालयों के कार्यन्वयनों में अनियमितता एवं त्रुटियों का मामला प्रकाश में आया। अनुश्रवण टीम ने प्रखंड/विद्यालय स्तर पर उप आवंटित की गयी व्यय राशि की जांच हेतु एडीपीओ, गढ़वा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। उक्त दल को जल्द से जल्द जाँच रिपोर्ट राज्य शिक्षा परियोजना को भेजने का निर्देश दिया गया है।

**अबतक 246 स्कूलों का हुआ है औचक निरीक्षण, जारी रहेगा अभियान**

राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के निर्देशानुसार स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार एवं प्रोजेक्ट इंपैक्ट की समीक्षा के लिए राज्य अनुश्रवण पदाधिकारियों द्वारा अब तक २४६ सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण किया जा चुका है। कई विद्यालयों में कार्य संतोषजनक मिला, जबकि कई विद्यालयों में लापरवाही और अनुशासनहीनता का मामला प्रकाश में आने के बाद कार्रवाई की गयी है। अनुश्रवण पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न जिलों के सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण अभी जारी रहेगा।

## ब्राउन शुगर तस्करी मामले में एक नाबालिग समेत चार पकड़ाये

**रांची (ससे):** रांची में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने खेल गांव क्षेत्र से ब्राउन शुगर खरीद बिक्री करने वाले चार लोगों पकड़ा है। पुलिस अभियान के क्रम में रांची के खेलगांव थाना क्षेत्र से सुमन कुमार नाम के एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है जिसके पास से १६.२० ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ है। रांची के नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने गुरुवार को रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि ब्राउन शुगर तस्करी मामले में कुल तीन व्यक्ति और एक नाबालिग को पकड़ा गया है। इस विषय में आगे की जांच जारी है। वही तीन को जेल भेज दिया गया है और एक नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

## विश्व विरासत दिवस पर टैगोर हिल परिसर में कार्यक्रम आयोजित

**रांची (ससे):** विश्व विरासत दिवस पर गुरुवार को रांची के मोराबादी स्थित टैगोर हिल परिसर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान स्कूली बच्चों को विश्व विरासत दिवस की जानकारियां दी गई। मौके पर १०० साल से अधिक पुराने ब्रह्म स्थल से जुड़ी विभिन्न जानकारियां को भी बच्चों के बीच साझा की गई। विरासत संरक्षण विशेषज्ञ श्रीदेव सिंह ने कहां की विश्व विरासत दिवस के माध्यम से देश के युवाओं और बच्चों को अपनी संस्कृति और धरोहर से अवगत कराना। उन्होंने कहा कि देश के युवा जब अपनी सांस्कृतिक विरासत से अवगत होंगे तभी जाकर वह उसे आगे चलकर संरक्षित करेंगे। विश्व विरासत दिवस के मौके पर टैगोर हिल और ब्रह्म मंदिर देखने के बाद स्कूली बच्चे खासे उत्साहित नज़र आए। बच्चों ने बताया कि धरोहरों को संरक्षित रखने से अगली पीढ़ी भी उसे देख और जान सकती है।

### मोरहाबादी मैदान से सुबह सात बजे 21 अप्रैल को रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन

**रांची (ससे):** स्वीप के तहत तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रांची में २१ अप्रैल को रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया जाएगा। दिनांक २१ अप्रैल २०२४ को सुबह सात बजे मैराथन की शुरुआत मोरहाबादी मैदान से होगी। रन फॉर डेमोक्रेसी के आयोजन की तैयारी को लेकर नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। मैराथन के बाद डीजे इवेंट का भी आयोजन होगा।

## 'द ग्रेट फैमिली गेट टूगेदर शो' होगा इंडी एलायंस रैली : प्रतुल शाहदेव



रांची (ससे): भाजपा ने इंडिया एलाइंस की २१ अप्रैल की रैली पर बड़ा हमला बोलते हुए उसे द ग्रेट फैमिली गेट टुगेदर शो कर दिया। गुरुवार को प्रदेश मीडिया सेंटर ,हरमू में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इस मंच पर अखिलेश यादव का परिवार, लालू प्रसाद का परिवार ,स्टालिन का परिवार ,ममता बनर्जी का परिवार ,हेमंत सोरेन का परिवार के साथ गांधी परिवार नजर आएगा। प्रतुल शाहदेव ने कहा यह सिर्फ और सिर्फ परिवार को बढ़ाने वाले दलों का समूह है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पूरे देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी मुहिम चलाए जाने के डर कर एक मंच पर आया है। ईडी आईटी और सीबीआई की दबिश के बाद जिन १६ कंपनियों ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड खरीदे उसका सिर्फ ३७% हिस्सा भाजपा को मिला और ६३% विपक्ष को इलेक्टरल बॉन्ड पर प्रतुल शाहदेव ने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए बताया कि विपक्ष चीजों को छुपा कर बोलता है। कुल ३००० कंपनियों ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड खरीदा था। जिसमें सिर्फ २६ कंपनियों पर ईडी,सीबीआई या आईटी की इंक्वारी चल रही है।इनमें से १६ कंपनी ने दबिश के बाद इलेक्ट्रोल बॉन्ड खरीदा था। इन १६ कंपनियों के खरीदे गए इलेक्टोरल बॉन्ड का सिर्फ ३७% हिस्सा भाजपा को मिला जबकि ६३% हिस्सा विरोधियों को मिला। प्रतुल ने कहा कि अगर सीक्वेंस को जोड़ तो ऐसा लगता है कि जिनके यहां इन एजेंसियों के छापे पड़ते हैं, उनके यहां विपक्षी जाकर सत्ता में आने के बाद मामले को समाप्त करने के नाम पर वसूली कर रहे हैं।तभी ऐसी दबिश वाली कंपनियों ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड का २/३ हिस्सा कांग्रेस और इंडि एलायंस के दलों को दे दिया।प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इस राज्य सरकार में तुष्टिकरण चरम पर है।लव जेहाद भी बढ़ा है।झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य नसरुल इस्लाम को लोग मुसलमान बता कर बचाव कर रहे हैं। प्रतुल शाहदेव ने कहा उन्होंने देश के प्रधानमंत्री की हत्या की बात कही थी और उसको भी हिंदू मुस्लिम के चश्मे से देखने वाले लोग देश का विकास कभी नहीं कर सकते। जनता ऐसी विघटनकारी और विनाशकारी शक्तियों को बाहर करेगी और ४०० सीटों के आंकड़े को भाजपा और सहयोगी दलों को पार कराएगी।प्रेस वार्ता में सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक एवं तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

## मतदान केन्द्रों में व्यवस्था को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**रांची (ससे):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को लोकसभा आम चुनाव २०२४ के अवसर पर मतदान केन्द्रों में व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई।समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि व्यवस्था), रांची राजेश्वरनाथ, उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची बिवेक कुमार सुमन, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला नोडल पदाधिकारी जिला मध्याह्न भोजन योजना कोषांग, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।बैठक में लोकसभा आम चुनाव २०२४ के अवसर पर कतार में लगे मतदाताओं को पानी पिलाने, मतदान केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारी/कर्मी/ सुरक्षाकर्मी एवं वॉलिंटियर्स के लिए भोजन आदि की व्यवस्था से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा दिये गये। जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी को स्कूल भवनों में बने मतदान केन्द्रों में एस्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारी/ कर्मी/ सुरक्षाकर्मी के लिए पानी, बिजली, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट आदि की व्यवस्था मतदान दिवस से पहले सुनिश्चित कर लें। मतदान केन्द्रों में प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारी/ कर्मी को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसकी पूरी तैयारी करें, व्यवस्था के लिए वॉलिंटियर्स का सहयोग लें।जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदान केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारी/ कर्मी /सुरक्षाकर्मी एवं वॉलिंटियर्स के भोजन की व्यवस्था के लिए भी दिशा-निर्देश दिये गये। मतदान दिवस पर दिव्यांगजनों के लिए की जानेवाली व्यवस्था की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि संबंधित बीएलओ के पास दिव्यांगजनों को मतदान केन्द्र तक लाने के लिए ट्राईसाइकिल की व्यवस्था होती है। बूथ पर शेड और कतार व्यवस्था के लिए बीएलओ के माध्यम से पूरी तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को उपायुक्त द्वारा दिया गया।

## स्टैटिक सर्विलांस टीम क्रियाशील, तीन पालियों में 24□ की जा रही सतत निगरानी

**रांची (ससे):** रांची जिला में लोकसभा निर्वाचन के स्वच्छ एवं निष्पक्ष निर्वाचन हेतु स्थैतिक निगरानी दल (स्टेटिक सर्विलांस टीम) का गठन किया गया है। गठित दल में पर्यवेक्षीय पदाधिकारी/कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही रांची जिला अंतर्गत तमाड़ और मांडर विधानसभा के वैसे क्षेत्र जो क्रमशः खूंटी और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आते हैं, वहां एसएसटी क्रियाशील हो गयी है।

**२४□७ सतत निगरानी** - स्थैतिक निगरानी दल द्वारा तीन पालियों (सुबह ६ बजे से दोपहर २ बजे तक, दोपहर २ बजे से रात १० बजे तक, रात १० बजे से सुबह ६ बजे तक) में २४□ सतत निगरानी रखी जा रही है। टीम को तीन अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है, जो मतगणना तक क्रियाशील रहेगी। एसएसटी को भारी मात्रा में नकद, अवैध शराब, कोई संदेहास्पद वस्तु या शस्त्र इत्यादि निर्वाचन क्षेत्र में लाये जाने पर नजर रखते हुए वाहनों एवं व्यक्तियों की तलाशी लेने के साथ वीडियोग्राफी का निर्देश दिया गया है।

बिना उचित कागजातों के बेहिसाब नकदी/१० लाख से अधिक नकदी पाए जाने पर अविलंब विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए एसएसटी द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची को प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाएगा, इसके आधार पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर व्यय अनुवीक्षण कोषांग द्वारा इस आशय से आयकर विभाग के सहायक निदेशक को सूचित किया जाएगा।

ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्थैतिक निगरानी दल को उड़न दस्ता दल के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

**मांडर विधानसभा क्षेत्र में निम्न स्थानों पर तैनात रहेगी स्टैटिक सर्विलांस टीम**

१. महूगांव-फतेहपुर पथ, लापुंग, फतेहपुर में। २. कर्रा-ककरिया पथ लापुंग ३. पुरनापानी-लापुंग पथ दोलैया में ४. लापुंग-सिसई पथ परसा में ५. गुमला रोड एवं लोहरदगा रोड बेड़ो प्रखंड के पास ६. रांची-गुमला रोड पुरनापानी में ७. कुडू-रांची पथ, चान्हो के पास।

**तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में निम्न स्थानों पर तैनात रहेगी स्टैटिक सर्विलांस टीम**

१. टाटा-रांची पथ, रांगामाटी के पास २. मारंगहादा-तैमारा पथ ३. सरायकेला-रड़गांव पथ, रड़गांव पथ ४. सरायकेला-रड़गांव पथ, डोरेया मोड़ के पास।

## भारत ने स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण किया

**बालासोर (ईएमएस)।** भारत के डीआरडीओ ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से 'स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल (आईटीसीएम) का सफल प्रक्षेपण-परीक्षण किया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बताया कि परीक्षण के दौरान प्रक्षेपास्त्र की सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईटीसीएम के सफल प्रक्षेपण-परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वदेश संचालित लंबी दूरी की 'सब-सोनिक क्रूज मिसाइल का सफल निर्माण भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के लिए एक प्रमुख उपलब्धि है।

## बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और पति राज कुंद्रा की 98 करोड़ की संपत्ति जब्त

**मुंबई (ईएमएस):** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ ईडी ने बड़ा एक्शन लिया है। ईडी ने उनकी ९७.७९ करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। जब्त की गई संपत्ति में जुहू स्थित एक बंगला शामिल है जो शिल्पा शेट्टी के नाम है। ईडी ने पुणे में भी एक बंगला और राज कुंद्रा के नाम पर कुछ शेयर भी जब्त किए हैं।

ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय की मुम्बई ब्रांच ने पीएमएलए एक्ट के तहत फिल्म एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा से जुड़ी ९७.७९ करोड़ रुपये कीमत की संपत्ति जब्त की है। ईडी ने महाराष्ट्र में दर्ज अलग-अलग एफआईआर को आधार बनाकर जांच शुरू की थी। आरोप था कि मेसर्स वेरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड, स्वर्गीय अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिंपी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और अन्य एमएलएम एजेंट्स ने करीब ६६०० करोड़ रुपये की बिटकॉइन साल २०१७ में फर्जी वादों के आधार पर निवेशकों से हासिल किए, जिन्हें १० प्रतिशत रिटर्न्स का भरोसा दिया और उन्हें बिटकॉइन माइनिंग में निजी हितों के लिए इस्तेमाल किया। यह एक तरह की पोंजी स्किम थी।

ईडी का आरोप है कि इस घोटाले के मास्टरमाइंड राज कुंद्रा ने २८५ बिटकॉइन हासिल किए थे। ये बिटकॉइन अमित भारद्वाज ने निवेशकों से धोखा कर हासिल किए और यूक्रेन में बिटकॉइन माइनिंग में निवेश किया। जिनकी कीमत आज १५० करोड़ रुपये से ज्यादा की है। ईडी ने इस मामले में छापामारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। बता दें कि पिछले साल १७ दिसंबर २०२३ को सिंपी भारद्वाज, २९ दिसंबर २०२३ को नितिन गौर और १६ जनवरी २०२३ को अखिल महाजन गिरफ्तार किए गए थे ये सभी अभी जेल में बंद हैं।

## उलगुलान रैली में 5 लाख लोगों के जुटने का दावा, अन्याय के खिलाफ होगा शंखनाद

**रांची (ससे):** २१ अप्रैल को आयोजित उलगुलान रैली को लेकर गुरुवार को कांग्रेस भवन, राँची में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस संवाददाता सम्मेलन में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस से प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, मनोज पाण्डेय, राजद से कैलाश यादव, भाकपा माले से नदीम खान, आप से रोहित श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

मीडिया को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होगी साथ ही कहा कि अन्याय के खिलाफ यह शंखनाद होगा। उन्होंने कहा कि यह रैली न केवल झारखंड की बल्कि देश की दशा और दिशा तय करेगी।




झारखंड संघर्षों की भूमि रही है। इस धरती से जो आवाज उठेगी वह केंद्र की सत्ता पलटने में कारगर साबित होगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल मुद्दों से सभी का ध्यान भटकाने का काम करते है। वह नवरात्र में मीट और मछली की बात तो करते है लेकिन महंगाई और बेरोजगारी की बात नहीं करते। वह लगातार कई दौरे पर आए, कई इवेंट हुए लेकिन उनके मुंह से एकबार भी सरना धर्म कोड की बात बाहर नहीं आई। उन्होंने कहा कि अग्नीवीर इस राज्य से भी कई युवा सेना में भर्ती होते है जिस तरह से सेना का अपमान किया जा रहा है। युवाओं को दिग्भ्रमित किया जा रहा है। सेना का यह अपमान प्रधानमंत्री ने अपनी नियत बना ली है। राकेश सिन्हा ने कहा कि गाय के नाम पर कई निर्दोष लोगों की जान गई। हत्याएं भी हुई। जिसका फलाफल यह मिला कि इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री गौकशी कंपनियों से २५० करोड़ रुपए चंदा लिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी नेता संविधान बदलने की बात करते है। पीएम नरेंद्र मोदी अपने नेताओं से यह बोलवाने का काम करते है। वहीं मीडिया को सम्बोधित करते हुए झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियोग भट्टाचार्य ने कहा कि राजधानी में २१ अप्रैल को प्रभात तारा मैदान में जेएमएम की न्याय उलगुलान महारैली होने वाली है। इसके लिए इंडी गठबंधन के नेताओं को भी न्योता दिया गया है जिसमें राजद सुप्रीमो लालू यादव, तेजस्वी यादव, कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़ग एवं राहुल गांधी भी इस महारैली में जुटेंगे। इसके अलावा आप नेता संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आने की सहमति दी है। उद्धव ठाकरे की ओर से प्रियंका चतुर्वेदी भी इस महारैली में शामिल होगी जबकि नेशनल कांफ्रेंस से फारूख अब्दुल्ला एवं माले के दीपकंर भट्टाचार्य भी इसमें शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह न्याय उलगुलान महारैली भी ऐतिहासिक होगी। हम सहयोगी दल न्याय के लिए मिलकर जुटेंगे। राज्य में वरीय नेताओं से बातचीत के आधार पर अंदाजा लगाया जा रहा है कि अकेले जेएमएम के ३ लाख से ज्यादा कार्यकर्ता जुटेंगे वहीं अन्य दलों के भी २ लाख कार्यकर्ता जुटेंगे। ५ लाख लोग प्रभात तारा मैदान में आएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि यह रैली झारखंड में ठीक चुनाव से पहले हो रही है इसलिए झारखंड में इसे चुनाव का शंखनाद कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के लिए हरसंभव इंतजाम रैली स्थल में किए जाएंगे।

मौके पर राजद के महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि जहां पर उलगुलान महारैली होगी वह इलाका भी एचईसी में आता है। एचईसी के कर्मियों को २२ महीने से वेतन नहीं मिला है। दस साल से बीजेपी के सांसद रहे उनकी जवाबदेही तय होगी। हमारे वरीय नेता आएंगे उनके सामने भी इन बातों को रखा जाएगा। दस सालों में जो झूठे सपने दिखाए उसका भी पर्दाफाश करेंगे। जिस तरह से हमारे लोकप्रिय नेता हेमंत सोरेन को ईडी ने साजिश के तहत जेल भेजने का काम किया है। इंडिया काफी मजबूत है। लोकसभा चुनाव में हमलोग उन्हें बेनकाब करेंगे। हम भारी मतों से इस चुनाव में जीत दर्ज करेंगे।

# संपादकीय

# चुनाव में धनबल की ताकत...



चुनावों में धनबल के बढ़ते चलन को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इसे रोकने के लिए सरकार और भारत निर्वाचन आयोग सतत प्रयत्नशील देखे गए हैं। मगर हकीकत यही है कि इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगने के बजाय यह हर बार कुछ बढ़ी हुई ही दर्ज होती है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस बार आम चुनाव के पहले चरण का मतदान हुआ भी नहीं है और अब तक चार हजार छह सौ पचास करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती की जा चुकी है। यह पिछले आम चुनाव में हुई कुल तीन हजार चार सौ पचहत्तर करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती से बहुत अधिक है।

निर्वाचन आयोग का कहना है कि मार्च से जब्ती का सिलसिला शुरू हुआ और अब तक हर रोज करीब सौ करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती की जा रही है। अभी तक की गई जब्ती में करीब पैंतालीस फीसद हिस्सा मादक पदार्थों का है। इसमें केवल तीन सौ पंचानबे करोड़ रुपए नगदी जब्त की गई है। चार सौ नवासी करोड़ रुपए मूल्य की शराब और दो हजार उनहत्तर करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त हुए हैं।

छिपी बात नहीं है कि चुनावों में काले धन को सफेद करने की कोशिशें तेज हो जाती हैं। राजनीतिक दल बहुत सारे ज्ञात-अज्ञात स्रोतों से चंदा इकट्ठा करते हैं। इसी से पार पाने के लिए चुनावी बांड का नियम बना था। मगर वह भी पारदर्शी साबित नहीं हुआ। उसमें काले धन और संदिग्ध चंदे का प्रवाह देखा गया। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने उसे असंवैधानिक करार दे दिया। मगर चुनावी बांड से आए चंदे के हिसाब-किताब से यह तो पता चल गया कि कुछ राजनीतिक दलों के पास भारी मात्रा में धन जमा हो गया है।

जाहिर है, जिन दलों के पास जितना अधिक धन है, वे उतना अधिक खर्च भी करेंगे। मगर चुनाव में मनमाने खर्च से समानता के अवसर का सिद्धांत बाधित होता है। इस पर अंकुश लगाना भारत निर्वाचन आयोग का दायित्व है। अच्छी बात है कि इस दिशा में वह प्रयास कर रहा है। मगर धनबल से जनबल को प्रभावित करने की प्रवृत्ति इस कदर बढ़ती गई है कि प्रत्याशी और पार्टियां न केवल निर्वाचन आयोग द्वारा तय सीमा से अधिक खर्च करने, बल्कि मतदाताओं को चोरी-छिपे नगदी और शराब, मादक पदार्थ, महंगे उपहार आदि देकर प्रभावित करने की कोशिश भी करती हैं। विचित्र है कि इसमें स्थानीय प्रशासन भी उनका सहयोग करता है। इस चुनाव में पार्टियों की मदद करते एक सौ छह सरकारी अधिकारी अब तक पकड़े जा चुके हैं।

इस बार चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही निर्वाचन आयोग अवैध धन के प्रवाह पर रोक लगाने के लिए निगरानी दलों के गठन का एलान कर दिया था। अच्छी बात है कि वे निगरानी दल मुस्तैदी से काम कर रहे हैं। मगर केवल जब्ती से राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की इस प्रवृत्ति को कहां तक रोका जा सकेगा, कहना मुश्किल है। इस तरह मादक पदार्थ और शराब बांट कर वे लोगों को नशे के गर्त में धकेल रहे हैं। जब तक उन पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होगी, उनमें शायद ही हिचक पैदा हो। मगर निर्वाचन आयोग को एक नख-दंत विहीन शेर बना कर रखा गया है। इसलिए राजनेता और राजनीतिक दल मनमानी से बाज नहीं आते।

## सोशल मीडिया से...



कांग्रेस ने सियासी फायदे के लिए असम को अपने पंजे में जकड़ रखा था। ताकि उनके लिए लूट और भ्रष्टाचार के रास्ते खुले रहें। अब ये पंजा खुल गया है। असम में सबका साथ और सबका विकास हो रहा है। जिस नॉर्थ-ईस्ट को कांग्रेस और विपक्ष ने समस्याएं दीं, अलगाववाद को खाद-पानी दिया। उस नॉर्थ-ईस्ट को मोदी ने गले लगाया।

**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री



अब भाजपा सरकार ने निर्णय लिया है कि इमरजेंसी में जरूरत पड़ने पर हेलीकाप्टर में बैठाकर बड़े अस्पताल पहुंचाएंगे। कांग्रेस ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर को नहीं बनने देने के सब षड्यंत्र रच लिए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने श्रीराम मंदिर का रास्ता खोल दिया।

**डॉ. मोहन यादव**, सीएम मप्र



पार्टी कहेगी तो अमेठी से चुनाव जरूर लड़ूंगा। प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार के चैंपियन हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम देश की सबसे बड़ी एक्सटॉर्शन स्कीम है। मुझे लगता है कि बीजेपी की 150 तक सीटें आएंगी। हर स्टेट से ऐसी रिपोर्ट मिल रही है।

**राहुल गांधी**, कांग्रेस नेता



नैतिकता का बुलबुला भी फूट गया। इलेक्टोरल बॉन्ड ने इनका बैंड बजा दिया। भाजपा सभी भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। न केवल भ्रष्टाचारियों को ले रहे, बल्कि उन्होंने जो कमाया है, उसको भी अपने साथ ले रहे।

**अखिलेश यादव**, सपा प्रमुख

## आज का कार्टून




# चुनावी सीजन में राजनीतिक दलों का फेस्टिवल ऑफर

18वीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव के नये घोषणापत्र पर आम और खास सभी की नजरें टिकी हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र का नाम न्याय पत्र दिया है। इसके नाम के पीछे तर्क है, न्याय पत्र आम लोगों को न्याय दिलाएगा। कांग्रेस के न्याय पत्र में पांच न्याय और 25 गारंटी हैं। पांच न्याय हैं- हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय।

कांग्रेस के घोषणापत्र में सभी वर्गों के लिए रेवड़ियां हैं। इसमें 30 लाख नौकरियां, गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना, राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना, एमएसपी को कानूनी दर्जा, मनरेगा मजदूरी को प्रति दिन 400 रुपये किया जाना, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकना, सच्चर कमेटी की सिफारिशों को लागू किया जाना और पीएमएलए कानून में बदलाव किया जाना शामिल हैं।

**अनिल तिवारी**

लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए दावों और वादों का पिटारा खुल गया है। जितने उम्मीदवार, उतने वादे। जितने दल, उतने दावे। इन वादों और दावों की अंधी गलियों में आम आदमी खो सा गया है। आम आदमी से जुड़े रोटी, कपड़ा, रोजगार, मकान, पढ़ाई और दवाई के मुद्दे बात-बहस में तो बढ़ चढ़कर बोले जा रहे हैं लेकिन तलाशने पर वैसे ही गायब हैं जैसे चील के घोसले से मांस। राजनीतिक दलों की ओर से घोषणाओं की प्रतिस्पर्धा चालू है। कोई घी दूध की नदियां बहाने का सपना परोस रहा है, तो कोई पलक झपकते चांद सूरज मुट्ठी में कर लेने का पासा फेंक रहा है। संख्या बल के हिसाब से जो दल न तीन में है न तेरह में वे तो घोषणाओं के मामले में स्थापित दलों से कई गज आगे कूद रहे हैं। मिनटों में हथेली पर सरसों उगा लेने जैसे असंख्य नुस्खों के साथ वे जनता को भरमाने में जुटे हुए हैं।

आप चाहे मोदी की गारंटी कहें, न्याय पत्र कहें, संकल्प पत्र कहें, विजन डॉक्यूमेंट कहें या फिर घोषणापत्र, बात एक ही है कि किसी तरह जनता को सपनों की दुनिया में ले जाकर उनके कीमती वोटों की फसल काटना। इस सपनीली दुनिया की माया भी है, और राम भी। गेहूं भी है, और गुलाब भी। निर्भर जनता पर करता है कि उसकी रुचि किसमें है, लौकिक जीवन के सुख में, या पारलौकिक दुनिया में सब कुछ पा लेने की उम्मीद भरे संतोष में।

बहरहाल, 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव के नये घोषणापत्र पर आम और खास सभी की नजरें टिकी हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र का नाम न्याय पत्र दिया है। इसके नाम के पीछे तर्क है, न्याय पत्र आम लोगों को न्याय दिलाएगा। कांग्रेस के न्याय पत्र में पांच न्याय और 25 गारंटी हैं। पांच न्याय हैं- हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय।

कांग्रेस के घोषणापत्र में सभी वर्गों के लिए रेवड़ियां हैं। इसमें 30 लाख नौकरियां, गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना, राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना, एमएसपी को कानूनी दर्जा, मनरेगा मजदूरी को प्रति दिन 400 रुपये किया जाना, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकना, सच्चर कमेटी की सिफारिशों को लागू किया जाना और पीएमएलए कानून में बदलाव किया जाना शामिल हैं।

मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के न्याय पत्र के जवाब में सत्ताधारी दल भाजपा ने भी मोदी की गारंटी शीर्षक से अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। घोषणा पत्र में 10 सामाजिक समूहों के लिए वादों पर खूब जोर है। यह समूह है गरीब, मध्यम वर्ग, महिलाएं, युवा, वरिष्ठ नागरिक, किसान, मछुआरे, मजदूर, व्यापारी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति जैसे पारंपरिक रूप से वंचित वर्ग। मोदी की गारंटी में 70 साल के सभी बुजुर्गों को 5 लाख तक की मुफ्त स्वास्थ्य योजना, थर्ड जेंडर को भी आयुष्मान में शामिल करना, वन स्टूडेंट वन आईडी कार्ड, ओलंपिक की मेजबानी के साथ-साथ इंसान को चांद पर भेजने का वादा किया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में एक राष्ट्र एक चुनाव और समान नागरिक संहिता को लागू करने की प्रतिबद्धता को दोहराया है लेकिन राष्ट्रीय नागरिक पंजीकरण (एनआरसी) जैसे विवादास्पद मुद्दे से परहेज रखा है। 76 पृष्ठों के इस




घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के 24 अध्याय हैं जिसमें विकास के लिए चुनिंदा क्षेत्रों को रेखांकित किया गया है।

इस क्रम में समाजवादी पार्टी (सपा) ने जनता का मांग पत्र हमारा अधिकार शीर्षक से अपना घोषणापत्र विजन डॉक्यूमेंट जारी किया है। इस विजन डॉक्यूमेंट में 2025 तक जाति आधारित जनगणना कराने की बात कही गई है, जिसके आधार पर 2029 तक सबको न्याय एवं हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का वादा किया गया है। 2025 तक अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के सभी सरकारी रिक्त पदों को भरने, निजी क्षेत्र में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने, पेपर लीक से मुक्ति दिलाने और किसान को सभी फसल पर एमएसपी स्वामीनाथन फॉर्मूले के तहत दिलाने की बात भी कही है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने अपने घोषणापत्र में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम को निरस्त करने का वादा किया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने का भी वादा किया गया है। यह भी कहा है कि मनरेगा के तहत दैनिक मजदूरी बढ़ाकर 700 रुपये की जाएगी। भाकपा ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के खात्मे, आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने, जाति जनगणना कराने, संपत्ति कर व विरासत कर जैसे कराधान उपाय लागू करने, कॉरपोरेट कर बढ़ाने, निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू करने का भी वादा किया है।

मोटे तौर पर राजनीतिक दल चुनाव के समय अपने कार्यक्रम, नीतियों तथा उद्देश्यों को बताने के लिए घोषणापत्र जारी करते है। लोकतांत्रिक राज व्यवस्था में घोषणापत्र एक तरह से राजनीतिक दलों के कार्यों का आईना होता है। इसके माध्यम से दलों की नीतियों का पता चलता है। जनता को यह जानने का पूरा हक है कि जिस प्रतिनिधि को वह अपना बहुमूल्य वोट देने जा रही है, वह क्या करना चाहता है, उसकी नीतियां क्या हैं।

मौजूदा चुनाव के लिए विभिन्न दलों की ओर से आ रही गारंटी फेस्टिवल ऑफर का एहसास कर रही हैं। एक तरफ मोदी की गारंटी हैं, तो दूसरी तरफ कांग्रेस की 25 गारंटी। ये गारंटी सही मायने में फेस्टिवल ऑफर की तरह हैं। मतलब लोकतंत्र के महोत्सव में राजनीतिक दलों का फेस्टिवल ऑफर। बाजारवाद का इससे बड़ा उदाहरण और क्या हो सकता है। वोट दो और ये ऑफर (गारंटी) ले जाओ। जनता के वोट 24 कैरेट सोने की तरह हैं, लेकिन गारंटी कितनी पक्की हैं, यह वक्त बताएगा।

लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा के संकल्प पत्र के 10 मुख्य बिंदुओं में शामिल थे- अयोध्या में राम मन्दिर, जम्मू-कश्मीर से धारा 35ए और 370 हटाना, छोटे किसानों के लिए पेंशन, छोटे दुकानदारों के लिए पेंशन, राष्ट्र सुरक्षा पर वादा, एक साथ चुनाव कराने का संकल्प, प्रत्येक परिवार के लिए पक्का मकान, आयुष्मान भारत योजना, समान नागरिक संहिता और ट्रांसजेंडर्स को समाज को मुख्य धारा में लाने का वादा।

भाजपा ने अयोध्या में राममन्दिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर से धारा 35ए और 370 हटाने, आयुष्मान भारत योजना जैसे वादों को पूरा किया है लेकिन, प्रत्येक परिवार के लिए पक्का मकान, छोटे दुकानदारों के लिए पेंशन, छोटे किसानों के लिए पेंशन% किसानों की दो गुनी आय, प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार अभी भी दूर की कौड़ी साबित हो रहे हैं।

यहां यह कहना गलत न होगा कि दस साल के शासनकाल में भाजपा अपने संकल्प पत्र को पूरा करने के लिए संकल्पित दिखी। कई एक वादों पर भाजपा ने गंभीरता से काम किया है। समान नागरिक संहिता की दिशा में भी पर्याप्त प्रगति हुई है। वादे के अनुरूप भाजपा के काम करने का उत्साह सहज ही देखा जा सकता है।

कांग्रेस भी विधानसभा चुनावों में जिन राज्यों में सत्ता में आई, वहां घोषणापत्र को अमली जामा पहनाने के लिए प्रयासरत दिखी। 2014 से कांग्रेस केंद्रीय सत्ता से दूर है, ऐसे में कहना मुश्किल है कि कांग्रेस अगर केंद्र की सत्ता में आती है, तो अपने घोषणापत्र को जमीन पर उतारने में सफल रहती, या उसके सिर्फ वादे ही रह जाते हैं।

अब देखना है कि 2024 लोक सभा चुनाव का ऊंट किस करवट बैठता है। कौन-सा गठबंधन केंद्र की सत्ता तक पहुंचता है, और अपने घोषणापत्र में किए गए दावे और वादों के अनुरूप जनता को सशक्त करने के लिए काम करता है। फिलहाल राजनीतिक सौदागर सपना बेचने में जुटे हुए हैं। गारंटी के जाल में कौन फंसता है और किस बहेलिए की किस्मत खुलेगी, इसका अंतिम निर्णय 4 जून को मतगणना के बाद ही होगा।

# अच्छे मानसून से पड़ेगी अर्थव्यवस्था में जान...

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आई.एम.डी.) ने इस साल भारत में 'सामान्य से ज्यादा' मानसून रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने मानसून का पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया कि इस बार सीजन की कुल बारिश 87 सैंटीमीटर औसत के साथ 106 प्रतिशत रहने की संभावना है। अल नीनो प्रभाव के चलते इस साल देश में मानसून अच्छा रहेगा। अगस्त-सितंबर में अच्छी बारिश होने का अनुमान है। हकीकत में अर्थशास्त्री और नीति निर्माता भी मानसून का बेसब्री से इंतजार करते हैं और कामना करते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए अच्छी बारिश हो।

**रवि शंकर**



मौसम विभाग की भविष्यवाणी यदि सही होती है तो यह देश की अर्थव्यवस्था से लेकर खेती-किसानी के लिए रामबाण हो सकती है। कहा जा रहा है कि मानसून 'सामान्य' रहा तो फसलों की पैदावार अच्छी होगी, जो महंगाई को नीचे लाने का काम करेगी। इससे ग्रामीण मांग में भी सुधार आएगा, जो अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में मदद करेगी। अच्छी बारिश का असर खरीफ फसलों के उत्पादन पर पड़ता है, जिससे कुछ खास खाद्य पदार्थों के दाम घट सकते हैं। चावल, बाजरा, रागी, अरहर, मूंगफली, कपास, मक्का, सोयाबीन आदि खरीफ फसलें हैं और इनका उत्पादन अधिकतर अच्छे मानसून पर निर्भर करता है। इनकी बुवाई जून-जुलाई से शुरू होती है। ऐसे में मानसून के दौरान अच्छी बारिश खरीफ फसलों के उत्पादन को बढ़ा सकती है, जिससे महंगाई पर कुछ हद तक नियंत्रण किया जा सकता है। महंगाई घटेगी तो पूरी अर्थव्यवस्था को इसका फायदा मिलेगा। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि मानसून भारतीय खेती की लाइफलाइन है।

एक अनुमान के मुताबिक मानसून पर 2 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था निर्भर करती है और कम से कम 50 प्रतिशत कृषि को पानी वर्षा के जरिए ही हासिल होता है। लगभग 800 मिलियन लोग गांवों में निवास करते हैं और वे कृषि पर ही निर्भर हैं, जो कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) का 14 प्रतिशत है। अगर मानसून असफल रहता है तो देश के विकास और अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सामान्य से ऊपर मानसून रहने पर कृषि उत्पादन और किसानों की आय दोनों में बढ़ोतरी होती है, जिससे ग्रामीण बाजारों में उत्पादों की मांग को बढ़ावा मिलता है। अच्छी बारिश न सिर्फ कृषि क्षेत्र के लिए जरूरी है, बल्कि इससे उद्योग जगत में भी बहार आती है। मालूम हो कि खेत से लेकर खाने की टेबल तक एक बड़ी चेन जुड़ी होती है। ऐसे में कमजोर मानसून पूरी वैल्यू चेन को बिगाड़ सकता है। इससे पूरी आर्थिक गतिविधियां गड़बड़ा जाती हैं। लेकिन जब वर्ष 2024 में एक अच्छा मानसून संभावित है, तब सरकार को किसानों को मुस्कुराहट देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लाभप्रद बनाने के लिए रणनीतिक कदम आगे बढ़ाना चाहिए।

बहरहाल, देश में अच्छा मानसून विकास की रेखा माना जाता है क्योंकि मानसून का प्रभाव देश के करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी और रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ता है। माना जा रहा है कि चार महीने की मानसूनी बारिश अर्थव्यवस्था के लिए मरहम साबित हो सकती है। देश की आधे से ज्यादा फसलें इसी मानसूनी बारिश से लहलहाती हैं। फसलों की पैदावार से खाने-पीने की चीजों के दाम तय होते हैं। पैदावार बढ़िया रही तो खाद्य पदार्थों की कीमतें कम रहेंगी। इससे आम आदमी को राहत मिलेगी। मानसूनी बारिश से खरीफ फसलों को लाभ तो होता ही है, साथ ही रबी सीजन यानी सर्दियों में बोई जाने वाली फसलों के लिए भी मिट्टी को नमी मिल जाती है। बढ़िया बारिश से देश के जलाशयों में पानी भरता है, जिससे किसानों को खेती के लिए पानी मिल पाता है। इतना ही नहीं, आर.बी.आई. ब्याज दरें तय करते समय मानसून के प्रदर्शन, खाद्य उत्पादन और महंगाई दर पर ध्यान देता है। इसलिए अच्छे मानसून से ब्याज दरों में भी गिरावट आती है और कर्ज सस्ता होता है। निःसंदेह आर्थिक विकास दर को बढ़ाने में अच्छे मानसून की अहम भूमिका होता है। इससे जहां महंगाई नहीं बढ़ेगी, वहीं विकास दर बढ़ेगी। साथ ही, अच्छे मानसून से किसानों की फसल अच्छी होने से क्रयशक्ति बढ़ेगी और उनके कदम बाजारों की चमक बढ़ाएंगे। इस समय देश में महंगाई अहम मुद्दा है। वर्तमान समय में अगर बात करें तो देश के किसानों को खेती करना काफी महंगा पड़ रहा है। बीज, खाद और डीजल के दामों में तेजी के बाद किसानों के लिए खेती करना बड़ा मुश्किल हो गया है। बढ़ती हुई महंगाई से किसानों की रुचि खेती के प्रति दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही है क्योंकि किसानों के लिए खेती अब घाटे का सौदा लग रहा है। किसानों का मानना है कि अब खेती से लागत निकलना भी असंभव सा हो रहा है। बता दें डीजल की कीमत बढने से किसान पहले ही परेशान हैं। खेती-किसानी का ज्यादातर काम ईंधन पर निर्भर है। खेत की जुताई से लेकर कटाई और फसल को मंडी ले जाने तक किसान ट्रैक्टर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन महंगा डीजल किसानों के सामने पहले से ही बड़ी समस्या बना हुआ है। ऐसे में खराब मानसून से हालात और जटिल हो सकते थे।

कम पैदावार से अनाज, फल-सब्जी और दूध जैसी रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजों के दाम और बढ़ सकते हैं। लेकिन अच्छे मानसून से महंगाई पर लगाम लग सकती है। साथ ही खाद, बीज, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर गुड्स और फाइनांस कंपनियों के शेयर भी डिमांड में रहते हैं। इस तरह अच्छा मानसून शेयर बाजार पर भी प्रभाव डालता है। मानसून के कारण जलाशय लबालब भर जाते हैं जो हाइड्रोपावर तथा सिंचाई के लिए अहम हैं। साफ है, जिस तरह मानसून देश की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद अहम है, उसी तरह कॉरपोरेट कंपनियों से लेकर आम कंज्यूमर तक हर किसी की पर्सनल इंकम और सेविंग्स पर भी इसका गहरा असर पड़ता है। यकीनन देश की अर्थव्यवस्था के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक सुकून भरा परिदृश्य उभरता दिखाई दे रहा है। मॉनसून तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ ही है।



# सेहत के लिहाज से काफी फायदेमंद है नारियल पानी

नारियल पानी अधिकतर लोगों को पसंद आता है। लेकिन ये सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं बल्कि सेहत के लिहाज से भी काफी फायदेमंद है। दरअसल, इसमें शरीर के लिए फायदेमंद कई तरह के विटामिन्स, मिनरल्स और इलेक्ट्रोलाइट पाए जाते हैं। जो आपको कई सेहत लाभ देते है। तो आइए जानते हैं नारियल पानी से क्या-क्या फायदे मिलते हैं.

- नारियल पानी का सेवन लिवर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। नारियल पानी में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। जो लिवर में कई तरह के विषाक्त पदार्थों की गतिविधि को कम करते हैं। इसका सेवन करना लिवर के लिए काफी लाभकारी होता है।
- पेट के लिए नारियल पानी बेहद फायदेमंद है। इसके सेवन से पेट दर्द, एसिडिटी, अल्सर में थोड़ा-थोड़ा नारियल पानी पीने से आराम मिलता है।
- ऊर्जावान रहने के लिए नारियल पानी काफी अच्छा होता है। इसके सेवन से कमजोरी, थकान, चक्कर आने जैसी समस्याओं में इसको पीने से तत्काल लाभ प्राप्त होता है।
- नारियल पानी हृदय रोग का जोखिम कम करने का काम करता है। इसके सेवन से खराब कोलेस्ट्रॉल कम होता है।
- वजन कम करना चाहते है, तो नारियल पानी आपकी बहुत मदद करेगा। यह कैलोरी में कम और पचाने में आसान होता है। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो वजन और मोटापा कम करने में मददगार है।
- त्वचा में ग्लो और स्किन बिलकुल क्लिन रखना चाहते है तो नारियल पानी आपको नियमित रूप से पीना चाहिए। यदि चेहरे पर मुहांसे और दाग धब्बों की समस्या बढ़ गई है ,तो नारियल पानी का सेवन आपकी सारी समस्या को दूर करेगा।







# बेल का जूस पीने से सुराही जैसा ठंडा रहेगा पेट

गर्मी में बेल का रस जरूर पीना चाहिए। ये समर ड्रिंक शरीर को चिलचिलाती धूप से बचाने और हाइड्रेट करने का काम करती है। आइए इस फल का शरबत पीने के फायदे जानते हैं।

गर्मी में चिलचिलाती धूप से बचना बहुत जरूरी है। यह शरीर में पानी की कमी, कब्ज, पेट में जलन, सीने में जलन जैसी दिक्कते कर सकती है। इन समस्याओं को दूर रखने के लिए गर्मी में बेल का जूस पीना चाहिए। यह समर ड्रिंक बेहद हेल्दी होती है। बेल फरूट को बिल्व भी कहा जाता है, जो मूल रूप से भारत में पैदा होता है। यह फल पेट की गर्मी दूर करने का रामबाण इलाज है। आप इसका शरबत पीकर पेट को ठंडक दे सकते हैं। आयुर्वेद एक्सपर्ट डॉ. अबरार मुल्तानी ने बेल शरबत के फायदों के बारे में बताया है। बेल फल काफी पौष्टिक होता है। इसमें प्रोटीन, पानी, फाइबर, कैल्शियम, पोटैशियम, विटामिन बी1, विटामिन बी2, विटामिन सी की अच्छी मात्रा मिल जाती है। इसका गूदा पेट और पाचन के लिए बेहतरीन माना जाता है।

## गर्मी की बेस्ट ड्रिंक

डॉ. बेल जूस के बेनिफिट बताते हुए इसे गर्मी के लिए बेस्ट ड्रिंक कहते हैं। इसके रस में ठंडा, ताजगी, पोषण, लैक्सेटिव आदि गुण होते हैं। जो इसे धूप के मौसम के लिए टॉनिक बनाते हैं।

## खुल जाएंगी आंतें

पाचन खराब होने पर आंतों का संकुचन कम हो जाता है, जो कि कब्ज बनाता है। गर्मी में डिहाइड्रेशन इस समस्या को गंभीर बना सकती है। मगर बिल्व रस पानी की पूर्ति करके आंतों को रिलैक्स करता है और संकुचन सामान्य करने में मदद करता है।

## हड्डियों की मजबूती बढ़ाता है

पेट के अलावा बेल फल का जूस हड्डियों के लिए फायदेमंद है। इसमें कैल्शियम का लेवल शारीरिक ढांचें को मजबूत बनाए रखने में मदद करता है। यह ड्रिंक तुरंत एनर्जी देने के लिए भी जानी जाती है।

## बढ़ जाएगा खून

बेल के जूस में विटामिन बी2 होता है, जो शारीरिक विकास में मदद करता है। ये पौष्टिक गुण रेड ब्लड सेल्स के उत्पादन में मददगार होता है। जिससे खून की कमी दूर होती है।

# गर्मी में रामबाण है बेल का शर्बत

गर्मी के दुष्प्रभाव और सेहत की हर समस्या के लिए बेल का प्रयोग रामबाण है। यह न केवल शरीर में ठंडक पैदा करेगा बल्कि आपको सेहत से जुड़े ऐसे लाभ देगा, जिसके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। गर्मियों में रामबाण है बेल और उसका शर्बत। जानें 7 फायदे -

- गर्मी के दिनों में लू लगने का डर सबसे ज्यादा होता है। बेल का शर्बत बनाकर पीने से लू का खतरा नही होता और लू लग जाने पर यह दवा के रूप में कार्य करता है। तपते शरीर की गर्मी दूर करने में यह बेहद लाभकारी है।
- शरीर में गर्मी अधिक बढ़ जाने पर आंव- दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इससे छुटकारा पाने के लिए प्रतिदिन आधे कच्चे-पक्के बेलफल का सेवन करें या फिर बेल के शर्बत का सेवन करें। यह डायरिया रोग में काफी लाभप्रद है।
- कई मर्तबा गर्मियों में आंखें लाल-लाल होने के साथ ही जलने लगती हैं। ऐसी स्थिति में बेल के पत्तों का रस एक-एक बूंद आंख में डालने से तुरंत लाभ होता है और इसका कोई नुकसान नहीं होता। इसे बात का ध्यान रखें कि रस में कचरा न हो। आंख के दर्द में बेल के पत्तों की लुगदी आंख पर बांधने से काफी आराम मिलता है।
- पाचन संबंधी समस्याओं में पके हुए बेलफल का सेवन लाभदायक होता है। इसका शर्बत पीने से पेट साफ रहता है। यह फल पाचक होने के साथ-साथ बलवर्द्धक है। इसके सेवन से वात-कफ संबंधी समस्याएं भी समाप्त हो जाती हैं। गर्मियों में गर्भवती स्त्रियों का जी मिचलाने लगे तो बेल और सौंठ का काढ़ा दो चम्मच पिलाने पर लाभ होता है।
- बेल का मुरब्बा शरीर की शक्ति बढ़ाता है और कमजोरी दूर करता है। यह पेट संबंधी समस्याओं में तो फायदेमंद है ही, बेल के गूदे को खांड के साथ खाने से आंत संबंधी रोग में राहत मिलती है।
- बच्चों के पेट में कीड़े होने पर तो इसके पत्तों का अर्क पिलाना कारगर उपाय है। छोटे बच्चों को प्रतिदिन एक चम्मच पका बेल खिलाने से शरीर की हड्डियां मजबूत होती हैं।
- बेल के पके फल को शहद व मिश्री के साथ चाटने से शरीर के खून का रंग साफ होता है और खून में भी वृद्धि होती है। वहीं इसके गूदे में काली मिर्च, सेंधा नमक मिलाकर खाने से आवाज भी सुरीली होती है।





# मेडिटेशन करते समय आती है नींद? ऐसे पाएं छुटकारा

सेहत के लिए मेडिटेशन के फायदे हम सभी अच्छे से जानते हैं। ऐसे में कई लोग ऐसे हैं जो सालों से इसे कर रहे हैं वही कुछ ऐसे हें जो अपने इस साल के वादे को पूरा करने के लिए हाल ही में मेडिटेशन करना शुरू कर रहे हैं। जो हाल ही में मेडिटेशन की ओर कदम बढ़ा रहे हैं उन लोगों को एक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अक्सर लोगों की शिकायत रहती है कि ध्यान लगाते समय उन्हें नींद आती है। ऐसे में जानते हैं इसकी वजह और कैसे पाएं इससे छुटकारा।

मेडिटेशन आपके दिमाग को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करता है। यह आपकी याददाश्त में सुधार करने, तनाव को कम करने में मदद करता है। कई लोगों की शिकायत होती है कि उन्हें मेडिटेशन के दौरान नींद आती है। ऐसा मेडिटेशन के कारण बिल्कुल नहीं होता बल्कि नींद की कमी के कारण ऐसा होता है। नींद की कमी, पोषक तत्वों की कमी और तनाव ऐसे प्रमुख कारण हैं जिनकी वजह से आपको हर समय नींद आती है। ऐसे में आपको एक्टिव रहने के लिए काम करना चाहिए, ऐसे में सबसे ज्यादा जरूरी है सही लाइफस्टाइल और एक अच्छा मेडिटेशन सेशन करना चाहिए, जिससे आप नींद को खत्म कर सकें।

## खाने से पहले ध्यान करें

मेडिटेशन में पूरे शरीर को एक बिंदु पर ध्यान केंद्रित करना और खुद के साथ एक आध्यात्मिक संबंध बनान होता है। अगर आप खाने के ठीक बाद ध्यान करना शुरू करते हैं, तो आपको बहुत नींद आएगी क्योंकि आपका शरीर खाना और अन्य जटिल प्रक्रियाओं को पचाने में शामिल होगा और यह आपको विचलित करेगा। खाना खाने से पहले ध्यान करना अधिक फायदेमंद होगा क्योंकि आपका शरीर बिना विचलित हुए इसे पूरा करेगा।

## जागरूक और एक्टिव रहें


ध्यान करते समय सचेत और एक्टिव रहना जरूरी है, आपको यह महसूस करना चाहिए कि आपके अंदर कुछ अच्छा हो रहा है। आप इन चीजों पर ध्यान लगाने के लिए सांस की एक्सरसाइज और कुछ शांत म्यूजिक बजा सकते हैं।

## अपने ब्रेन को तैयार करें

मेडिटेशन प्रेक्टिस करना एक अच्छा कदम है। लेकिन बहुत लंबे मेडिटेशन सेशन से बचना बेहतर है क्योंकि शुरू में वे आपको नींद में डाल देंगे। आपको अपने दिमाग को इस तरह से प्रशिक्षित करना शुरू करना होगा कि आपका ध्यान अटूट रहे जो केवल 5 मिनट या 10 मिनट के छोटे सत्रों के साथ शुरू करने के बाद ही संभव होगा और फिर धीरे-धीरे लंबे समय तक आगे बढ़ें। जब आप छोटे सत्रों के लिए जागेंगे तो आपका दिमाग अपने आप काम करना शुरू कर देगा और ध्यान करते समय आपको नींद नही आएगी।

## ओपन एरिया में करें ध्यान

खुले में ध्यान करना हमेशा बेहतर होता है क्योंकि आपका शरीर नेचर के साथ एक्टिव रिलेशन महसूस कर सकता है। इसके अलावा, आपके चारों ओर ठंडी हवा, पक्षियों की हल्की आवाज के साथ आपके मन को शांत करता है और ध्यान करते समय आपको एक्टिव महसूस करने के लिए मदद मिलती है।




# किसी भी रूप में फायदेमंद है मूंग दाल का सेवन

दालें प्रोटीन से भरपूर होती हैं। वैसे तो हर दाल पोषक तत्वों से भरपूर होती है लेकिन फिर भी अगर आपको प्रोटीन की मात्रा से के साथ कुछ परेशानियों को जड़ से खत्म करना है, तो आप अपनी डाइट में मूंग दाल जरूर जोड़ें। किसी भी रूप में मूंग दाल के सेवन के कई फायदे हैं।

## दाल के पोषक तत्व

- दालों में सबसे पौष्टिक दाल, मूंग की होती है, इसमें विटामिन ए, बी, सी और ई की भरपूर मात्रा होती है। साथ ही पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम की मात्रा भी मूंग में बहुत होती है। इसके सेवन से शरीर में कैलोरी भी बहुत नहीं बढ़ती है। अगर अंकुरित मूंग दाल खाएं तो शरीर में कुल 30 कैलोरी और 1 ग्राम फैट ही पहुंचता है।
- अंकुरित मूंग दाल में मैग्नीशियम, कॉपर, फोलेट, राइबोफ्लेविन, विटामिन, विटामिन सी, फाइबर, पोटेशियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, आयरन, विटामिन बी -6, नियासिन, थायमिन और प्रोटीन होता है।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में ग्लूकोज लेवल बहुत कम होता है इस वजह से मधुमेह रोगी इसे खा सकते हैं।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में ओलियोसाच्चाराइडस होता है जो पॉलीफिनॉल्स से आता है। ये दोनों की घटक, गंभीर रोगों से लड़ने की क्षमता को प्रबल करते हैं। कैंसर के रोगी भी इसका सेवन आराम से कर सकते हैं।
- मूंग की दाल में ऐसे गुण होते हैं, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा देते हैं और उसे बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं। इसमें एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफलामेट्री गुण होते हैं, जो शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाते हैं।



- मूंग की दाल के स्प्राउट में शरीर के टॉक्सिक को निकालने के गुण होते हैं। इसके सेवन से शरीर में विषाक्त तत्वों में कमी आती है।

## ऐसे बनाएं हेल्दी मूंग दाल का चीला

रात को मूंग दाल को एक पैन में पानी डालकर रख दें। इसके बाद सुबह इसे छान कर ग्राइंडर में पीस लें। इसके बाद इसमें नमक डालकर अच्छी तरह से मिला लें। अब तवा को गर्म करें। गर्म हो जाने में थोड़ा सा तेल डालकर मूंग दाल के पेस्ट को डालकर अच्छी तरह से फैला लें। इसके बाद इसमें सभी सब्जियां और पनीर डाल दें। इसके बाद इसमें थोड़ा सा घी डालकर दूसरी तरफ भी सेंक लें। इसके बाद इसे प्लेट में निकाल लें। आपका मूंग दाल का चीला बनकर तैयार हैं। इसे हरी या लाल चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।



बढ़ती उम्र के साथ आकर्षक दिखने के लिए स्त्रियां कास्मेटोलाजिस्टों की मदद ले सकती हैं। यदि शरीर पर अनचाहे बाल हैं तो लेजर थेरेपी से उनसे छुटकारा पाया जा सकता है। त्वचा की झुर्रियों को दूर किया जा सकता है। ब्यूटी पार्लरों में ब्यूटी ट्रीटमेंट अब आसान हो गया है।

# ब्यूटी ट्रीटमेंट से बनें आकर्षक

**शरीर** को कास्मेटिक या प्लास्टिक सर्जरी से छरहरा और आकर्षक बनाया जा सकता है। माथे की झुर्रियों व चेहरे की लकीरें 20-30 हजार रुपए में ठीक हो सकती है। 20 से 25 हजार रुपए में कानों की रीशेपिंग हो सकती है। 30 से 40 हजार रुपए में नितंबों व जांघों का कसाव पाया जा सकता है। 80 हजार से सवा लाख रुपए में स्तनों का ट्रांसप्लांट हो सकता है। टेढ़े-मेढ़े दांतों को 2 से 7 हजार रुपए खर्च करके परफेक्ट स्माइल में बदला जा सकता है।

फेस लिफ्ट में चेहरे की मांसपेशियों और स्नायुओं को कस कर उनमें रक्त प्रवाह को नियमित करके झुर्रियों को मिटाया जा सकता है। फेस लिफ्ट दो प्रकार के होते हैं। सर्जिकल और नानसर्जिकल। महिलाओं को अकसर यह शिकायत रहती है कि उनके नितंबो पर चरबी इकट्ठी हो गई है। जब व्यायाम करने पर भी कोई फर्क नही पड़े तो लाइपोसक्शन के द्वारा शरीर की अतिरिक्त वसा या चरबी को शरीर से अलग कर दिया जाता है। चरबी त्वचा के बिल्कुल नीचे होती है। यह त्वचा और मांसपेशियों के बीच अपनी जगह बना लेती है।

किशोरावस्था में चरबी की कोशिकाएं अपनी अधिकतम संख्या तक पहुंच चुकी होती है। एक उम्र के बाद शरीर का मोटा या पतला होने पर ये कोशिकाएं सिकुड़ती व फैलती है। कुछ भागों में कोशिकाओं की इलास्टीसिटी इतनी ज्यादा होती है कि पतले होने पर भी कोशिकाएं सिकुड़ती नहीं हैं और यही कारण है कि अत्यधिक व्यायाम या फिर डाइटिंग के बाद भी पेट, स्तनों, जांघों या नितंबों पर जमी चरबी कम नही होती। इस चरबी को लाइपोसक्शन द्वारा शरीर से अलग किया जाता है। जिस भी भाग की चरबी हटानी हो वहां चीरा लगा कर उसमें पतली खोखली नली डाली जाती है। नली का दूसरा सिरा वैक्यूम से जुड़ा होता है जिसके जरिए अतिरिक्त वसा को चूसने की क्रिया की जाती है। इस क्रिया से पूर्व शरीर में एंजाइम चरबी को पिघला कर ढीला करने में मदद करते हैं और वैक्यूम के दबाव में चरबी फट कर नली द्वारा बाहर आ जाती है। एक बार में 2 लीटर चरबी पिघला कर निकाली जा सकती है। इस क्रिया में किसी प्रकार का रक्तस्राव नहीं होता। डॉक्टरों के मुताबिक त्वचा के खिंचाव व संकुचन पर ही लाइपोसक्शन की सफलता निर्भर करती है।



## कुछ घरेलू सौंदर्य प्रसाधन

- बादाम, गुलाब के फूल, चिरौंजी और पिसा जायफल रात को दूध में भिगो दें। सुबह इसे पीसकर इसका उबटन लगाएँ। इससे चेहरे के दाग-धब्बे मिटते हैं और त्वचा कांतिमय बनती है।
- चंदन, गुलाब जल, पोदीने का रस एवं अंगूर का रस मिलाकर पेस्ट पेस्ट बनाएँ और उसे चेहरे पर लगाएँ। कुछ देर बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। इस फेस पैक से चेहरे की झुर्रियाँ मिटती हैं।
- धूप में अक्सर हमारी त्वचा झुलस जाती है और काली पड़ जाती है। त्वचा के रंग को पूर्ववत करने के लिए आम के पत्ते, जामुन, दारूहल्दी, गुड़ और हल्दी की बराबर मात्रा मिलाकर उसका पेस्ट बनाकर पूरे शरीर पर लगाएँ। कुछ समय रखने के बाद स्नान कर लें। इस लेप से त्वचा की रंगत निखरती है।
- दो चम्मच सोयाबीन का आटा, एक बड़ा चम्मच दही व शहद मिलाकर पेस्ट बनाएँ तथा इस मिश्रण को कुछ देर चेहरे पर लगाकर चेहरा धो लें। इससे त्वचा में कसावट आती है।
- नीम की पत्तियाँ, गुलाब की पत्तियाँ, गेंदे का फूल सभी को एक कटोरी पानी में उबालें तथा इस रस को चेहरे पर लगाएँ। इससे मुहासे निकलना बंद हो जाते हैं।



## सुंदरता निखारने के लिए जरूरी नहीं महंगे प्रोडक्ट

अपनी सुंदरता को निखारने के लिए जरूरी नहीं है कि महंगे या ब्रांडेड सौंदर्य प्रसाधनों का ही उपयोग किया जाए। इसके लिए आप घर में ही कुछ चीजों का उपयोग कर अपने सौंदर्य को बढ़ा सकती हैं। आइए जानते हैं इसी बारे में कुछ बातें

### ब्यूटी फॉरएवर

- नींबू के रस मे आंवले का चूर्ण मिलाकर बालों की जड़ों में लगाने से बाल जल्दी बढ़ते हैं।
- रात को आंवले का चूर्ण भिगो दें और सुबह उन्हें मसलकर पानी निकाल लें। इस पानी में एक-दो कागजी नींबू निचोड़ दें। उसी पानी से बाल धो लें।
- पके व सूखे आंवले के चूर्ण को नारियल के तेल में मिलाएं। आप चाहें तो उसमें चमेली का तेल भी डाल सकती हैं। फिर उस तेल से सिर पर मालिश करें।

### प्रोटीन ट्रीटमेंट

- कच्चे दूध में हल्दी की गांठ घिसकर पेस्ट बना लें। गुलाब जल में भीगी चने की दाल को पीसकर इस पेस्ट में मिला लें। इसे एकसार कर चेहरे पर मलें। 8-10 मिनट बाद गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। त्वचा निखर उठेगी।
- आंखों के आसपास काले घेरे हो गए हैं तो दूध में रुई का फाहा डुबोकर आंखो पर रखें।
- फेसवॉश बनाने के लिए बादाम पीसकर उसमें मलाई या ठंडा दूध मिलाकर चेहरे पर लगाएं। पांच मिनट बाद चेहरा धो लें। यह फेसवॉश लगाने के बाद आपकी त्वचा तरोताजा और नर्म-मुलायम बन जाएगी।

### लेमन ग्लो

- 15 दिन में एक बार चेहरे को भाप अवश्य दें। इसके लिए उबलते पानी में धुला साफ पुदीना, तुलसी की पत्ती और एक चम्मच नींबू का रस डालकर उबालें और इस पानी की भाप लें।
- नहाने के पानी में एक नींबू का रस मिलाएं। इससे न सिर्फ ताजगी मिलेगी बल्कि त्वचा भी निखरेगी।
- थोड़े से गर्म पानी में नींबू का रस मिला लें और इस पानी से बालों को फाइनल रिंस करें, बालों में नई चमक आ जाएगी।
- नींबू के रस और शहद को पानी में मिलाकर बालों में



लगाने से रुखापन कम होता है।
- 3 नींबू, 1 ककड़ी, 1 संतरा और 1 चाय का चम्मच गुलाबजल, मिलाकर रख लें और चेहरे पर नियमित लगाएं। इससे ब्लैकहेड्स की समस्या से छुटकारा मिलता है।
- बेसन, नींबू का रस और दही इन सबको समान मात्रा में लेकर बालों में मसाज करें, फिर बालों को धो लें। आखिर में बालो को नींबू के पानी से फाइनल रिंस करें।
- एक अंडे में आधा चाय का चम्मच नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इससे चेहरा खिल उठेगा।
- अगर आपके बाल बहुत ज्यादा ऑयली हैं तो बालों में दही फेंटकर लगाएं। 20 मिनट बाद बाल धो लें। यह बालों की गहराई तक सफाई करता है और बालों में नई जान लाता है।

### हिना ब्यूटी

- एक कप मेंहदी मे आंवला, शिकाकाई, रीठा -प्रत्येक एक चाय का चम्मच-, मेथी, नीम, तुलसी (सब पाउडर में लें)। सभी वस्तुएं दही में मिलाएं व आधा नींबू का रस भी मिला लें, पूरे बालों मे अच्छी तरह से लगाकर एक घंटे तक रहने दें।
- मेंहदी को रात में दही में भिगोकर सुबह इसमें नींबू का रस मिलाकर फेंट लें। इस मिश्रण को बालों मे लेप कर एक घंटे बाद बाल धो लें।
- बेजान व सफेद बालों के लिए मेंहदी में मंडूर पाउडर मिलाकर रात भर भिगोकर दूसरे दिन लगाएं।


## दाम्पत्य जीवन से क्यों गुम हो रहा रोमांस!

शादी से पहले का प्यार जिन्दगी भर यादगार बना रहता है। खासकर यदि आपकी उसी से शादी हो जाए जिसे आप चाहते हैं तो सचमुच जीवन भर एक सुखद अहसास बना रहता है। लेकिन जो लोग प्रेम विवाह की अपेक्षा घरवालों की मर्जी से विवाह करते हैं यदि वह भी शादी से पहले प्यार करके देखें तो वह भी इस सुखद अहसास की अनुभूति प्राप्त कर सकते हैं।

**नीतू** की शादी एक चार्टर्ड एकाउंटेंट राहुल से तय हो गई। शादी में अभी पूरे दो महीने बाकी थे। नीतू और राहुल ने जब एक दूसरे को पहली बार जब सगाई के वक्त देखा तभी दोनों ने एक दूसरे को पसंद कर लिया था। बस अब क्या था उन दोनों को ही शादी के लिए बाकी पड़ा दो महीने का वक्त बहुत लंबा नजर आने लगा। इधर राहुल परेशान तो उधर नीतू की नींदें गायब। आखिरकार दोनों ने अपने-अपने मित्रों की राय ली और शादी के लिए बाकी दो महीनों का वक्त एक दूसरे को जानने-समझने और प्यार भरी बातों में कैसे गुजर गया, इसका आभास दोनों को ही नहीं हुआ। जब आपकी शादी तय हो जाए तो आप भी नीचे दिए हुए नुस्खे अपनाइये, फिर देखिये किस प्रकार आपके दिन हसीन हो जाते हैं। इन दिनों की यादें आपको जीवन भर तो रहेंगी ही साथ ही आप इन दिनों के बारे में दूसरों को बताने से भी नहीं चूकेंगे-

- चूंकि आपकी शादी तय हो चुकी है इसलिए आप दोनों के वार्तालाप में अब कोई बाधा नहीं। एक दूसरे का फोन नंबर लीजिए और सुबह-शाम नियमित रूप से एक दूसरे का हाल जानें और कहें कि तुम्हारे बिना कुछ भी अच्छा नही लग रहा है। संभव हो तो फोन करने का समय भी निर्धारित कर लें। इससे आपके साथी को दिन भर आपके फोन के आने के समय का इंतजार रहेगा।
- यदि आप दोनों कहीं कार्यरत है तो आफिस से छुट्टी के बाद या छुट्टी लेकर कहीं बाहर मिलें या फिर यदि आपकी होने वाली बीवी घरेलू स्त्री है तो उन्हें छुट्टी के दिन कहीं बाहर किसी अच्छे रेस्तरां में डिनर के लिए निमंत्रण दें।
- शादी से पहले के समय में किसी भी उत्सव में लड़कों को तो खासतौर से लड़की के घर जाना ही चाहिए।
- आप दोनों अपने मनपसंद गानों की सीडी एक दूसरे को भेज सकते हैं। चाहें तो इस सीडी में अपने साथी के लिए संदेश भी रिकार्ड कर सकते हैं।
- प्रेम पत्रों का भी आदान-प्रदान यदि इस समय होता रहे तो इससे भी प्यार बढ़ता है। शादी के बाद जब आप इन पत्रों को देखेंगे तो एक सुखद अहसास होगा।
- यदि प्रेम पत्रों को लिखने में बोरियत होती है तो ई-मेल करिये या चैटिंग करिये और एक दूसरे के संदेशों को सेव करके रखिये। शादी के बाद इसे अपने पति को दिखाएंगी तो उन्हें भी लगेगा कि आप उन्हें बहुत प्यार करती हैं।
- आप दोनों एक दूसरे को शापिंग के लिए भी ले जाइये और संभव हो तो अपनी पसंद के कपड़े उन्हें खरीदवाइये।
- कोशिश करें कि आप दोनों की मुलाकात हर सप्ताह तो ही जाया करे जिससे आप दोनों एक दूसरे को निकट से जान सकें और एक दूसरे की जरूरतों को समझ सकने के साथ ही अपने भविष्य की रूपरेखा भी तैयार कर सकें।

आप उक्त बातों को अपनाइये, फिर देखिये किस कदर आपकी जिंदगी में खुशियों की बहार आ जाती है। जब आप प्यार में पड़ जाएंगे तो आपको सारी दुनिया हसीन लगने लगेगी, किसी की खातिर जीने को मन करेगा, आपके व्यवहार में भी नरमी आएगी और आपमें हर पल को खुशगवार बना देने की कूवत भी अ ा जाएगी।



## संक्षिप्त समाचार

### कनाडा में सोने की सबसे बड़ी चोरी में सिर्फ एक किलो बरामद, मामले में 6 आरोपित गिरफ्तार



**ब्रैंपटन , एजेंसी।** एयर कनाडा के कार्गो सुविधा केंद्र से पिछले वर्ष हुई सोने और विदेशी मुद्रा (दोनों 1.6 करोड़ डालर) की चोरी के मामले में कनाडा और अमेरिका की पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है और तीन अन्य की तलाश जारी है। गिरफ्तार लोगों में से एक को अमेरिका के पेंसिलवेनिया में पकड़ा गया है, वह अमेरिकी पुलिस की हिरासत में है। कनाडा में गिरफ्तार पांच लोगों को फिलहाल जमानत पर छोड़ दिया गया है। इसे कनाडा के इतिहास में सोने की सबसे बड़ी चोरी करार दिया गया था। कनाडा पुलिस के आरोपितों में एयर कनाडा का एक कर्मचारी शामिल है जिसने कार्गो को चुराने के लिए जाली एयरवे बिल बनाया था। साथ ही एयर कनाडा का एक पूर्व मैनेजर भी शामिल है। इस मैनेजर ने चोरी के बाद पुलिस को कार्गो फेसिलिटी का मुआयना करवाया था। यह कार्गो अप्रैल, 2023 में ज्यूरिख से टोरोंटो पहुंचा था। इस कार्गो में 419 किलोग्राम वजन की 6,600 सोने की छड़ें शामिल थीं। आरोपितों पर पुलिस ने 19 से ज्यादा आरोप लगाए हैं। उनके पास से एक किलोग्राम सोना और 34 हजार कनाडाई डालर बरामद हुए। पुलिस का कहना है कि चोरी हुए सोने को पिघलाकर कुछ और तैयार कर लिया गया होगा, लिहाजा उसको ट्रैक करना मुश्किल हो गया है। अमेरिका में गिरफ्तार आरोपित से पुलिस ने 65 हथियार बरामद किए हैं और आरोप लगाया है कि इन्हें चोरी की रकम से खरीदा गया था। कनाडा पुलिस के अधिकारी माइक मैविटी ने बताया कि ब्रैंपटन निवासी एयर कनाडा के कर्मचारी 54 वर्षीय परमपाल सिद्धू, टोरोंटो निवासी ज्वैलरी स्टोर के मालिक 37 वर्षीय अली राजा, ओकविले निवासी 40 वर्षीय अमित जलोटा, जार्जटाउन निवासी 43 वर्षीय अमद चौधरी और ब्रैंपटन निवासी 35 वर्षीय प्रसाद परमलिंगम गिरफ्तार लोगों में शामिल हैं। जबकि फेसिलिटी से सोने का कार्गो उठाने वाला ट्रक ड्राइवर ब्रैंपटन निवासी 25 वर्षीय डुरांटे किंग-मैकलीन वर्तमान में हथियार रखने और तस्करी के आरोप में अमेरिकी पुलिस की हिरासत में है। कनाडा पुलिस अभी ब्रैंपटन निवासी व एयर कनाडा के पूर्व मैनेजर 31 वर्षीय सिमरन प्रीत पनेसर, ब्रैंपटन निवासी 36 वर्षीय अर्चित ग्रोवर और मिसिसागा निवासी 42 वर्षीय अर्सलान चौधरी की तलाश कर रही है।

### मानव प्रेरित जलवायु परिवर्तन की वजह से 200 वर्षों में सालेह में पहली बार पड़ रही इतनी भीषण गर्मी

**डकार, एजेंसी ।** वर्ल्ड वेदर एट्रिब्युशन (डब्ल्यूडब्ल्यूए) की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में अप्रैल की शुरुआत से पड़ने वाली भीषण गर्मी का कारण मानव प्रेरित जलवायु परिवर्तन है। पश्चिमी अफ्रीकी राष्ट्र माली और बुरकिना में भी एक से पांच अप्रैल के बीच भीषण गर्मी का अनुभव किया गया। अप्रैल में ही यहां का तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया है, जिस वजह से बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो रही है। डब्ल्यूडब्ल्यूए के शोधकर्ताओं द्वारा तैयार किए गए जलवायु मॉडलों के अनुसार, अफ्रीका में मार्च और अप्रैल 2024 में देखी गई ताप लहर, 1.2 सेल्सियस की ग्लोबल वॉर्मिंग के बिना उत्पन्न होना असंभव है। शोधकर्ताओं ने इसे मानव प्रेरित जलवायु परिवर्तन बताया है। साहेल क्षेत्र में उच्च तापमान आम है। रिपोर्ट में बताया गया कि अगर लोगों ने जीवाश्म ईंधन जलाकर ग्रह को गर्म नहीं किया होता तो अभी की तुलना में अप्रैल की गर्मी 1.4 डिग्री सेल्यिस ठंडी होती। रिपोर्ट में कहा गया कि 200 वर्षों में सालेह में पहली बार इतनी भीषण गरमी पड़ रही है। भविष्य में भी बढ़ते तापमान का सिलसिला जारी रहेगा। बढ़ती गर्मी के कारण दो देशों में मौतों और अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में वृद्धि देखी गई है। डब्ल्यूडब्ल्यूए ने बताया कि प्रभावित देशों में डेटा की कमी के कारण मौतों की सही संख्या बताना असंभव है। गर्मी के कारण सैकड़ों नहीं तो हजारों की संख्या में मौत होने की संभावना जताई गई है।

# अफगानिस्तान में महिला उद्यमियों से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिल रहा सहारा, यूएन की रिपोर्ट में दावा

**वाशिंगटन, एजेंसी ।** यूएन विकास कार्यक्रम ने बुधवार को लिस्निंग टू वूमन एंटरप्रेन्योर इन अफगानिस्तान, देयर स्ट्रगल एंड रेसिलेंस (अफगानिस्तान में महिला उद्यमियों, उनके संघर्ष और कामकाज पर गौर) नाम की रिपोर्ट प्रकाशित की है। इसमें पिछले तीन वर्षों में संकलित डेटा का विश्लेषण किया गया है। अध्ययन में अफगानिस्तान में महिला उद्यमियों के लिए बदलती परिस्थितियों के सिलसिले में विस्तापूर्वक जानकारी दी गई है।

एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए यूएन कार्यक्रम की क्षेत्रीय निदेशक कन्नी विग्नाराजा ने बताया कि अफगानिस्तान में महिला उद्यमियों ने बेहद विकट परिस्थितियों में भी अविश्वसनीय हौसले, निडरता और साधन-सम्पन्नता का परिचय दिया है। विश्लेषण के अनुसार, अफगानिस्तान में महिला उद्यमियों को अपने व्यवसाय में ऊंची लागत और अनेक प्रकार के अवरोधों का सामना करना पड़ रहा है। भेदभाव गहरा हुआ है और व्यवसाय संचालन में कई बाधाएं हैं। देश में गंभीर हालात से जूझ रही वित्तीय प्रणाली के कारण, इस सर्वेक्षण में



हिस्सा लेने वाली तीन हजार महिलाओं में से 41 फीसदी कर्ज लेने के लिए मजबूर हो गई हैं। तीन-चौथाई प्रतिभागियों ने बताया कि आवाजाही पर पाबंदियां हैं। उदाहरणस्वरूप, महिलाओं के लिए एक पुरुष संगी के बिना स्थानीय बाजार तक जाना भी सम्भव नहीं है। केवल पांच प्रतिशत ने बताया कि उन्हें बैंक या माइक्रोफाइनेंस संस्थाओं के जरिये कर्ज मिला। यूएन विकास कार्यक्रम के अनुसार, अफगानिस्तान में 1.58 करोड़ लोग खाद्य असुरक्षा का शिकार हैं और कामकाजी महिलाओं के लिए रोज़गार दर, पिछले वर्ष से अब तक घटकर छह फीसदी रह गई है। इन हालात में महिलाएं मौजूदा चुनौतियों से उबरने के लिए रास्तों की तलाश कर रही हैं। उद्यमिता, महिलाओं व उनके परिवारों के लिए एक जीवनरेखा बनकर उभरी है। महिलाओं के नेतृत्व वाले 80 प्रतिशत उद्यम अपने आय के मुख्य स्रोत के लिए अपने व्यावसायिक राजस्व पर निर्भर हैं।

महिलाओं द्वारा संचालित व्यवसायों से अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। यूएन विकास कार्यक्रम ने बताया कि साझेदारों के साथ मिलकर 75 हजार सूक्ष्म व लघु-व्यवसायों को सहारा दिया गया है, जिनसे नौ लाख लोगों के लिए रोजगार अवसर उत्पन्न हुए हैं और उनके परिवारों को गुजर-बसर का साधन मिला है। अफगानिस्तान में यूएन कार्यक्रम के रेजिडेंट प्रतिनिधि स्टेफन रोड्रिक्स ने बताया कि लम्बे समय से महिलाएं देश में घर-परिवारों के कल्याण के लिए एक अहम शक्ति हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को सहारा देने में अहम भूमिका निभा रही हैं। यूएन प्रतिनिधि ने कहा कि महिला उदयमियों की आवाज को समर्थन दिया जा रहा है और महिलाओं में निवेश से होने वाले लाभ को रेखांकित किया गया है।

तमाम चुनौतियों से उबरने के लिए उनका साहस व सहनसक्षमता, संकल्प व आशा की एक उत्कृष्ट कहानी है। उन्हें अंतरराष्ट्रीय समर्थन की दरकार है और इस रिपोर्ट में इसी विषय पर अहम जानकारी साझा की गई है। रेजिडेंट प्रतिनिधि ने कहा कि अफगानिस्तान का भविष्य उन्हीं पर निर्भर है।

## इंडोनेशिया के रुआंग पर्वत पर फटा ज्वालामुखी, 24 घंटे में हुए पांच धमाके; मंडरा रहा सुनामी का खतरा

**जकार्ता , एजेंसी।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के उत्तरी किनारे पर एक ज्वालामुखी फटा है। ज्वालामुखी फटने के बाद पिछले 24 घंटों में कम से कम पांच बड़े विस्फोट हुए हैं। रुआंग पर्वत पर विस्फोट के बाद हजारों फीट ऊंची राख की गुबार देखी गई थी। जिसके बाद इंडोनेशियाई अधिकारियों ने बुधवार को सुनामी की चेतावनी जारी की। अधिकारियों ने 11 हजार से ज्यादा लोगों को इलाका छोड़ने का निर्देश दिया गया है। वहीं बार-बार हो रहे विस्फोट के बाद अधिकारियों ने ज्वालामुखी चेतावनी को उच्चतम स्तर तक बढ़ा दिया है। इंडोनेशिया के मनाडो में हवाईअड्डा किया गया बंद

परिवहन मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इंडोनेशिया ने रात भर ज्वालामुखी विस्फोट के कारण उत्तरी सुलावेसी के मनाडो में सैम रतुलंगी हवाई अड्डे को बंद कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि हवाईअड्डा गुरुवार शाम तक बंद रहेगा और अब तक नौ उड़ानें प्रभावित हुई हैं।

इंडोनेशिया के अधिकारियों ने रुआंग ज्वालामुखी में विस्फोट से बड़े क्षेत्र में राख फैलने के बाद बुधवार को सुनामी का अलर्ट जारी किया। इंडोनेशिया ज्वालामुखी विज्ञान और भूवैज्ञानिक आपदा न्यूनीकरण केंद्र ने कहा कि सुलावेसी द्वीप के उत्तर में स्थित ज्वालामुखी में बीते 24 घंटे के दौरान कम से कम पांच बड़े विस्फोट हुए हैं। साल 2018 में, इंडोनेशिया के अनाक क्राकाटाऊ ज्वालामुखी के विस्फोट के कारण पहाड़ के कुछ हिस्से समुद्र में गिरने के बाद सुमात्रा और जावा के तटों पर सुनामी आई थी जिसमें 430 लोग मारे गए थे।



## दोस्तों के हंसने पर छात्र ने कुर्सी पर बैठी शिक्षिका को जड़ा थप्पड़, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सैक्रामेंटो, एजेंसी ।** कैलिफोर्निया के एक स्कूल का अजीबो-गरीब वीडियो सामने आया है। जिसमें एक छात्र अपनी शिक्षिका को थप्पड़ मारता दिख रहा है। थप्पड़ के बाद शिक्षिका के यह कहने पर कि उसे इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा, छात्र ने उसको एक और थप्पड़ मारकर उसका चश्मा तोड़ दिया। वीडियो वायरल होने के बाद स्कूल प्रशासन सफाई देता घूम रहा है। छात्र पर मुकदमा दर्ज हुआ है। गुरू को भगवान मानने वाली पीढ़ी और परंपरा खत्म सी होती जा रही है। इसका ताजा उदाहरण कैलिफोर्निया के पार्कलैंड हाईस्कूल में देखने मिला। जब सोशल मीडिया पर एक छात्र का अपनी शिक्षिका थप्पड़ मारने का वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक छात्र कुर्सी पर बैठी अपनी शिक्षिका को उठकर थप्पड़ मार देता है। जिस पर शिक्षिका जवाब देती है कि तुम्हें क्या लगता है, इसका मुझ पर फर्क पड़ेगा। इस पर छात्र अपशब्द बोलते हुए कहा कि अगर ऐसा है तो मैं तुम्हें फिर से थप्पड़ मारुं। और छात्र ने शिक्षिका को दूसरा थप्पड़ जड़ दिया। जिससे उसका चश्मा टूट गया। इस पर शिक्षिका ने कहा तुम ये सब गलत कर रहे हो, क्या करना चाहते हो और क्यों? दूसरा थप्पड़ मारने के बाद छात्र ने चिल्लाते हुए कहा कि क्या करोगी? तुम्हारे साथ गलत हो रहा है और तुम यूं ही कुर्सी पर बैठी रहोगी। इस घटना के बाद कक्षा के अन्य छात्र-छात्राएं हंसने लगी। थप्पड़ मारना छात्र ने पहले से ही प्लान किया था, इसलिए उसने अपने एक दोस्त से इसे रिकॉर्ड करने को भी कहा था। इस घटना के वायरल होने के बाद फोर्थिस शेरिफ कार्यालय की ओर से बयान आया कि छात्र पर सरकारी अधिकारी पर हमला करना, धमकी देना और पहले से अभद्रता के मामले दर्ज किया है।

# फर्जी डिग्री मामले में गिलगित-बाल्टिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री को झटका, खालिद खुर्शीद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**गिलगित-बाल्टिस्तान , एजेंसी।** फर्जी डिग्री मामले में गिलगित-बाल्टिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री (सीएम) खालिद खुर्शीद खान के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। एआरवाई न्यूज के अनुसार, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश हिदायत अली ने गिलगित-बाल्टिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री की बार-बार अनुपस्थिति के कारण उनके लिए जमानती गिरफ्तारी आदेश जारी किया।

एआरवाई न्यूज की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की गिलगित-बाल्टिस्तान शाखा के अध्यक्ष खालिद खुर्शीद ने एक हलफनामा और एक जाली दस्तावेज जमा करके उच्च शिक्षा आयोग (एचईसी) से समकक्षता प्रमाण पत्र



प्राप्त किया। इसके अलावा, गिलगित-बाल्टिस्तान बार काउंसिल से वकील का लाइसेंस प्राप्त करने के लिए लंदन विश्वविद्यालय से फर्जी कानून की डिग्री का भी दावा किया।

**पूर्व सीएम को अयोग्य ठहराने वाली याचिका पर सुनाया गया फैसला :** रिपोर्ट में कहा गया है कि गिलगित-बाल्टिस्तान मुख्य न्यायालय की तीन सदस्यीय पीठ ने जुलाई 2023 में जीबी असेंबली के सदस्य शहजाद आगा द्वारा फर्जी डिग्री मामले में खालिद खुर्शीद खान को अयोग्य ठहराने वाली याचिका के संबंध में फैसला सुनाया।

इस मामले में याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि खुर्शीद को अनुच्छेद 62 और 63 के अनुसार अयोग्य ठहराया जाना चाहिए क्योंकि उनकी कानून की डिग्री फर्जी थी। एआरवाई न्यूज के मुताबिक, हालांकि खुर्शीद ने लंदन से कानूनी डिग्री के साथ स्नातक होने का दावा किया है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं की जा सकी है।

# दुबई में दिखा अद्भुत नजारा, देखते ही देखते हरा हो गया आसमान

**दुबई , एजेंसी।** पिछले कुछ दिनों से दुबई के मौसम में कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। जहां 75 वर्षों में सबसे भारी बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया जिसके बाद देश जैसे थम सा गया। भारी बारिश के बाद कई उड़ानें रद्द कर दी गईं और स्कूल बंद कर दिए गए। कई ऐसे फोटो और वीडियो सामने आए जिसमें पानी से लबालब भरी सड़कें देखने को मिली।

भारी बारिश और बाढ़ के बीच दुबई का एक और अनोखा नजारा देखने को मिला जहां पूरा आसमान हरे रंग में रंगा हुआ दिखा।

एक सोशल मीडिया एक्स यूजर ने 23 सेकंड का एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो का कैप्शन के साथ साझा किया जिसमें लिखा है, दुबई में आसमान हरा हो गया! आज दुबई में आए तूफान की यह वास्तविक फुटेज है।

पोस्ट को एक दिन पहले शेयर किया गया था।



तब से इसे 1.4 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। वीडियो को लगभग 700 लाइक्स मिल चुके हैं। लोगों ने इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए तरह-तरह के कमेंट पोस्ट किए। दुबई में आसमान का इस तरह हरा हो जाना कोई मामूली बात नहीं है। इसके पीछे वैज्ञानिक कारण होते हैं। इसको लेकर, पिछले साल फॉक्स न्यूज द्वारा प्रकाशित एक आर्टिकल के में बताया गया था कि यह तब होता है जब वायुमंडल द्वारा बिखरी हुई रोशनी बादलों में बर्फ की बूंदों को रोशन करती है।

# यूएनएससी में भारत को मिलेगी स्थायी सदस्यता?

**वाशिंगटन, , एजेंसी।** अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बुधवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) सहित संयुक्त राष्ट्र संस्थानों में सुधार के लिए समर्थन की पेशकश की है।

यूएनएससी में भारत की स्थायी सीट की कमी के बारे में टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के बयान के बारे में पूछे जाने पर वेदांत पटेल ने कहा, राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपनी टिप्पणी में पहले भी इस बारे में बात की है और सचिव ने भी इस ओर इशारा किया है। हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्था में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि इसे 21वीं सदी की दुनिया, जिसमें हम रह रहे हैं, को प्रतिबिंबित किया जा सके। वे कदम क्या हैं, इसके बारे में बताने के लिए मेरे पास कोई विशेष जानकारी नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से, हम इसे स्वीकार करते हैं। सुधार की आवश्यकता है। जनवरी में एलन मस्क ने भारत को यूएनएससी में स्थायी सीट न मिलने को बेतुका बताया था। उन्होंने कहा कि जिन देशों के पास जरूरत से ज्यादा ताकत है, वे उसे छोड़ना नहीं चाहते। एक्स पर एक पोस्ट में मस्क ने कहा, कुछ बिंदु पर, संयुक्त राष्ट्र निकायों में संशोधन की आवश्यकता है। समस्या यह है कि जिनके पास अधिक शक्ति है वे इसे छोड़ना नहीं चाहते। पृथ्वी पर सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद भारत को सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट न मिलना बेतुका है। अफ्रीका को सामूहिक रूप से आईएमओ की एक स्थायी सीट भी मिलनी चाहिए। भारत लंबे समय से विकासशील दुनिया के हितों का बेहतर प्रतिनिधित्व करने के लिए सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की मांग कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समर्थन से देश की खोज को गति मिली है।

# ब्राजील में शव को व्हीलचेयर पर लेकर बैंक पहुंची महिला

### 2.71 लाख का लोन साइन करवाना चाहती थी, पुलिस ने गिरफ्तार किया

**रियो डी जनेरियो , एजेंसी।** ब्राजील में एक महिला 68 साल के एक व्यक्ति का शव लेकर बैंक पहुंच गई। वो इस शव के जरिए 2.71 लाख का लोन लेना चाहती थी। एरिका डिसूजा न्यून्स नाम की महिला उस शव को अंकल कह रही थी। पुलिस ने एरिका को गिरफ्तार कर लिया है। घटना ब्राजील की राजधानी रियो डी जनेरियो की है।

दरअसल, मंगलवार (16 अप्रैल) को एरिका व्हीलचेयर पर एक बुजुर्ग को लेकर बैंक पहुंची। बुजुर्ग की हालत ठीक नहीं दिख रही थी, और उनका सिर लगातार कुर्सी पर पीछे की तरफ झुक जा रहा था। महिला बार-बार हाथ से सिर सीधा करने की कोशिश कर रही थी। इसके बाद एरिका ने बुजुर्ग के हाथ में पेन पकड़ाने की कोशिश की। वो बार-बार उनसे पेपर पर साइन करने के लिए कह रही थी।



सिक्योरिटी कैमरा में रिकॉर्ड हुए वीडियो के मुताबिक, एरिका कहती है, अंकल आप सुन रहे हैं। आपको पेपर पर साइन करने की जरूरत है। नहीं तो हमें लोन नहीं मिल पाएगा। मैं आपकी जगह साइन नहीं कर सकती। इस पर एरिका उन्हें बताती है कि उसके अंकल ऐसे ही रहते हैं। वो कुछ बोलते नहीं हैं। एरिका बुजुर्ग की तरफ देखकर कहती है, अगर आपकी तबियत ठीक नहीं है, तो आपको वापस अस्पताल जाना होगा। महिला की तमाम कोशिशों के बावजूद बैंक कर्मियों का शक दूर नहीं होता है। इसके बाद वे पुलिस को सूचना देते हैं।

मामले की जांच के बाद बुधवार को पुलिस ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर एरिका को गिरफ्तार कर लिया। शव को मुर्दाघर भेजा गया है। पुलिस चीफ फैबियो लुइज-सूजा ने ब्रिटिश अखबार द गार्जियन को बताया कि फोरेंसिक की रिपोर्ट के मुताबिक, बुजुर्ग की कई घंटों पहले ही मौत हो चुकी थी। एरिका यह बात पहले से जानती थी।

पुलिस के मुताबिक, एरिका शव को लेकर बैंक पहुंची, ताकि वहां अधिकारी बुजुर्ग की खराब हालत देकर जल्दी लोन अप्रूव कर दें। हालांकि, एरिका के वकील ने दावा किया है कि बुजुर्ग की मौत बैंक में ही हुई। एरिका को इसकी कोई खबर नहीं थी।

फिलहाल पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या सच में एरिका बुजुर्ग की भतीजी है या नहीं। इसके अलावा उनके परिवार के दूसरे लोगों से भी संपर्क करने की कोशिश की जा रही है।

# अगर मेरी पत्नी को कुछ हुआ तो छोड़ूंगा नहीं', जेल में बंद इमरान खान ने सेना प्रमुख असीम मुनीर को दी धमकी

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को पाकिस्तान की सेना पर गंभार आरोप लगाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर उनकी पत्नी बुशरा बीबी की कैद के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं।

इमरान की बेगम बुशरा (49) भ्रष्टाचार और 71 वर्षीय खान के साथ अवैध विवाह के मामले में भी दोषी ठहराया गया था। उन्हें फिलहाल इस्लामाबाद के बनी गाला स्थित उनके आवास पर डिटेंशन में रखा गया है।

**इमरान खान ने सेना प्रमुख पर लगाए आरोप:** खान के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर अपलोड की गई एक लंबी पोस्ट के अनुसार, पीटीआई नेता ने अदियाला जेल में पत्रकारों से बातचीत में सेना प्रमुख पर आरोप लगाए।

खान ने कहा, मेरी पत्नी को दी गई सजा में जनरल असीम मुनीर सीधे तौर पर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें दोषी ठहराने वाले न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें यह फैसला लेने के लिए मजबूर किया गया था।

**खान ने दी असीम मुनीर को धमकी:** खान ने धमकी देते हुए कहा, अगर मेरी पत्नी को कुछ हुआ तो मैं असीम मुनीर को नहीं छोड़ूंगा, जब तक मैं जिंदा हूं मैं असीम मुनीर को नहीं छोड़ूंगा। मैं उनके असंवैधानिक और गैरकानूनी कदमों का पर्दाफाश करूंगा।

खान ने कहा कि देश में जंगल का कानून है और सब कुछ जंगल के राजा द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, जंगल का राजा चाहे तो नवाज शरीफ के सारे मुकदमे माफ कर देता है और जब चाहे तो हमें पांच दिन में तीन मुकदमों में सजा दे देता है।

खान ने यह भी कहा कि अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कर्ज से नहीं बल्कि निवेश से स्थिर होगी।

उन्होंने कहा, जंगल के कानून से देश में निवेश नहीं होगा। यह अच्छी बात है कि सऊदी अरब आ रहा है लेकिन निवेश तब आएगा जब देश में कानून का शासन होगा।

**ऐसा सलूक गुलामों के साथ होता है- खान:** उन्होंने हाल ही में पंजाब के बहावलनगर इलाके में पुलिस और सेना के बीच कथित झड़प का भी जिक्र किया और कहा कि कानून का उल्लंघन कर पुलिस को पीटा गया, लेकिन आईजी (पुलिस महानिरीक्षक) और वायसराय, जिन्होंने हमारे लोगों पर अत्याचार किया, उनसे माफी मांगें जिन्होंने पुलिस के साथ मारपीट की थी। खान ने कहा कि वायसराय ने घटना के बाद कहा कि वे (पुलिस) हमारे भाई हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा सलूक गुलामों के साथ किया जाता है, भाइयों के साथ नहीं क्योंकि जिनके पास ताकत थी, उन्होंने पुलिस को पीटा और माफी मांगने के लिए भी मजबूर किया। उन्होंने यह भी कहा कि पीटीआई को उपचुनाव लड़ने से रोका जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, इस वक्त जुल्म के सामने खड़ा होना जिहाद है। हमारे कार्यकर्ताओं को एक-एक वोट की रक्षा करनी है। अभी तक सेना ने खान द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।





**संक्षिप्त समाचार**

## गुजरात के खिलाफ मैच के दौरान कुलदीप ने खोया आपा

### साथी खिलाड़ी पर चिल्लाए

**अहमदाबाद, एजेंसी।** इस मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने घातक प्रदर्शन किया और 89 रन के स्कोर पर गुजरात को ऑलआउट कर दिया। इसके जवाब में दिल्ली ने 67 गेंदों के शेष रहते हुए छह विकेट से लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए लो स्कोरिंग मैच में दिल्ली ने जीत दर्ज की। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से करारी शिकस्त देकर अंक तालिका में छठा स्थान हासिल कर लिया। वहीं, गुजरात की टीम सातवें स्थान पर



पहुंच गई है। मैच के दौरान हालांकि दिल्ली के चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव अपना आपा खो बैठे और साथी खिलाड़ी मुकेश कुमार पर चिल्लाते नजर आए। हालांकि टीम के कप्तान ऋषभ पंत इस दौरान कुलदीप को शांत कराते नजर आए। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**दिल्ली के गेंदबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन-** इस मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने घातक प्रदर्शन किया और 89 रन के स्कोर पर गुजरात को ऑलआउट कर दिया। इसके जवाब में दिल्ली ने 67 गेंदों के शेष रहते हुए छह विकेट से लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात के बल्लेबाज दिल्ली के खिलाफ संघर्ष करते नजर आए और नंबर आठ पर उतरे राशिद खान के अलावा कोई भी बल्लेबाज 15 रन का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। दिल्ली के लिए मुकेश कुमार ने तीन विकेट चटकाए। वहीं, ईशांत शर्मा और ट्रिस्टन स्टब्स ने दो-दो विकेट लिए, जबकि खलील अहमद और अक्षर पटेल को एक-एक विकेट मिला।

**थ्रो फेंकने पर मुकेश से नाराज हुए कुलदीप**
मैच के एक दौरान जब कुलदीप गेंदबाजी कर रहे थे तब उनके ओवर में मुकेश ने उनकी तरफ थ्रो फेंका, जिस पर कुलदीप गुस्सा हुए और कहने लगे, पागल वागल है क्या।

## टी20 विश्व कप में ऋषभ पंत को भारत का विकेटकीपर-बल्लेबाज होना चाहिए: ब्रॉड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2024 टी20 विश्व कप टीम के लिए टीमों का ऐलान होने की आखिरी तारीख से पहले इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के दौरान अच्छा प्रदर्शन कर रहे कई युवा और सीनियर भारतीय खिलाड़ियों के नाम चर्चा का विषय बने हुए हैं. उनमें से एक है विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं. दिसंबर 2022 में एक



घातक कार दुर्घटना के बाद 14 महीने तक क्रिकेट से दूर रहने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ने इस साल आईपीएल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की. पंत ने डीसी के पहले छह मैचों में 157.72 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 194 रन बनाए जिसमें दो अर्धशतक बनाए हैं. पंत के प्रदर्शन को देखते हुए इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि जब टीम जून में टी20 विश्व कप में वापसी करेगी तो पंत को भारत का विकेटकीपर-बल्लेबाज होना चाहिए. ब्रॉड ने कहा कि सीजन शुरू होने पर उन्हें पंत की फिटनेस पर संदेह था, लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाज के एक स्पेशल शॉट को देखने के बाद ये खत्म हो गया. ब्रॉड ने बताया, भारतीय टीम के चयन को लेकर थोड़ा विवाद है. उस टीम में आपके कुछ खिलाड़ी लंबित हैं. शायद ऋषभ पंत ही वो शख्स हैं जिनके बारे में काफी चर्चा हो रही है.

### चामरी अट्टापट्टू ने बेहतरीन पारी खेल श्रीलंका को दिलाई ऐतिहासिक जीत

# टूटे कई रिकॉर्ड



**पोचेफस्ट्रूम, एजेंसी।** श्रीलंका की महिला टीम की कप्तान चामरी अट्टापट्टू ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए तीसरे वनडे मुकाबले में 195 रनों की रिकॉर्ड पारी खेल टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। चामरी की इस रिकॉर्ड पारी की मदद से श्रीलंका ने महिला वनडे इतिहास का सबसे सफल रन रेज किया। चामरी की पारी के दम पर श्रीलंका ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर की।

**महिला वनडे में 300 से ज्यादा का लक्ष्य चेज करने वाली पहली टीम बनी श्रीलंका-** श्रीलंका की टीम महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में 300 से अधिक रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल करने वाली पहली टीम बन गई है। उसने इस दौरान ऑस्ट्रेलिया का 12 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा जिसने 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 289 रनों का लक्ष्य प्राप्त किया था। इससे पहले महिला वनडे क्रिकेट में सबसे सफल लक्ष्य प्राप्त का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम ही था।

### वोलवार्ट की पारी से दक्षिण अफ्रीका ने दिया था मजबूत लक्ष्य

इससे पहले, श्रीलंका की कप्तान चामरी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोलवार्ट ने 147 गेंदों पर 23 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 184 रनों की पारी खेली। महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में यह किसी खिलाड़ी का पांचवां निजी सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। दक्षिण अफ्रीका ने वोलवार्ट की पारी के दम पर 50 ओवर में पांच विकेट पर 301 रन बनाए। हालांकि, चामरी की पारी वोलवार्ट पर भारी पड़ गई। चामरी ने 139 गेंदों की अपनी पारी में 26 चौके और पांच छक्के जड़े और उनकी कप्तानी पारी के दम पर ही श्रीलंका ने 44.3 ओवर में ही चार विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

### चेज करते हुए दूसरा सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर

श्रीलंका कप्तान चामरी के नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। वह पुरुष और महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में चेज करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2011 में 185* रनों की पारी खेली थी। उनसे आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल हैं जिन्होंने पिछले साल वनडे विश्व कप के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ चेज करते हुए नाबाद 201 रन बनाए थे। चामरी महिला क्रिकेट में लक्ष्य का पीछा करते हुए सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं, उन्होंने इस मामले में मेग लैनिंग को पीछा छोड़ा जिन्होंने नाबाद 152 रन बनाए थे।

### पहली बार दोनों कप्तानों के बल्ले से निकले 175+ रन

यह पहला मौका है जब वनडे क्रिकेट में एक ही मैच में दोनों टीमों के कप्तानों के बल्ले से 175 से ज्यादा रन निकले हैं। इस मैच में वोलवार्ट ने नाबाद 184 रन और अट्टापट्टू ने नाबाद 195 रनों की पारी खेली। दोनों खिलाड़ियों ने मिलाकर कुल 379 रन बनाए जो वनडे क्रिकेट में कप्तानों द्वारा सर्वाधिक कुल स्कोर है। इस मामले में चामरी और वोलवार्ट ने विराट कोहली और एंजेलो मैथ्यूज को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2014 में मिलकर 278 रन बनाए थे। उस मैच में विराट कोहली ने नाबाद 139 रन बनाए थे, जबकि मैथ्यूज के बल्ले से भी इतने ही रन निकले थे।

**एक से अधिक बार 175+ रन बनाने वाली खिलाड़ी बनीं-** चामरी ऐसी पहली खिलाड़ी हैं जिन्होंने महिला वनडे क्रिकेट में एक से अधिक बार 175 से ज्यादा स्कोर बनाया है।



# धोनी अगले साल का आईपीएल भी खेल सकते हैं

### कमेंटरी के दौरान एंकर के सवाल पर रैना ने किया दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुरेश रैना धोनी के साथ टीम इंडिया और आईपीएल में चेन्नई के लिए खेल चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी अगले आईपीएल में भी खेल सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने जियो सिनेमा के एक कार्यक्रम में यह दावा किया है। 14 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ धोनी ने वानखेड़े स्टेडियम तीन छक्के लगाए थे। इस मैच के बाद हुए डिस्कशन प्रोग्राम में एंकर ने धोनी के आगे खेलने पर सवाल किया था। एंकर ने सबसे पहले सवाल कार्यक्रम में मौजूद पूर्व फास्ट बॉलर आरपी सिंह से यह सवाल किया था। इस पर सिंह ने कहा- इसका बेहतर जवाब रैना दे पाएंगे। धोनी और रैना आईपीएल में भी चेन्नई के लिए एक साथ खेल चुके हैं।

**धोनी की रिटायरमेंट को लेकर 2023 से अटकलें-** धोनी 42 साल के हो गए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से साल 2020 में 15 अगस्त को संन्यास ले चुके हैं। उनके रिटायरमेंट की अटकलें 2023 से ही लगाई जा रही है। ऐसा माना जा रहा था कि साल 2023 धोनी का आखिरी साल होगा, पर उन्होंने उन्होंने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान टॉस के बाद कमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने धोनी से सवाल किया कि आप अपने आखिरी सीजन का आनंद ले रहे हैं? धोनी ने इसका जवाब देते हुए कहा, कि आपने फैसला किया है कि यह मेरा आखिरी आईपीएल है। इसके बाद धोनी हंसने लगे। मॉरिसन ने कहा कि धोनी अगले साल भी खेलते नजर आएंगे।

### धोनी ने मुंबई के खिलाफ आखिरी चार गेंदों पर बनाए थे 20 रन

वहीं महेंद्र सिंह धोनी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुंबई में खेले गए मैच में आखिरी चार गेंदों पर 20 रन बनाए थे। उन्होंने लगातार तीन गेंदों छक्के जड़े और एक गेंद पर 2 रन लिए। वहीं उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में भी धोनी ने 16 गेंदों में 37 रन बनाए, जिसमें चार चौके और 3 छक्के शामिल हैं। वहीं इस सीजन में चार मैचों में उन्हें निचले क्रम में बैटिंग का मौका मिला और उन्होंने 59 रन बनाए।

## सिर्फ 53 गेंदों में हार के बाद तिलमिला गए शुभमन गिल, गुजरात टाइटंस के कप्तान ने किसे बताया विलेन



**अहमदाबाद, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के 32वें मैच में ईशांत शर्मा और मुकेश कुमार की कातिलाना गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस को महज 89 रन पर समेटने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने 8.5 ओवर में चार विकेट पर 92 रन बनाकर जबरदस्त जीत दर्ज की। गुजरात की पारी में विकेट के पीछे दो कैच और दो स्टंपिग करने के अलावा दिल्ली के रन चेज में 16 नाबाद रन बनाने वाले ऋषभ पंत को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। उनके अलावा दिल्ली की ओर से जैक-फ्रेजर मैकगर्क ने 20, शाई होप ने 19 और अभिषेक पोरेल ने 15 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। ओपनर पृथ्वी शॉ सात रन बनाकर जल्दी आउट हो गये। सुमित कुमार (9) ने पंत के साथ पांचवें विकेट के लिए नाबाद 25 रनों की साझेदारी की।

**शर्मनाक हार से गुजरात टाइटंस को नुकसान, दिल्ली की पॉइंट्स टेबल में दहाड़-** इस जीत से साथ ही दिल्ली पॉइंट्स टेबल में गुजरात से ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गई है। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के सबसे कम स्कोर पर अपनी टीम के आउट होने के बाद अपनी निराशा को छिपाने का कोई प्रयास नहीं किया। गुजरात टाइटंस की टीम 17.3 ओवर में 89 रन पर आउट हो गई। यह टूर्नामेंट में गुजरात टाइटंस का सबसे कम स्कोर भी था। उनके जख्मों पर नमक छिड़कते हुए डीसी ने छह विकेट खोकर केवल 8.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

## सूर्यकुमार यादव की नंबर 1 की कुर्सी पर खतरा

### पाकिस्तानी बल्लेबाज मार सकते हैं बाजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव इन दिनों अपनी चोट से उबरकर मुंबई इंडियंस के लिए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच खेल रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 5 टी20 मैचों की सीरीज का आगाज भी हो रहा है। सीरीज का पहला मैच आज शाम को रावलपिंडी में खेला जाना है। सूर्यकुमार यादव इस वक्त आईसीसी की टी20 रैंकिंग में नंबर एक बल्ले?बाज हैं। लेकिन अब उन्हें कड़ी चुनौती मिल सकती है। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की ओर से।



**सूर्यकुमार यादव की आईसीसी टी20 रैंकिंग में 861 की रेटिंग -** आईसीसी की टी20 रैंकिंग में सूर्यकुमार यादव 861 की रेटिंग के साथ इस वक्त नंबर वन पर हैं। हालांकि पिछले साल वे 910 की रेटिंग तक पहुंचे थे, लेकिन कुछ वक्त से वे इंटरनेशलन क्रिकेट से दूर हैं। वहीं दूसरे नंबपर इंग्लैंड के फिल साल्ट हैं। जिनकी रेटिंग 802 की है। वहीं तीसरे और चौथे नंबर पर पाकिस्तानी बल्लेबाजों का कब्जा है।

## कॉन्वे की जगह सीएसके में शामिल हुआ यह तेज गेंदबाज

### इंग्लैंड के लिए 34 साल की उम्र में किया था डेब्यू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए खेलते हुए फरवरी में कॉन्वे का अंगूठा चोटिल हो गया था जिसके बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। चेन्नई को उम्मीद थी कि उन्हें मई तक कॉन्वे की सेवाएं मिल जाएंगी, लेकिन कॉन्वे पूरी तरह चोट से नहीं उबर सके और उन्हें आईपीएल के पूरे सीजन से बाहर होना पड़ा।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के सलामी बल्लेबाज डेवॉन कॉन्वे आईपीएल 2024 के पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। पांच बार की चैंपियन चेन्नई ने न्यूजीलैंड के इस विस्फोटक बल्लेबाज की जगह इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन को शामिल किया है। ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली टीम का प्रदर्शन आईपीएल के मौजूदा सीजन में अच्छा रहा है और टीम ने छह में से चार मुकाबले जीते हैं और वह फिलहाल अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है।

**कॉन्वे को अंगूठे में लगी थी चोट**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए खेलते हुए फरवरी में कॉन्वे का अंगूठा चोटिल हो



गया था जिसके बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। चेन्नई को उम्मीद थी कि उन्हें मई तक कॉन्वे की सेवाएं मिल जाएंगी, लेकिन कॉन्वे पूरी तरह चोट से नहीं उबर सके और उन्हें आईपीएल के पूरे सीजन से बाहर होना पड़ा।

कॉन्वे ने पिछले सीजन सीएसके को पांचवीं बार आईपीएल का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 2023 सीजन में 672 रन बनाए थे। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ फाइनल मुकाबले में 47 रनों की पारी खेली थी और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया था।

**सीएसके की गेंदबाजी को मजबूती देंगे ग्लीसन**

कॉन्वे की जगह सीएसके में शामिल हुए ग्लीन टीम की गेंदबाजी विभाग को मजबूती देंगे। सीएसके के लिए ग्लीन का शामिल होना राहत भरी खबर है क्योंकि टीम के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने एक मई तक ही आईपीएल में खेलने की अनुमति दी है। मुस्तफिजुर इस साल सीएसके के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

**ग्लीसन ने 2022 में किया था डेब्यू**

ग्लीन ने 2022 में 34 साल की उम्र में इंग्लैंड के लिए डेब्यू किया था। उन्होंने एजबेस्टन में खेले गए टी20 मैच में अपनी पहली आठ गेंदों पर विराट कोहली, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत का विकेट चटकाया था।

### ब्रेंडन मैक्कुलम बने थे शतकवीर, बेंगलुरु टीम को बनाया फिसड्डी

# 16 साल का हुआ आईपीएल...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट जगत के लिए 18 अप्रैल का दिन बेहद खास है. इसी दिन फैन्स को इंडियन प्रीमियर लीग जैसा एक शानदार टूर्नामेंट मिला. आईपीएल का आगाज 2008 में हुआ था. यह पहला सीजन शेन वॉर्न की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स ने जीता था. (18 अप्रैल) 16 साल का हो गया है. लीग के इतिहास का पहला मैच 2008 में आज ही के दिन बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया था. यह मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच हुआ था.

### कोलकाता ने आरसीबी को 140 रनों से हराया

उस सीजन में कोलकाता टीम की कप्तानी सौरव गांगुली के हाथों में थी. जबकि आरसीबी की कमान राहुल द्रविड़ संभाल रहे थे. इस पहले ही मुकाबले में आरसीबी टीम फिसड्डी सी नजर आई थी. केकेआर ने इस मैच में 3 विकेट पर 222 रन बनाए थे. जबकि आरसीबी को 15.1 ओवर में 82 रनों पर ही ढेर कर दिया था. इस तरह केकेआर ने यह मैच 140 रनों से जीता था. पहले ही मैच में केकेआर के ओपनर ब्रेंडन मैक्कुलम ने महज 73 गेंदों में नाबाद 158 रनों की धुआंधार पारी खेली थी. न्यूजीलैंड के धुरंधर मैक्कुलम के बल्ले से 13 छक्के और 10 चौके निकले थे और वह आईपीएल के पहले प्लेयर ऑफ द मैच रहे.



### आईपीएल में सफलता के साथ-साथ विवाद भी...

हर खेल इस आईपीएल के मॉडल को अपनाने की कोशिश में लग गया. 2008 से 2010 तक पहले तीन सीजन तक ललित मोदी आईपीएल के चेयरमैन और कमिश्नर रहे. आईपीएल 2010 फाइनल के बाद उन्हें बीसीसीआई से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया. ललित मोदी पर पैसे की हेराफेरी सहित कई आरोप लगे थे. आईपीएल के मुकाबले तो हिट होते चले गए, लेकिन दूसरी तरफ कई विवादों में भी यह लीग घिरी रही. सबसे बड़ा विवाद 2013 में सामने आया, जब राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों पर स्पॉट फिक्सिंग का आरोप लगाया गया था।

### आईपीएल जीतने वाली टीमों की लिस्ट

- 1. 2008- राजस्थान रॉयल्स
- 2. 2009- डेक्कन चार्जर्स
- 3. 2010- चेन्नई सुपर किंग्स
- 4. 2011- चेन्नई सुपर किंग्स
- 5. 2012- कोलकाता नाइट राइडर्स
- 6. 2013- मुंबई इंडियंस
- 7. 2014- कोलकाता नाइट राइडर्स
- 8. 2015- मुंबई इंडियंस
- 9. 2016- सनराइजर्स हैदराबाद
- 10. 2017- मुंबई इंडियंस
- 11. 2018- चेन्नई सुपर किंग्स
- 12. 2019- मुंबई इंडियंस
- 13. 2020- मुंबई इंडियंस
- 14. 2021- चेन्नई सुपर किंग्स
- 15. 2022- गुजरात टाइटन्स
- 16. 2023- चेन्नई सुपर किंग्स